सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 09 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 65, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**सोने में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सोने की कीमतों में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। } 14


**महिलाएं सशक्त, दूसरों से कमतर नहीं**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित कियास। उन्होंने कहा हम किसी से कमतर नहीं हैं। } 14



# भारत बना विश्व चैंपियन, देश में मना जश्न

## न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार जीती आईसीसी ट्रॉफी, संजू सैमसन बने प्लेयर ऑफ द सीरीज



लखनऊ। भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर तीसरी बार टी20 विश्व कप जीता। इस जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी, उन्होंने अपने हैंडल से पोस्ट किया, 'आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई! यह शानदार जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रतीक है।





फोटो : समीर भटनागर

अहमदाबाद। सूर्यकुमार यादव की टीम ने भारतीय क्रिकेट का एक और स्वर्णिम अध्याय लिखते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप दिलाया जिसमें संजू सैमसन की भूमिका अहम रही तो जसप्रीत बुमराह के योगदान को भी याद रखा जायेगा।

भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरूष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनी। इसके साथ ही तीन साल पहले इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हारने वाली रोहित शर्मा की टीम के पुराने जख्मों पर भी मरहम लग गया होगा। संजू सैमसन ने 46 गेंद में 89 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को पावरप्ले में ही 98 रन तक पहुंचाते हुए जीत की नींव रख दी थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 255 रन बनाये। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर को कोल मैकोंची की जगह जैकब डफी को अंतिम एकादश में उतारने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

करीब 86000 दर्शकों के सामने न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर आउट हो गई। मुंबई के चैंबूर में रहने वाले सूर्यकुमार ने अपना नाम महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद टी20 विश्व कप जीतने वाले कप्तानों में शामिल कर लिया। वहीं लगातार दो टी20 विश्व कप जिताने वाले कोच गौतम गंभीर के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट चटकाते हुए साबित कर दिया कि वह दुनिया के नंबर एक तेज गेंदबाज क्यो है। उनका इस विश्व कप में प्रदर्शन क्रिकेट की किवदंतियों में शुमार रहेगा। (विस्तृत खेल पृष्ठ पर)



लखनऊ। टी20 विश्वकप में भारत की जीत का जश्न पूरे देश में दीवाली की तरह मनाया जा रहा है। इस बीच उत्तर प्रदेश में से जश्न की तस्वीरें सामने आई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भारतीय टीम की इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई दी। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जयतु भारतम! आज फिर आसमान 'तिरंगा' हो गया, 145 करोड़ भारत वासियों को हार्दिक बधाई! विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का हृदयतल से अभिनंदन।

## आधी आबादी को नजरंदाज कर आत्मनिर्भर नहीं बन सकता भारत

❍ मिशन शक्ति का अग्रला चरण नवरात्रि में ❍ बेटियों के लिए जल्द लॉन्च होगी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए परिवर्तन के पांच मुख्य कारण हैं। सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के पांच टी (ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन) विजन को ध्यान में रखकर काम किया। जब ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी व ट्रस्ट मिलते हैं तो ट्रांसफॉर्मेशन होता है। हमने भारत की परंपरा और विरासत का सम्मान किया, इससे विकास अपना रास्ता तय कर लेता है। हम इसे टेक्नोलॉजी से जोड़कर और आसान करते हैं। ट्रांसपेरेंसी से ही आमजन में विश्वास की भावना पैदा होती है और यही विश्वास परिवर्तन का कारण बनता है। यूपी इसी 5-टी का मॉडल बना है। सीएम ने घोषणा की कि मिशन शक्ति का अगला चरण नवरात्रि में प्रारंभ होगा। बेटी के लिए बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लॉन्च करने वाले हैं। इसके पहले चरण में स्नातक व परा-स्नातक के फाइनल ईयर की मेधावी बेटियों को लाभान्वित करेंगे। दूसरे चरण में धीरे-धीरे अन्य को भी इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार ...शेष पृष्ठ 14 पर



### 3 लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयुष्मान कार्ड का तोहफा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति की सुरक्षा और सम्मान के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयुष्मान कार्ड का उपहार दिया। उन्होंने पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मंच पर आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। प्रदेश में अब तक कुल 3 लाख 684 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं सहित उनके परिवारजनों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है। सीएम ने कहा स्मार्ट फोन से वे हर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जबरन वसूली मामले में लॉरेंस बिश्नोई समेत तीन आरोपमुक्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित तौर पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और दो अन्य को आरोपमुक्त कर दिया है।

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध को साबित करने के लिए सबूत पेश करने में विफल रहा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नूपुर गुप्ता ने रमन दीप सिंह की शिकायत पर सनलाइट कॉलोनी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 387 (जबरन वसूली के प्रयास में किसी व्यक्ति को मौत या गंभीर चोट का भय दिखाना) के तहत दर्ज एक मामले में लॉरेंस बिश्नोई, हरेन सरपदाड़िया और आशीष शर्मा को आरोपमुक्त कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 23 और 24 अप्रैल 2023 की मध्यरात्रि के बीच उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आने लगे, जिनमें उसे जान से मारने धमकी दी गई और उससे एक करोड़ रुपये की मांग की गई।

जांच के बाद, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 386 (किसी व्यक्ति को जान से मारने या गंभीर चोट पहुंचाने की धमकी देकर जबरन वसूली करना) और धारा 387 के साथ धारा 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप पत्र दाखिल किया। हालांकि, अदालत ने कहा कि आईपीसी की ...शेष पृष्ठ 14 पर

**संक्षेप**

### एसएसबी कर्मी के पति ने दो बच्चों की हत्या कर दी जान

महराजगंज। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एक महिला कर्मी के पति ने रविवार को महराजगंज जिले में किराए के मकान में अपने दो नाबालिग बच्चों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह गांधीनगर इलाके में दोमुहान घाट पर एसएसबी की 66वीं बटालियन में तैनात महिला कांस्टेबल के पति अमरेश कुमार (45) ने कथित तौर पर अपनी चार साल की बेटी कंचन और तीन साल के बेटे अमरेंद्र कुमार की हत्या कर दी और फिर कमरे में पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

### आशुतोष ब्रह्मचारी पर ट्रेन में हमला

प्रयागराज/रायबरेली। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बटुकों से यौन शोषण के आरोप में मुकदमा दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर रविवार की सुबह सिराथू स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर हमला कर दिया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि घटना मनगढ़ंत प्रतीत होती है। प्रयागराज में राजकीय रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आशुतोष महाराज का आरोप है कि वह रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रयागराज आ रहे थे, सुबह जब ट्रेन सिराथू स्टेशन के पास पहुंची तो वह ट्रेन के शौचालय गए तभी एक व्यक्ति ने उस्तरे से उन पर हमला कर दिया।

## मातृशक्ति के अदम्य साहस से राज्य आगे बढा

### नारी तू नारायणी कार्यक्रम में सीएम धामी ने 38 महिलाओं को किया सम्मानित

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की मातृशक्ति का योगदान प्रेरणादायी और गौरवपूर्ण है। हमारे प्रदेश की महिलाएं परिवार को संभालने के साथ खेत-खलिहानों को संवारती हैं। राज्य की महिलाएं कठिन परिस्थिति में भी मजबूती से आगे बढ़ती हैं। उत्तराखंड की माताओं ने अपने त्याग, परिश्रम और अदम्य साहस से इस राज्य को आगे बढ़ाया है। पहाड़ की असली ताकत उसकी मातृशक्ति है। उक्त विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन, देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ मातृशक्ति का सम्मान नारी तू नारायणी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने शिक्षा, समाज सेवा, उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, संस्कृति, जल संरक्षण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली राज्यभर से 38 वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज ...शेष पृष्ठ 14 पर




## दिल्ली में अब तेज हुई विकास की गति : मोदी

### पीएम ने दो नये मेट्रो कॉरिडोर समेत 33,500 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का किया उद्घाटन

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में एक साल पहले भाजपा सरकार के गठन के बाद से दिल्ली में चौतरफा विकास की गति तेज हुई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी सरकार (आप) के शासनकाल में बहानेबाजी के कारण काम रुका रहा और परियोजनाएं फाइलों में ही दम तोड़ती रहीं।

दो नये मेट्रो कॉरिडोर समेत 33,500 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शुरुआत करने के बाद बुराड़ी मैदान में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दिल्ली न केवल देश की राजधानी है, बल्कि भारत की पहचान और उसकी ऊर्जा का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब दिल्ली की अक्षम परिवहन व्यवस्था के लिए अक्सर आलोचना की जाती थी। उन्होंने कहा, शहर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक आने-जाने में घंटों लग जाते थे और महिलाओं को अक्सर बस या ऑटो-रिक्शा पकड़ने की उम्मीद में लंबे समय तक बस स्टॉप पर इंतजार करना पड़ता था। हालांकि, दिल्ली में स्थिति तेजी से बदल रही है। मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले, शहर को नमो भारत ट्रेन के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जोड़ा गया था, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच यात्रा ...शेष पृष्ठ 14 पर




**रमजान मुबारक**



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:18 | 5:02 | 6:14 | 5:14 |

**भीतर पढ़ें**

❍ प्रोजेक्ट गंगा से तेज और सुलभ होगा इंटरनेट (पृष्ठ-02)
❍ 22 स्टॉलों पर नवाचार, विज्ञान व नेतृत्व की झलक (पृष्ठ-02)
❍ मेरे परिवार में महिलाएं ही प्रमुख रहीं : राहुल (पृष्ठ-14)
❍ कच्चे तेल के वैकल्पिक स्रोत की ओर भारत (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** लेबनान में इजरायली हमलों में 394 मौतें, ईरान के तेल भंडारणों को भी बनाया निशाना

# ईरान ने यूएई पर दागीं 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 ड्रोन

एजेंसी

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का कहना है कि ईरान ने रविवार को ताजा हमलों में 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 से अधिक ड्रोन दागे हैं। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सभी 16 मिसाइलों को मार गिराया, जबकि 17वीं मिसाइल समुद्र में गिर गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागे गए अधिकांश ड्रोन को आसमान में ही नष्ट कर दिया, लेकिन चार ड्रोन संयुक्त अरब अमीरात की धरती पर गिरे। मंत्रालय ने कहा कि वह इन हमलों का दृढ़तापूर्वक सामना करने के लिए तैयार है। इससे पहले, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने इजराइल और अमेरिका द्वारा जारी हमलों के मद्देनजर रविवार को पूरे क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर हमले बढ़ाने की धमकी दी थी।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि इस बड़े पैमाने पर हुए हमले ने संघर्ष के एक खतरनाक नए चरण को चिह्नित किया है और यह एक युद्ध अपराध है। बगाई ने एक्स पर लिखा, ईंधन डिपो को निशाना बनाकर हमलावर खतरनाक पदार्थ और विषैले तत्व हवा में फैला रहे हैं - जिससे आम नागरिक जहर का शिकार हो रहे हैं, पर्यावरण तबाह हो रहा है और बड़े पैमाने पर लोगों की जान खतरे में पड़ रही है। इस्त्राइली सेना का कहना है कि दक्षिणी लेबनान में उसके दो सैनिक शहीद हो गए हैं। पिछले सप्ताह ...शेष पृष्ठ 14 पर



### बहरीन में जल संयंत्र पर ईरान ने किया ड्रोन अटैक

दुबई। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के नौवें दिन इजराइल ने रविवार तड़के दक्षिणी लेबनान पर हमले तेज कर दिए और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध के अगले चरण में कई आश्चर्यजनक कदम उठाए जाने की चेतावनी दी। बहरीन ने रविवार को कहा कि ईरान के ड्रोन हमले से उसके एक विलवणीकरण (खारे पानी को पीने योज्ञ बनाना) संयंत्र को नुकसान ...शेष पृष्ठ 14 पर



# सीएम ने बच्ची को गोद में लिया, तो मंच से गूंजा बेटियां अब सुरक्षित हाथों में हैं

## जब सीएम ने कहा, इमरती के साथ अब खाऊंगा जौनपुर की नमकीन..., बच्चियों से योगी ने खूब बात की, जाति धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर दिया गया सभी को समान अवसर



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नारी, तुम केवल श्रद्धा हो... सुप्रसिद्ध कवि जयशंकर प्रसाद की इन प्रेरणादायक पंक्तियों को चरितार्थ करता नजारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रविवार को देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यस्तरीय महिला सम्मान समारोह तथा 'पिंक रोजगार महाकुंभ-2026' के आयोजन में सीएम योगी का संवेदनशील और आत्मीय रूप सामने आया, जिसने पूरे प्रदेश में महिला सशक्तीकरण का एक नया और सकारात्मक माहौल बनाया है।

कार्यक्रम में जाति, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर सभी को समान अवसर देने की योगी सरकार की नीति स्पष्ट नजर आई। प्रदेश के कोने-कोने से आई बेटियां अपनी सफलता का पुरस्कार सीएम योगी के हाथों पाकर भावुक और उत्साहित नजर आईं। समारोह का सबसे दिल छू लेने वाला पल तब आया जब जौनपुर से 'ड्रोन दीदी' दुर्गा मौर्या सीएम से बात करने के लिए खड़ी हुईं। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें आदरपूर्वक कुर्सी पर बैठने का आग्रह किया और उन्हें बैठाकर ही उनकी पूरी बात सुनी। सीएम ने दुर्गा से बड़ी आत्मीयता से पूछा, एक सीजन में कितनी कमाई हो जाती है आपकी? दुर्गा ने गर्व से बताया कि सरकार के सहयोग से एक सीजन में 50 से 60 हजार रुपये की कमाई आसानी से हो जाती है और अब तो उन्होंने नमकीन की फैक्ट्री भी लगा ली है। इस पर सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, हम तो अब तक जानते थे कि जौनपुर में सिर्फ इमरती फेमस है, लेकिन आज आपने बताया कि अब आपकी नमकीन भी आ गई है। मैं जब भी जौनपुर आऊंगा तो इमरती के साथ आपकी नमकीन जरूर खाऊंगा। मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना की नन्ही लाभार्थी शानवी गुप्ता को दुलारा।

सीएम ने शानवी को सफेद टेडी बियर देते हुए कहा, ये सफेद टेडी बियर तुम्हारे लिए लाया हूं। जैसे ही मुख्यमंत्री ने बच्ची को प्यार से अपनी गोद में उठाया, पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा और हर तरफ एक ही आवाज थी, बेटियां सुरक्षित हाथों में हैं।

सीएम योगी ने वहां मौजूद प्रत्येक बच्ची से व्यक्तिगत बात की और विशेष स्नेह जताया। उन्होंने बच्चियों से पूछा, इस पैसे से क्या करोगी? कपड़े खरीदोगी? एक बच्ची की मां से सीएम ने बड़े ही भाव से पूछा, बच्ची सो रही है क्या? कार्यक्रम में जब 9वीं कक्षा की छात्रा सायरा बानो को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया, तो वहां मौजूद महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि यह हम सबके लिए परम सौभाग्य की बात है कि हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। इसी तरह मेधावी छात्रा दुर्गा यादव का भी सीएम योगी ने उत्साहवर्धन किया। सीएम ने दुर्गा से पूछा, आपने क्या किया है? दुर्गा ने बताया कि उन्होंने बीसीए किया है। जिसके बाद सीएम ने उनकी आगे की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

**योगी ने दिए आमदनी बढ़ाने के टिप्स :** समारोह में महिला लाभार्थियों के साथ सीएम का सीधा संवाद बेहद प्रेरक रहा। फूलों की खेती करने वाली चंदौली की सोनी से सीएम ने पूछा कि वह कितने का फूल बेच लेती हैं? सोनी ने 17 हजार रुपये की कमाई की बात बताई। इस पर सीएम ने कहा कि सूखे फूलों से अगरबत्ती और इत्र बनाने का काम करके वे अपनी आमदनी और बढ़ा सकती हैं। इस पर सोनी ने बताया कि हमने ट्रेनिंग ली है। ड्रोन दीदी की कमाई प्रतिदिन 3000 रुपये तक हो रही है।

**महिला होकर ई-रिक्शा चलाती हैं, डर नहीं लगता :** वाराणसी की सीता देवी से सीएम को बताया कि उनकी आमदनी 20 हजार रुपये है और उनके सहयोग से 250 अन्य महिलाओं ने ई-रिक्शा चलाना सीखा है। सीएम योगी ने हैरानी और प्रशंसा के भाव से पूछा, महिला होकर ई-रिक्शा चलाती हैं, डर नहीं लगता, पहले घर-परिवार नाराज रहता होगा? सीता के जवाब से पहले ही सीएम ने मुस्कुराते हुए कहा, अब जब पैसा आता है तो घर-परिवार जरूर खुश रहता होगा। इस पर सीता ने कहा कि मुझे कोई डर नहीं लगता। अब जब पैसे आ रहे हैं तो घर परिवार के साथ पड़ोसी भी खुश रहते हैं। गाजीपुर की प्रमिला जब बोलने के लिए खड़ी हुईं, तो सीएम ने उन्हें भी आदरपूर्वक बैठकर बोलने को कहा। प्रमिला ने बताया कि उन्हें विधवा पेंशन और कन्या सुमंगला समेत 5 सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला चाहे तो अपने दम पर आत्मनिर्भर बन सकती है।

### शोहदों का टिकट काटने के लिए चौराहे पर यमदूत बैठे हैं

महिला सुरक्षा पर सीएम योगी ने बेहद कड़े शब्दों में हुंकार भरी। उन्होंने कहा, आज दो बातें गौरव की अनुभूति कराती हैं। एक तो यूपी की हर बेटी अब खुद को सुरक्षित महसूस करती है। बेटी स्कूल जा रही है, मन में कोई डर नहीं है। इसकी पूरी जिम्मेदारी अब सरकार पर है। सीएम ने कहा, दूसरी बात यह कि अगर कोई शोहदा दुस्साहस करता है, तो अगले चौराहे पर उसका टिकट काटने के लिए यमराज के दूत बैठे हैं। इतना सुनते ही पूरा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में एक लघु फिल्म के जरिए दिखाया गया कि कैसे पिछले 9 वर्षों में बेटियां अपने सपनों को साकार कर रही हैं। महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा, यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री महिलाओं की हमेशा चिंता करते हैं। आज बेटियां घर संभालने के साथ ही देश-प्रदेश के विकास में योगदान दे रही हैं। राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कविता के माध्यम से नारी शक्ति को नमन किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वयं बोल रही हैं कि योगी जी की सरकार में अब हम सुरक्षित महसूस करते हैं। आज महिलाएं सशक्त हैं। हमारी बेटियां हर जगह सुरक्षित हैं। संवेदनशील मुख्यमंत्री को धन्यवाद।

## महिला उद्यमी, पुलिसकर्मी और मुख्य सेविकाएं बोलीं- योगी हैं यूपी की शान



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पिंक रोजगार महाकुंभ और राज्यस्तरीय महिला सम्मान समारोह में नारी सम्मान, सशक्तीकरण और रोजगार का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने मुक्त कंठ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी यूपी की शान हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित हुईं इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की आनंदी अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। वर्ष 2017 के बाद से मुख्यमंत्री ने जिस तरह महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी प्रदेश सरकार मातृशक्ति की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रहेगी। पुलिस निरीक्षक नीलम राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महिला कल्याण और सुरक्षा के क्षेत्र में ऐसी मिसाल कायम की है, जो पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। आज प्रदेश की महिलाएं अधिक सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रही हैं। मुख्य आरक्षी वेदवती ने मुख्यमंत्री को बहन-बेटियों का रक्षक बताते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम अत्यंत सराहनीय हैं। मुख्य आरक्षी शिमला सिंह ने कहा कि योगी सरकार में महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं और उन्हें समाज में सम्मान भी मिल रहा है। कार्यक्रम में सीएम योगी ने नवचयनित मुख्य सेविकाओं को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नियुक्ति पत्र पाने वाली महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर मिल रहे हैं। कानपुर की गुंजा गुप्ता ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमें योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री मिले हैं। हम भी प्रदेश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाना चाहते हैं। कानपुर की ही स्मृति कपूर ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर इससे बड़ा उपहार क्या हो सकता है कि हमें मुख्यमंत्री के साथ यह दिन मनाने का अवसर मिला। लखनऊ की सुनयना कुमारी ने कहा कि योगी सरकार में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अग्रणी महिलाएं नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित

- **शैल्वी शारदा, कीर्ति करमचंदानी, आनंदी अग्रवाल व डॉ. गीतांजलि को मिला अवार्ड**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंक रोजगार महाकुंभ का उद्घाटन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालीं प्रदेश की महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया। जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के संकल्प के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में शक्ति से समृद्धि की दिशा में योगदान देने वाली प्रदेश की अग्रणी महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया। इस क्रम में वरिष्ठ पत्रकार शैल्वी शारदा को मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति अवार्ड प्रदान किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाली शैल्वी शारदा प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विषयों पर अपनी गहन रिपोर्टिंग और लेखन के लिए जानी जाती हैं। इसी क्रम में एचसीएल ग्रुप की एसोसिएट डायरेक्टर कीर्ति करमचंदानी को भी नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। कीर्ति करमचंदानी पब्लिक पॉलिसी के क्षेत्र में कई वर्षों से उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। उनकी उपलब्धियों और योगदान के लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के महिला उद्यमी प्रकोष्ठ की अध्यक्षा आनंदी अग्रवाल को नारी शक्ति अवार्ड प्रदान किया। आनंदी अग्रवाल आईआईए के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को उद्यम स्थापित करने एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सहयोग प्रदान करतीं हैं। उन्हें प्रदेश में एमएसएमई उद्यम के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, क्षमता निर्माण, सरकारी नीतियों के प्रति जागरूकता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# प्रोजेक्ट गंगा से यूपी के गांवों में तेज और सुलभ होगी इंटरनेट की पहुंच

विशेष संवाददाता (vol)

- **स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और ओआईएल के बीच आज होगा एमओयू**
- **20 लाख घरों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार डिजिटल कनेक्टिविटी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण योजना को लागू किया जाएगा।

सोमवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश की पहल पर प्रोजेक्ट गंगा के तहत प्रदेश में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया जाएगा। लखनऊ के होटल रेनेसां में आयोजित कार्यक्रम में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश और वनओटीटी इंटरटेनमेंट लि. (ओआईएल - हिंदुजा ग्रुप लि. की सहायक कंपनी) के बीच औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

ह्यप्रोजेक्ट गंगाह्ण का उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। इस पहल के तहत न्याय पंचायत स्तर पर 8,000 से 10,000 स्थानीय उद्यमियों को स्वतंत्र डिजिटल सेवा प्रदाता (डीएसपी) के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाया जाएगा। ये उद्यमी स्थानीय स्तर पर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाएं उपलब्ध कराएंगे, जिससे गांवों में इंटरनेट की पहुंच तेज और सुलभ होगी। इस पहल से बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसकी मदद से स्थानीय युवाओं को उनके अपने ही क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे।

इस परियोजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि डिजिटल सेवा प्रदाताओं (डीएसपी) में लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी महिलाओं की सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता को नई पहचान और अवसर मिलेंगे, साथ ही महिलाएं डिजिटल सेवाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त होकर डिजिटल अर्थव्यवस्था की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगी। यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि गांवों में नारी शक्ति को तकनीक और उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

परियोजना के तहत अगले 2 से 3 वर्षों में प्रदेश के 20 लाख से अधिक घरों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में तेज, सुलभ और भरोसेमंद इंटरनेट की पहुंच मजबूत होगी, जिससे ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल सेवाएं, ई-गवर्नेंस और रोजगार के नए अवसरों को भी गति मिलेगी।

परियोजना के अंतर्गत चयनित डिजिटल सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, नेटवर्क निर्माण और आधुनिक तकनीकी सक्षमता जैसी संरचित सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपने क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का मजबूत नेटवर्क विकसित कर सकें। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डिजिटल उत्तर प्रदेश के विजन को आगे बढ़ाने के साथ-साथ ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन और डिजिटल सेवाओं के विस्तार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह, हिंदुजा ग्रुप के प्रतिनिधि तथा परियोजना से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे और प्रोजेक्ट गंगा की रूपरेखा तथा इसके संभावित प्रभावों पर अपने विचार साझा करेंगे।

# महिला उद्यमियों को मिलेगा वित्त और बाजार से जुड़ने का अवसर

## नीति आयोग की पहल से महिला उद्यमियों के लिए एकीकृत इकोसिस्टम तैयार

विशेष संवाददाता (vol)

- **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में वीमने यूपी स्टेट चैप्टर का उद्घाटन**

**लखनऊ।** महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नीति आयोग की प्रमुख पहल वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूईपी) का उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में औपचारिक रूप से शुरू किया गया। यह नया कार्यालय गोमती नगर के विभूति खंड स्थित रोहतास समिट बिल्डिंग में यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड के अंतर्गत स्थापित किया गया है।

वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म नीति आयोग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य देश में महिला उद्यमियों के लिए एक मजबूत और एकीकृत मंच तैयार करना है। इसके माध्यम से महिला उद्यमियों को मेंटोरशिप, वित्तीय सहायता, बाजार से जुड़ाव, नियामकीय सहयोग और नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार भी महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य सरकार की औद्योगिक और स्टार्टअप नीतियों के साथ-साथ महिला स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों को प्रोत्साहन देने की विभिन्न योजनाओं ने प्रदेश में महिला उद्यमिता के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। लखनऊ में हएढ का स्टेट चैप्टर स्थापित होने से प्रदेश की महिला उद्यमियों को राष्ट्रीय स्तर के संसाधनों, मार्गदर्शन और बाजार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे पारंपरिक उद्योगों जैसे चिकनकारी, जरदोजी और बनारसी वस्त्र के साथ-साथ उभरते क्षेत्रों में भी महिलाओं की भागीदारी और उद्यमिता को नई गति मिलेगी। लखनऊ की प्रसिद्ध महिला उद्यमी और समृद्धि क्रिएशन की संस्थापक सुष्मिता दत्ता ने यूपी चैप्टर का उद्घाटन किया। सुष्मिता दत्ता चिकनकारी पर आधारित परिधान और वस्त्र निर्माण क्षेत्र में अग्रणी उद्यमी हैं और लखनऊ की जीआई टैग प्राप्त पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के साथ ही बड़ी संख्या में महिला कारीगरों को रोजगार उपलब्ध करा रहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिला उद्यमियों, उद्योग प्रतिनिधियों और विभिन्न संस्थागत सहयोगियों ने भाग लिया और उत्तर प्रदेश में एक मजबूत तथा समावेशी उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के संकल्प को दोहराया।

# पर्यावरणविद मेवा लाल वर्मा से अखिलेश ने की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज जानकीपुरम में शहर के जाने माने पर्यावरणविद मेवा लाल वर्मा की मुलाकात में शहरी स्वच्छता, पर्यावरण, वायु एवं जल प्रदूषण, आर्गेनिक खेती आदि तमाम मसलों पर गंभीर चर्चा हुई। श्री वर्मा का अपनी मुस्कान सेवा ज्योति समिति एनजीओ है, इसके वे संस्थापक सचिव है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी मौजूद थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस स्थान पर आकर मैं बधाई देना चाहूंगा कि वर्मा ने नेचर के करीब पहुंचाने का काम किया है। प्रकृति और पर्यावरण के प्रति प्रेम बढ़े और हम अपना जीवन अच्छा और सुन्दर बना सकें। अगर हम प्रकृति के नजदीक रहेंगे तो स्वस्थ रहेंगे, खुश रहेंगे। श्री वर्मा ने अपने प्रयासों से अपने लिए जगह बनाई है, इनसे बहुतों को सीखना चाहिए। श्री वर्मा ने खाद के लिए केचुआ फार्म और गौरैया संरक्षण के साथ जैविक फसल के उत्पादन का काम अपने फार्महाउस में कर रखा हैं। कूड़ा प्रबन्धन में उन्हें विशेषज्ञता प्राप्त है। अखिलेश यादव से वार्ता में मेवा लाल वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि को बेहतर बनाने के साथ उसे शिक्षा से भी जोड़ा जाना चाहिए। बच्चों को प्रकृति का ज्ञान नहीं कराया जाता।

शहरी बच्चों को सरसों के फूल की पहचान तक नहीं होती है। श्री वर्मा का कहना था कि कक्षा 6 से पाठ्यक्रम में ये जानकारियां भी होनी चाहिए। श्री वर्मा का कहना था कि हम अगली पीढ़ी को जल एवं वायु प्रदूशण के रूप में विशाक्त वातावरण दे रहे है। मोबाइल की वाट्सअप यूनिवर्सिटी नौजवानों को गुमराह कर रही है। खानपान की चीजों सब्जियों में यूरिया का प्रयोग हो रहा है। श्री वर्मा ने कहा कि कृषि को बेहतर बनाने के लिए ऑर्गेनिक संसाधनों का भरपूर उपयोग होना चाहिए। उन्होंने फलदायी पौधों-वृक्षों के रोपण पर विशेष बल दिया। फूड सिक्योरिटी के साथ स्वास्थ्यप्रद भोजन होना चाहिए। कूड़ा प्रबन्धन में श्री वर्मा 1994 से विशेष प्रयासशील रहे है। उन्होंने अपनी टेक्नोलाजी विकसित की है। वे शहरी कूड़ा प्रबंधन का काम भी देख रहे हैं। श्री वर्मा का कहना था कि अखिलेश यादव की खुद पर्यावरण संरक्षण में विशेष रूचि रही है और उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में इस दिशा में सराहनीय कार्य हुए है। उनकी अगली सरकार में इस दिशा में विशेष प्रयास होंगे, इसका हम सबको विश्वास है। उनके परिजन और समाजवादी पार्टी नेता सुश्री पूजा शुक्ला भी वार्ता के दौरान शामिल रही।

## भाजपा अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट



**लखनऊ।** निषाद पार्टी के अध्यक्ष ने आज नितिन नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश में एनडीए गठबंधन के अंतर्गत निषाद पार्टी द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक एवं जनहित कार्यों से अवगत कराया गया। साथ ही निषाद पार्टी के कार्यकताओं के समायोजन तथा मझवार एवं तुरैहा (सभी उपजातियों) को अनुसूचित जाति में परिभाषित किए जाने के विषय पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी के आत्मबल सखा महाराजा गुह्यराज निषाद की जयंती के अवसर पर श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने हेतु निमंत्रण भी प्रदान किया गया। इस दौरान मछुआ समाज का प्रतीक चिन्ह नाव भेंट की गई। साथ ही ई० प्रवीण निषाद, मा० पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय संयोजक, निषाद पार्टी (एनडीए गठबंधन) भी उपस्थित रहे।

## सरकार ने कृषि विकास के लिए दिए 101.18 करोड़

**लखनऊ।** कृषि और किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं के लिए कुल 101.18 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस धनराशि के माध्यम से प्रदेश में बीज स्वावलंबन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और तिलहन उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नई परियोजनाओं को गति मिलेगी। सबसे बड़ी धनराशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (डी०पी०आर०) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु सामान्य श्रेणी के लिए 66.19 करोड़ रुपये के रूप में स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के ही अंतर्गत 25.65 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। प्रदेश की बीज आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश बीज स्वावलंबन नीति 2024 के तहत 'सीड पार्क विकास परियोजना' के लिए 6.14 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

# 22 स्टॉलों पर दिखी नवाचार, विज्ञान और नेतृत्व की झलक

- **राज्य स्तरीय बाल उत्सव में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की रही सक्रिय भागीदारी**

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय बाल उत्सव प्रगति आत्मसम्मान से समानता तक एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में रविवार को शिक्षा, नवाचार और नेतृत्व विकास का अनोखा संगम देखने को मिला। दयाल गेटवे स्थित कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए 22 विशेष स्टॉल बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने, जहां जेंडर समानता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक-भावनात्मक अधिगम और करियर मार्गदर्शन से जुड़ी गतिविधियों की जीवंत प्रस्तुति हुई। गतिविधि आधारित शिक्षण, संवाद और रचनात्मक प्रयोगों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा, जिज्ञासा और नेतृत्व क्षमता को नया मंच मिला।

इस मौके पर विभिन्न विषयों पर आधारित 22 विशेष स्टॉल लगाए गए, जो पूरे आयोजन के प्रमुख आकर्षण बने। इन स्टॉलों के माध्यम से शिक्षा में नवाचार, जेंडर समानता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक-भावनात्मक अधिगम, अभिभावक सहभागिता और करियर मार्गदर्शन से जुड़े विविध आयामों को रोचक और गतिविधि आधारित रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में लगाए गए स्टॉलों को चार प्रमुख जोनों में विभाजित किया गया था। पहले और दूसरे जोन में शिक्षक टीएलएम एवं कठपुतली अनुभाग के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सामग्री और कठपुतली प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से जेंडर समानता, महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार और जीवन कौशल जैसे विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कन्नौज, शामली, सीतापुर, अयोध्या, रायबरेली, बाराबंकी, लखीमपुर, लखनऊ, मेरठ और अमेठी जैसे जनपदों के शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए मॉडल और गतिविधियों ने बच्चों को करके सीखने की अवधारणा से जोड़ा। इन स्टॉलों में विज्ञान नवाचार, प्रारंभिक साक्षरता एवं संख्यात्मक कौशल विकास, जेंडर-संवेदी शिक्षण सामग्री तथा कॉमिक बुक निर्माण जैसी गतिविधियां भी प्रदर्शित की गईं। इसके साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी प्रस्तुत किया गया, जिनमें बालिकाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी पहलें शामिल रहीं। तीसरे जोन में बच्चों के लिए सामाजिक-भावनात्मक अधिगम और नेतृत्व विकास से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं। यहां वैज्ञानिक दृष्टिकोण संवाद मंच, दृश्य अधिगम गतिविधियां, रचनात्मक अभिव्यक्ति मंच, ओरिगामी कला केंद्र और नवाचार आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में तार्किक सोच, आत्म-अभिव्यक्ति, सहानुभूति और रचनात्मकता विकसित करने का प्रयास किया गया। चौथे जोन में अभिभावक सहभागिता एवं करियर परामर्श अनुभाग के अंतर्गत करियर परामर्श केंद्र, अभिभावक संवाद मंच, नेतृत्व क्षमता विकास गतिविधियां, बाल अधिकार जागरूकता मंच और बाल संसद जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं।

# निशांत कुमार के जदयू का सदस्य बनने पर प्रदेश में भी खुशी की लहर



**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड के सर्वमान्य नेता, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के सुपुत्र युवा नेता निशांत कुमार के जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण करने पर जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय पर धूम धाम के साथ जश्न मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने अपने संदेश में निशांत कुमार के पार्टी से जुड़ने का स्वागत करते हुए कहा कि उनके इस निर्णय से पार्टी के कार्यकताओं के अन्दर जबरदस्त उत्साह और जोश है और चारों तरफ खुशी की लहर है क्योंकि बहुत दिनों से पार्टी के जिम्मेदार नेताओं की यह मांग थी कि निशांत कुमार पार्टी से जुड़ें। आज सभी की मांग पूरी हुई और निशांत कुमार ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिया।उन्होंने कहा कि सदस्यता ग्रहण समारोह में निशांत कुमार के संबोधन से यह स्पष्ट हो गया है कि उनमें पार्टी को मजबूत करने का जज्बा है। उनके इस कदम से पार्टी संगठन बिहार सहित अन्य प्रदेशों में भी मजबूत एवं सक्रिय होगा। आज उत्तर प्रदेश के कार्यकताओं में भी जबरदस्त उत्साह है और इसीलिए पार्टी कार्यालय पर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर निशांत कुमार के चित्र के सामने मिष्ठान वितरण किया गया और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए खुशी मनाई। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर जी पटेल, प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक, हरि किशोर उत्तम,प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, प्रदेश प्रवक्ता प्रो के के त्रिपाठी, कुंवर अजय सिंह, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष नंदन, प्रदेश सचिव ओमप्रकाश गुप्ता कि ?कर , प्रदेश सचिव जितेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव निसार खान,लखनऊ जिला अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, लखनऊ जिला महासचिव तेज कुमार सरना लखनऊ महानगर अध्यक्ष मंजर अब्बास,बरिष्ठ नेता डॉ जितेन्द्र सिंह सचान, संदीप वर्मा ,मुसाफिर सिंह, बृजभूषण सिंह, सी एल वर्मा, राकेश सिंह, फूल चन्द्र आर्या, किरन द्विवेदी,ऋषभ सिंह रावत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर लखनऊ के लोकप्रिय चिकित्सक और आनन्द नर्सिंग होम के मालिक डॉ आनन्द वर्मा ने पार्टी की विचारधारा और नीतीश कुमार की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया और पार्टी संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने का संकल्प लिया।

# ग्रीन कॉरिडोर योजना में 1090 चौराहे पर बनेगा फ्लाइओवर

## स्मारक प्रबंधन समिति ने फ्लाईओवर निर्माण के लिए दी सशर्त अनापत्ति




**लखनऊ।** ग्रीन कॉरिडोर योजना के तहत तीसरे फेज में गोमती नगर में बैकुंठधाम से लामार्टीनियर तक फ्लाईओवर बनने का रास्ता साफ हो गया है। फ्लाई निर्माण के लिए बसपा सरकार में बने स्मारकों और पार्कों के रखरखाव को लेकर बनी प्रबंध समिति ने इसकी मंजूरी दे दी है। असल में, 1090 चौराहे के पास बना डॉ. भीमराव आम्बेडकर गोमती पार्क के हिस्से आ रहे हैं। ऐसे में बिना स्मारक समिति की अनापत्ति के काम होना मुश्किल था।

बैकुंठ धाम से लामार्टीनियर तक फ्लाई ओवर का निर्माण बीच में 090 चौराहे के पास स्थित डा. भीमराव अंबेडकर गोमती पार्क, गोमती विहार खण्ड-1, गोमती विहार खंड-2 एवं गोमती विहार खंड-3 आ रहा है। जिसमें फ्लाई ओवर के पिलर का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इसको लेकर एलडीए के मुख्य अभियंता की ओर से एनओसी दिए जाने का प्रस्ताव प्रमुख सचिव आवास की अध्यक्षता में 20 फरवरी को हुई पार्क और स्मारकों की प्रबंध समिति की बैठक में रखा गया। जिस पर समिति ने यह कहते हुए अनापत्ति दी कि जनहित कार्य आवश्यक कार्य है। ऐसे में निर्माण की अनुमति दी जाती है मगर शर्त यह रहेगी कि पार्कों में स्थापित मूर्तियां इत्यादि क्षतिग्रस्त न हों और पार्कों की हरियाली को भी एलडीए अपने खर्च पर सही कराएगा। कॉरिडोर के दायरे में जो जमीन आएगी उसका स्वामित्व परिवर्तन नहीं किया जाएगा। पार्कों के मूल स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

गोमती नगर में 1090 चौराहा के पास फ्लाईओवर बनने से 1090 चौराहा और समता मूलक चौक पर ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। अभी इन दोनों चौराहों पर लोगों को ट्रैफिक जाम में फंसना पड़ता है। यह फ्लाईओवर ग्रीन कॉरिडोर का हिस्सा है। ऐसे में आईआईएम रोड से गोमती नगर तक सफर आसान हो जाएगा।

ग्रीन कॉरिडोर योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर एके सेंगर ने बताया कि फ्लाईओवर. बैकुंठधाम से शुरू होगा और लामार्ट बॉयज स्कूल तक बनेगा। इस फ्लाईओवर की कुल लंबाई 2.02 किलोमीटर होगी। यह चार लेन का होगा इस पर करीब 570 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

# ग्रेटर नोएडा में 174 एकड़ पर बनेगा अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क

विशेष संवाददाता (vol)

- 27 इंटीग्रेटेड क्लस्टर्स से 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार
- लॉजिस्टिक्स पार्क से यूपी में मजबूत होगी सप्लाई चेन, घटेगी ट्रांसपोर्ट लागत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी लॉजिस्टिक्स हब बनाने और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। 'उत्तर प्रदेश मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) नीति-2024' के माध्यम से सरकार का लक्ष्य परिवहन लागत में भारी कटौती कर राज्य की औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है। वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी का लगभग 13-14% है, जिसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 7-8% तक लाने के लिए राज्य सरकार आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।

इसी रणनीति के तहत, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दो मेगा प्रोजेक्ट्स पर कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। ग्रेटर नोएडा के बोदाकी में 'इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप व लॉजिस्टिक्स हब' विकसित किया जा रहा है, जो सीधे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ेगा।

इसके अतिरिक्त, दादरी में एक आधुनिक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का निर्माण हो रहा है, जो पश्चिमी भारत के प्रमुख बंदरगाहों तक माल की आवाजाही को निर्बाध बनाएगा। इसी क्रम में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) ने 174.12 एकड़ भूमि का एक विशाल लैंड पार्सल चिन्हित किया है, जिसे उ.प्र. मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क नीति-2024 के अंतर्गत विकसित किया जाएगा। नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 'इन्वेस्ट यूपी' को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। सरकार ने 1000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली वृहद परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है, जिसके अंतर्गत आवंटित भूमि पर 30 प्रतिशत की 'फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी' दी जाएगी।

# नगर निगम की महिला कर्मियों की प्रतिभा को मिला मंच

## प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक गतिविधियों में विजयी महिलाओं को सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित झंडी वाला पार्क में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक गतिविधियों और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुषमा खर्कवाल उपस्थित रहीं।

इस विशेष अवसर पर विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें रस्साकसी, रंगोली प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, बैलून रेस, लेमन रेस, मेहंदी प्रतियोगिता और बिंदी प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन प्रतियोगिताओं में नगर निगम की महिला पार्षदगण, महिला जोनल अधिकारी, विद्यालयों की प्रिंसिपल, शिक्षिकाएं, एसएफआई, सुपरवाइजर, सफाई मित्र, छात्राएं तथा अन्य महिला कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला चैंपियन, सुपरवाइजर और सफाई मित्रों को भी सम्मानित किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन 1 से निधि, जोन 2 से शशिकला, जोन 3 से रुचि, जोन 4 से अनीता, जोन 5 से प्रीति यादव, जोन 6 से ज्योति, जोन 7 से माया तथा जोन 8 से शालिनी को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में एसएफआई रश्मि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा पारुल द्वितीय और शिक्षिका अंजली तृतीय स्थान पर रहीं। बैलून रेस में सेल्फ हेल्प ग्रुप की कुमकुम प्रथम, प्रिया द्वितीय और अंकिता तृतीय स्थान की विजेता बनीं। लेमन रेस में एसएफआई योगिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अभिलाषा द्वितीय और एसएफआई विजेता तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में जोन 3 की सविता प्रथम, जोन 5 की रौशनी द्वितीय और जोन 1 की रेनू तृतीय स्थान पर रहीं। बिंदी प्रतियोगिता में चिल्ड्रन पैलेस स्कूल की शिक्षिका श्रीमती सारिका सिंह को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भी अवलोकन किया और प्रतिभागियों से संवाद किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि महिलाओं की शक्ति, प्रतिभा और योगदान को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने नगर निगम की महिला अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नगर के विकास और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# घंटों बिजली कटौती, एक उपभोक्ता को भी नहीं मिल सका मुआवजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपीपीसीएल ने मुआवजा कानून को बीते तीन माह पहले जारी कर दिया लेकिन अभी तक किसी भी उपभोक्ता को इसका लाभ नही मिल सका है। ऐसे मुआवजा कानून से लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को भी जागरुक करने की जरुर है। मुआवजा कानून के तहत अण्डरग्राउन्ड केबिल ब्रकडाउन 100 रूपये प्रतिदिन, सब-स्टेशन का निर्माण बाधित होने की स्थिति में वोल्टेज कम होने पर 250 रूपये प्रतिदिन, नया कनेक्शन वितरण उपलब्धता पर 50 रूपये प्रतिदिन, मीटर रीडिंग के मामले रूपये 200 प्रतिदिन, डिफेक्टिव मीटर सामान्य फ्यूज ऑफ 50 रूपये प्रतिदिन, बिलिंग शिकायत-भार में कमी आधिक पर 50 रूपये प्रतिदिन, श्रेणी परिवर्तन पर 50 रूपये प्रतिदिन, ट्रांसफार्मर फेल ग्रामीण 150 रूपये प्रतिदिन, अस्थायी कनेक्शन का निर्गमन 100 रूपये प्रतिदिन, विद्युत आपूर्ति बढाने के लिए सबस्टेशन की स्थापना 500 रूपये प्रतिदिन, काल सेन्टर द्वारा रिस्पान्स न दिया जाना 50 रूपये प्रतिदिन, फर्जी अवशेषों को आगे ले जाना रूपये 100 प्रति चक्र, नया कनेक्शन-अतिरिक्त भार जहॉ आपूर्ति नेटवर्क विस्तार 250 रूपये प्रति दिन ओवरहेड लाइन-केबिल ब्रेकडाउन 100 रूपये प्रति दिन, उदाहरण के तौर पर जैसे 1 किलोवाट का उपभोक्ता यदि महीने में 100 रूपये प्रतिकिलोवाट फिक्स चार्ज देता है तो उसका पूरे साल का फिक्स चार्ज 1200 हुआ तो उसे अधिकतम एक वित्तीय वर्ष में 360 रूपये का मुआवजा ही मिलेगा।

**फर्जी मीटर रिडरो की संख्या बढ़ी :** बिजली उपभोक्ता के घर बिजली कर्मचारी बनकर बिजली बिल सही करने और मीटर धीमा करने के नाम पर लाखो की कमाई करने वालो की संख्या सौ दिन में बढ़कर सैकड़ो की संख्या में हो गयी। 20 फर्जी कर्मचारियों पर कार्रवाही भी किया गया। ऐसे में इस समस्या से निपटने के लिए विभाग के द्वारा सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र दिया जाना चाहिए जिससे उपभोक्ता सही और गलत की पहचान कर सके।

# लखनऊ दर्शन बस से महिलाओं ने की खुशियों की सैर

## डबल डेकर बस में 60 से अधिक महिलाओं ने किया शहर का भ्रमण

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महिलाओं के सम्मान में एक खास पहल की। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) की ओर से संचालित 'लखनऊ दर्शन' डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष सैर का आयोजन किया गया। इस विशेष यात्रा में 60 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया।

डॉक्टर, उद्यमी, प्राचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर से लेकर गृहणियों तक, समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं इस खास सफर का हिस्सा बनीं। 'नारी शक्ति' ने रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी से इतर लखनऊ को एक नए अंदाज में देखा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'यूपीएसटीडीसी की 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा अब सिर्फ पर्यटन तक सीमित नहीं रह गई है। यह धीरे-धीरे ऐसा मंच बनती जा रही है जहां पर्यटन के साथ समाज जुड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह पहल आधी आबादी को 'शक्ति, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण' का संदेश देती है। इस विशेष टूर के माध्यम से महिलाओं को उनके व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल सुकून के देने का प्रयास किया गया, जो प्रतिदिन समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।' अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लखनऊ में महिलाओं के लिए आयोजित 'लखनऊ दर्शन' यात्रा यादगार बन गई। रविवार सुबह 08:30 बजे बस रवाना हुई, जो दोपहर 12 बजे भ्रमण के पश्चात गंतव्य पर लौट आई। इस दौरान अलग-अलग आयु वर्ग की महिलाओं ने डबल डेकर बस की ऊपरी मंजिल से शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा।

विधानसभा जाना और मुख्य सदन को देखना उनके लिए अविस्मरणीय रहा। रेजीडेंसी सहित अन्य स्थलों की सैर ने इतिहास से रूबरू कराया। यात्रा के दौरान गाइड ने यात्रियों को 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महान योद्धा ऊदा देवी के वीरता की कहानी सुनाई। उन्होंने किस तरह अंतिम सांस तक अंग्रेजी सैनिकों से लोहा लिया। महिलाओं ने बताया कि रोजमर्रा की जिंदगी में जिन स्थानों के सामने से वे अक्सर गुजर जाती थीं, आज उन्हें ठहरकर देखने-समझने का मौका मिला। विशेष भ्रमण का हिस्सा रहीं डॉ. अनन्या शर्मा ने कहा कि 'डॉक्टर होने के नाते उनका अधिकांश समय अस्पताल की जिम्मेदारियों में बीत जाता है।

इस यात्रा ने उन्हें अपने लिए कुछ पल निकालने और अपने ही शहर की खूबसूरती को करीब से देखने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्हें मरीजों के साथ डॉक्टर की भूमिका से हटकर परिवार की तरह समय बिताने का भी मौका मिला। पूरे सफर के दौरान बस में मौजूद गाइड ने यात्रियों को लखनऊ के इतिहास, स्थापत्य कला और समृद्ध संस्कृति से जुड़ी दिलचस्प जानकारियां दीं। एएमयू एसोसिएशन की महासचिव शाला हक ने भी लखनऊ दर्शन यात्रा को यादगार बताया।

# मेट्रो ने महिला यात्रियों को गुलाब देकर किया अभिनंदन



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ मेट्रो की ओर से महिला यात्रियों का गुलाब भेंट कर विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में रविवार को लखनऊ मेट्रो के स्टेशन कंट्रोलर की ओर से चलती मेट्रो ट्रेन तथा हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर महिला यात्रियों को गुलाब देकर उनका स्वागत किया गया। यह पहल महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहने के उद्देश्य से की गई। मेट्रो से यात्रा कर रही महिला यात्रियों ने इस पहल को गर्मजोशी से स्वीकार किया और इसकी सराहना की। यात्रियों ने कहा कि इस तरह की छोटी लेकिन सार्थक पहलें समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सकारात्मक संदेश को बढ़ावा देती हैं। इस पहल से स्टेशन और मेट्रो ट्रेन में एक खुशनुमा और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। यह पहल लखनऊ मेट्रो की उस प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है, जिसके तहत सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और सुखद यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास किया जाता है। समाज में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करने के उद्देश्य से वढटफ्ठ के प्रबंध निदेशक श्री सुशील कुमार ने शनिवार को विशेष शक्ति मेट्रो का शुभारंभ किया था। महिला दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ मेट्रो के नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर पर सप्ताह भर चलने वाला विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक्जीबिशन ऑन व्हील्स के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

# त्योहारों में शस्त्र से फायरिंग पर लाइसेंस होगा निरस्त

**लखनऊ।** त्योहार और अन्य कार्यक्रम में लाइसेंसी शस्त्र से फायरिंग किया तो अब पुलिस के साथ-साथ डीएम के यहां से भी तत्काल कार्रवाई होगी। इसके लिए डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश जारी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हर्ष फायरिंग जिस क्षेत्र में ज्यादा होती है वहां पर अधिकारियों को देखरेख के लिए तैनात किया जाय। अधिकारियों के पास जिनके घरों में लाइसेंस दिया गया है वहां की सूची होनी चाहिए। जिससे वह घर का वेरिफिकेशन भी कर सके। उन्होंने कहा कि इससे पहले पुलिस को भी सूचना दिया जाना चाहिए। पुलिस के साथ मौके पर जाकर लाइसेंस की मांग करना होगा और फिर लाइसेंस की प्रक्रिया को निरस्त करने के लिए तत्काल लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस भी हर्ष फायरिंग की सूचना मिलती है तो वह लिखित रुप से लाइसेंस निरस्त करने के लिए कह सकता है।

# बिना फिटनेस दौड़ रही है स्कूली वैन

**लखनऊ।** बच्चों के स्कूल खुल गये है लेकिन अभी तक स्कूली वैन का फिटनेस आरटीओं कार्यालय द्वारा नही कराया गया है। जांच के दौरान पता चलने पर स्कूली वाहन पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। ऐसे में बच्चों के साथ दुर्घटना होने पर स्कूल प्रबंधन जिम्मेदारी नही लेता है। एआरटीओ ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाकर स्कूली वाहनो का फिटनेस टेस्ट कराया जायेगा। स्कूली वैन को पुलिस के नही रोकने के कारण स्कूल प्रबंधन गाड़ी की फिटनेस नही करा रहा है। जबकी लखनऊ में 5 हजार से अधिक स्कूली वाहन सड़क पर फर्राटा भर रहे है। जबकी अभी तक 50 प्रतिशत से अधिक स्कूलों के वाहन का फिटनेस प्रमाण पत्र नही बना है। स्कूली वाहन पर चालक का नम्बर तक नही लिखा जा रहा है। जबकी वैन पर नम्बर, नाम और स्पीड गति साफ अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। बुधवार को आरटीओ कार्यालय में आये स्कूली वाहनों में ज्यादातर अनफिट वाहन ही जांच में पाये गये। जिसको आरआई प्रशांत ने फेल करते हुए गाड़ी सही कराकर लाने के बाद ही फिटनेस कराने के लिए कागज पर लिखा।

# समाधान, स्वास्थ्य सेवा का संगम बना जनसुनवाई शिविर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में आपका विधायक आपके द्वार अभियान के अंतर्गत रविवार को 159वां जनसुनवाई शिविर डूडा कॉलोनी, चरण भट्ठा रोड पर आयोजित किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर जनसमस्याओं के समाधान, जनसंवाद और जनकल्याण का प्रभावी मंच बना। शिविर के दौरान टीम राजेश्वर ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। यह जनसुनवाई केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनविश्वास को मजबूत करने वाला ऐसा मंच है, जहाँ प्रत्येक नागरिक की समस्या को प्राथमिकता देते हुए त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है।

शिविर में विभिन्न विभागों के सहयोग से आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाएँ पूर्ण कराई गईं। विजन प्लस के सहयोग से आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 56 वरिष्ठ नागरिकों की आँखों की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक दवाइयाँ और चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही दो वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड और दो सम्मानित नागरिकों के आय प्रमाण पत्र बनवाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। शिक्षा और प्रतिभा के सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह पहल नई पीढ़ी को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम बनी। युवाओं में खेल भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स किट वितरित की गईं। साथ ही 109वें गर्ल्स यूथ क्लब और 173वें बॉयज यूथ क्लब का गठन कर युवाओं को संगठनात्मक विकास, खेल गतिविधियों और सामाजिक कार्यों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

# राज्यपाल ने महिलाओं को सशक्तीकरण के लिए किया प्रेरित



- जन भवन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को जन भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पुलिस, सेना, प्रशासन, शिक्षा, ग्राम प्रधान, कृषि उत्पादन संगठन, राजकीय बाल संरक्षण गृह, समाज सेवा व विविध उद्यमों से जुड़ी महिलाओं सहित सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 200 महिलाएँ उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने-अपने उद्यम, तकनीक और नवाचारों को साझा किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय और नवाचार प्रारंभ करने वाली महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपने अनुभव प्रस्तुत किए।

राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं की सराहना करते हुए उन्हें सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा उनकी शक्ति और संकल्प देश की प्रगति का आधार है। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिला उद्यमियों, शिक्षाविदों और अधिकारियों को एक-दूसरे से जुड़कर कार्य करना चाहिए तथा विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए। राज्यपाल ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीन के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी महिलाओं से आह्वान किया कि वे सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मिलकर कार्य करें। इस अवसर पर उन्होंने वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र जनपद की ग्रीन आर्मी की महिलाओं के कार्यों की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं के लिए जनपद स्तर पर वर्कशेड उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे उनके उद्यमों को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

# महिला सशक्तीकरण की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : केशव

## स्वयं सहायता समूहों की दीदियाँ बन रहीं आत्मनिर्भरता की नई पहचान, दीदियों की तरक्की से मजबूत हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान, सयारा में जनपद कौशाम्बी मे आयोजित 02 दिवसीय सरस महोत्सव कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभाग करते हुये सरस महोत्सव का निरीक्षण किया।

उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 137 लाभार्थियों (निराश्रित महिला व दिव्यांगजन आदि) को रू0-एक करोड़ 64 लाख 40 हजार का डमी चेक/स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की लाभार्थियों-सलोनी कुशवाहा व सपना यादव को हाईस्कूल की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने पर सम्मानित किया तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थियों-आनवी मौर्य व शिवांशी पाल एवं निराश्रित महिला पेंशन की लाभार्थियों मोना देवी व निराशा देवी को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के लाभार्थी विजय प्रकाश प्रजापति को, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के लाभार्थी विजय सिंह यादव एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभार्थी विमल दिवाकर को 10 लाख रुपये ऋण का डमी चेक, प्रदान किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रिवाल्विंग फण्ड के रूप में 63 लाख 90 हजार रुपये की धनराशि का डमी चेक एवं सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 05 करोड़ 05 लाख 50 हजार रुपये का डमी चेक प्रदान किया।

उप मुख्यमंत्री जी ने स्वयं सहायता समूह की ई-रिक्शा चालक महिलाओं को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने दिव्यांगजनों-छोटेलाल, हरिश्चन्द्र, शारदा प्रसाद, गुलाब सिंह व सीमा देवी को ट्राई साइकिल एवं अन्य दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों-विनोद सेन, प्रवीण कुमार, पुनीत कुमार, राजाराम व अहमद को डमी चेक प्रदान किया। उन्होंने पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के लाभार्थियों को डमी चेक व डी.आर.पी. श्याम नारायण यादव को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने 23 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना व पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व फार्मर रजिस्ट्री योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों यथा-मुख्य सेविकाओं, ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, शिक्षिकाओं, विद्युत सखी एवं ड्रोन सखी आदि को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने जनपद का नाम रोशन करने वाली बेटियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## हर दीदी को लखपति बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करें

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में कौशाम्बी को मॉडल जनपद बनाने के निर्देश



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को मां शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा जनपद कौशाम्बी में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उप मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाय, जिसके अन्तर्गत समूह गठन, रोजगार के नए अवसर सृजित करने, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने व समूह की आय में वृद्धि आदि में उल्लेखनीय कार्य किए जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कार्ययोजना बनाकर अच्छी गतिविधियॉ की जाय, ताकि समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि हो सके। समूहों की ओर से उत्पादित उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए उसकी बिक्री एवं मार्केटिंग कराई जाय।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की प्रत्येक दीदी को लखपति दीदी बनाना है। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों, डी.एम.एम. व सभी बी.एम.एम. से कहा कि समूह की दीदियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने डी.एम.एम. व सभी बी.एम.एम. को उत्कृष्ट कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में खाद्य प्रसंस्करण की 05 करोड़ की यूनिट लगाए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि जनपद में मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत सर्वे कराकर छूटे हुए सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय तथा इसी प्रकार अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को भी लाभान्वित किया जाय। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नोएडा में नियामक आयोग करेगा बिजली दर पर सुनवाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- मुददा रहेगा उपभोक्ता का पहले करोड़ो रुपये हो वापस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों और बिजली दरों के निर्धारण को लेकर कल 9 मार्च को ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे से विद्युत नियामक आयोग द्वारा जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जो शाम तक जारी रहेगी। इस जनसुनवाई में निजी क्षेत्र की पहली बिजली कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड तथा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता और बिजली दरों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सभी प्रमुख उपभोक्ता समस्याओं, बिजली दरों की वर्तमान स्थिति तथा कंपनियों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता के विश्लेषण को अंतिम रूप दे दिया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा जनसुनवाई में उपभोक्ताओं की ओर से मोर्चा संभालेंगे और आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखेंगे। परिषद का स्पष्ट कहना है कि बिजली कंपनियों द्वारा चोर दरवाजे से बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रयास लगातार सातवें वर्ष भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। परिषद का दावा है कि वर्तमान में बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ताओं का लगभग 51 सौ करोड़ रुपये का सरप्लस उपलब्ध है। ऐसे में अगले पाँच वर्षों तक बिजली दरों में किसी प्रकार की वृद्धि का कोई औचित्य नहीं बनता। परिषद ने यह भी कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर पूरे प्रदेश में गंभीर असंतोष का माहौल है। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल नेगेटिव जा रहे हैं और जिन उपभोक्ताओं ने हमेशा समय से बिल जमा किया, वे भी अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद रिचार्ज करने से बच रहे हैं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# कुल्हाड़ी से हमलाकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र में पति ने विवाहिता की पिटाई कर कुल्हाड़ी मारकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।इस बीच हमलावर पति मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया गया है।

बताया जा रहा है कि घटना रविवार रात करीब 9.30 बजे की है जब निगोहां थाना क्षेत्र के शेखनखेड़ा गांव में नशेड़ी पति राजेश पुत्र दयारा ने की उसकी पत्नी राजेश्वरी (44) से कहासुनी हुई जो बाद में मारपीट में बदल गयी।आसपास के लोगों का कहना है कि इसी बीच नशे में धुत राजेशा ने कुल्हाड़ी से पत्नी पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गयी। इसके बाद भी उसने पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़

कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हंगामा सुनकर गांव वाले एकत्र होने लगे, यह देख हमलावर पति राजेश मौके से फरार हो गया। सूचना पाते ही निगोहां पुलिस व एडीसीपी दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार व एसीपी विकास पांडे मौके पर पहुंचे।उन्होंने गांव वालों से पूछताछ की और महिला के शव को अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। आरोपी पति की धरपकड़ के लिये एडीसीपी ने सर्विलांस समेत पुलिस की कई टीमें गठित की हैं।

## किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत, थाने पर प्रदर्शन



लखनऊ । ठाकुरगंज क्षेत्र में रविवार को 14 साल की किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। किशोरी क्षेत्र में ही एक मकान में काम करती थी। वह वहीं पर अचेत अवस्था में मिली। सूचना काकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने मकान मालिक पर रेप के बाद हत्या का आरोप लगाया और बच्ची के शव को वहां से उठाकर ठाकुरगंज थाने लेकर पहुंचे। वहां पर बेटी के साथ रेप का आरोप लगाते हुए थाने के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। उच्चाधिकारियों के पहुंचने पर उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर शान्त कराया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित परिवार जनपद सीतापुर का रहने वाला है। परिवार रेउसा सीतापुर निवासी युवक लखनऊ में बालागंज ठाकुरगंज में परिवार के साथ रहता है। युवक मजदूरी करके अपना परिवार चलाता है। उसकी 14 साल की बेटी रेलवे कॉलोनी बालागंज में राघव नाम के व्यक्ति के घर में रहकर एक साल से झाड़ू-पोंछा कर रही थी। रविवार सुबह राघव की मां उषा ने फोन पर बताया कि बेटी ने आत्महत्या कर ली है। खबर सुनकर राघव के घर गए तो देखा कि उनकी बेटी बेड पर लेटी है। उन्होंने वजह जाननी चाहिए तो कुछ साफ जवाब नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने बेटी के साथ रेप के बाद हत्या करने का आरोप लगाते हुए ठाकुरगंज थाने में शिकायत दी। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया है प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का सामने आ रहा है। परिजनों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

# सीएम की मां पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता जी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ रविवार को विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मौलाना अब्दुल्ला सलीम का पुतला फूंका।गोमती नगर, विशाल खंड स्थित परिषद के कार्यालय के बाहर परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए मौलाना के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री की माता के बारे में की गई टिप्पणी न केवल अपमानजनक है, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाली भी है।उन्होंने कहा सनातन संस्कृति में महिलाओं को पूजनीय स्थान दिया गया है।ऐसे में किसी की मां के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करना अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिनों में मौलाना पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो परिषद व्यापक स्तर पर बड़ा आंदोलन करेगी।भारत की जीत के लिए किया हवन पूजनप्रदर्शन के बाद विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने शिव भोला मंदिर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले टी-20 विश्वकप के फाइनल में भारत की जीत के लिए हवन-पूजन किया। इस दौरान मनीष राय, ओम शंकर गुप्ता, अनिल, शिवम सिंह राणा, बॉबी गुप्ता, राजेश सोनी, राजेश गुप्ता, संग्राम सिंह समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहें।

## सीपीआर ट्रेनिंग से महिलाएं बनीं सक्षम सेविका

**लखनऊ।** अयोध्या रोड स्थित गोयल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने एपेक्स हॉस्पिटल के साथ मिलकर कर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरम सेवा संस्थान की अध्यक्ष वंदना सिंह व डा. अंजू गोयल ने दीप जलाकर कर किया।इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को हृदयाघात या सांस रुकने जैसी आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार प्रदान करने की ट्रेनिंग दी गई, जिससे वे परिवार और समाज में जीवन रक्षक बन सकें। सीपीआर सीखना हर महिला के लिए आवश्यक है, क्योंकि घर-परिवार में अचानक स्वास्थ्य संकट की स्थिति में तत्काल कार्रवाई से मरीज की जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में गोयल आयुर्वेदिक कॉलेज, चंद्रा हॉस्पिटल, अवध नर्सिंग कॉलेज, निशात हॉस्पिटल, शेरवुड सहित आस पास की दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया।

## भगवान झूलेलाल शोभायात्रा के लिए बनेंगे द्वार, तैयारियां शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान झूलेलाल जयंती धूमधाम से मनाने के लिए सिंधी समाज ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार 20 मार्च को भगवान झूलेलाल की जयंती पर शोभायात्रा, महिलाओं की स्कूटर रैली, डांडिया समेत कई कार्यक्रम हरिओम मंदिर व शहर के कई अन्य स्थानों पर होंगे। सोमवार से सिंधी समाज के लोग अलग-अलग स्थानों पर झूलेलाल जयंती से जुड़े कार्यक्रम शुरू करेंगे।

भगवान झूलेलाल जयंती धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियों के लिए चेट्टी चंद मेला कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक इंदिरा नगर में हुई।बैठक में चेट्टी चंद मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भवनानी, श्याम कृष्नानी आदि रहे। अशोक मोतियानी समेत सभी ने संयुक्त रूप से बताया कि रविवार से भगवान झूलेलाल महोत्सव के आयोजन शहर भर में शुरू हो जाएंगे।

**स्कूटर रैली निकालेंगी महिलाएं :** महिलाओं की ओर से 20 मार्च को स्कूटर रैली और विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। युवा पीढ़ी डांडिया, भांगड़ा नृत्य करते हुए साथ में चलेंगे। संतकंवर राम की वेशभूषा में सिंधु नगर सिंधी पंचायत के मुखी अशोक चांदवानी यात्रा में रथ पर विराजमान रहेंगे। शोभायात्रा पर गणेशगंज, फतेहगंज, हजरतगंज समेत अन्य प्रमुख बाजारों और सिंधी बाहुल्य इलाकों में फूलों की वर्षा की जाएगी।100 जगह पर स्वागत द्वार, 200 से ज्यादा स्थानों पर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**आज से 20 मार्च तक होंगे आयोजन :** आलमबाग के वीआईपी रोड स्थित शिव शांति आश्रम में सोमवार सुबह 10 से 12 बजे तक सखी बाबा भजन मंडली की ओर से कीर्तन भजन, भंडारे का आयोजन होगा।फिर 11 मार्च को लाजपत नगर में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।12 मार्च को गोदड़ी वाला धाम, एसएसडी धाम में आयोजन होंगे।13 को अलीगंज, 14 को शुभम सिटी में सोनू भगत और 15 मार्च को रायबरेली रोड पर सिंधी पंचायत की ओर से सुनील सत्संगी पवन एंड पार्टी भगवान झूलेलाल के भजन गीतों की प्रस्तुतियां देंगे।

16 को मवैया ब्लंट स्क्वायर सिंधु भवन, 17 को राजाजीपुरम झूलेलाल मंदिर में आरती, भंडारा होगा।18 को सिंधु नगर सिंधी पंचायत की ओर से मध्य प्रदेश के कटनी के बालक मंडली की ओर से गीत संगीत भव्य आरती, भंडारा होगा।वहीं, 19 मार्च को इंदिरा नगर कंवेंशन सेंटर में विशाल खट्टर सांस्कृतिक उत्सव में प्रस्तुति देंगे। 20 मार्च को हरिओम मंदिर में भगवान झूलेलाल की सामूहिक पूजा, भंडारा होगा

## दूध बांट कर लौट रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के मुजफ्फरनगर घुसवल मजरा महमूदपुर निवासी सोनू राजपूत अपने चाचा अमर सिंह के साथ दूध का कारोबार करते हैं।दोनों पांच मार्च की सुबह रोज की तरह घर से दूध बांटने निकले थे।दोपहर करीब तीन बजे जब दोनों दूध बांटकर वापस लौट रहे थे, तभी विवियाना रिजॉर्ट के पास कल्याण सिंह चौक सेक्टर-ए के नजदीक दोपहिया वाहनों के साथ खड़े चार लोगों ने उन्हें रोक लिया।

पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे के धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।हमले में सोनू राजपूत की एक आंख फूट गई, जबकि अमर सिंह को भी गंभीर चोटें आईं।आरोप है कि एक हमलावर ने सोनू का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की, जिससे वह बेहोश हो गया।शोर सुनकर आसपास लोग जुटने लगे तो चारों हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल सोनू का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने रविवार को थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

**गाड़ी से कुचलकर जान से मारने की कोशिश:** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निलमथा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला हुआ। पीड़ित माता प्रसाद पुत्र छंगा प्रसाद ने शिकायत दर्ज कराई कि 4 मार्च को विशाल रावत उर्फ नौमी लाल, अजय, शिवम, शबनी ने मिलकर उन्हें मारने की कोशिश की।मुख्य आरोपी नौमी ने अपनी गाड़ी से माता प्रसाद के हाथ को कुचल दिया, जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए।पीड़ित की पुत्री रेनू देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़िता ने बताया कि मुख्य आरोपी नौमी को पिछले साल गुंडागर्दी के लिए जिला बदर किया गया था, लेकिन वह कानून की परवाह नहीं न कर क्षेत्र में ही रह रहा है।

## किशोरी का यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ गलत कार्य करने वाले आरोपी अमन प्रजापति (20) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी बरेठी थाना देवा, जनपद बाराबंकी का निवासी है।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद मिश्रा ने बताया कि सेमरा की रहने वाली एक 13 वर्षीय लड़की का अमन प्रजापति पुत्र स्व.मायाराम प्रजापति ने अपहरण कर लिया गया था। इस सम्बंध में परिजनों ने 5 मार्च को स्थानीय थाने में बहला-फुसलाकर अपहरण की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गठित कर सतरीख रोड स्थित उसके आवास से नाबालिग बालिका को बरामद कर लिया गया। रविवार को आरोपी अमन को जेल भेज दिया गया।

# बुआ के बेटे ने बहन की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर कीं वायरल

- शारीरिक संबंध बनाने का बनाया दबाव
- विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गाजीपुर थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने रिश्ते के भाई पर डिजिटल उत्पीड़न और दुराचार के प्रयास का सनसनीखेज आरोप लगाया है। आरोपी ने युवती की निजी तस्वीरों को उसकी अनुमति के बिना इंस्टाग्राम पर अपलोड कर उसे बदनाम किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आगरा निवासी आरोपी भाई के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रिश्तेदारी में हुई मुलाकात, फिर शुरू हुआ प्रताड़ना का खेल।इंदिरानगर निवासी पीड़िता के मुताबिक, साल 2013 में एक पारिवारिक शादी के दौरान उसकी मुलाकात बुआ के बेटे सूरज कुमार राणा निवासी- गोपालपुर, आगरा कैंट से हुई थी। उस समय युवती की उम्र करीब 17 वर्ष थी। भाई-बहन का रिश्ता होने के कारण दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और आरोपी ने उसका नंबर लेकर व्हाट्सऐप पर संपर्क बना लिया। शारीरिक संबंध का दबाव और मानसिक उत्पीड़न।

पीड़िता का आरोप है कि सूरज बहाने बनाकर लखनऊ आकर उससे मिलने लगा और धीरे-धीरे उस पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगा। जब युवती ने इसका विरोध किया और उससे दूरी बनाते हुए उसका नंबर ब्लॉक कर दिया, तो आरोपी आपे से बाहर हो गया। वह अलग-अलग नंबरों से युवती के माता-पिता और भाई को फोन कर अश्लील गालियां देने और परेशान करने लगा।

इंस्टाग्राम पर वायरल कीं निजी तस्वीरें-प्रताड़ना की हदें पार करते हुए आरोपी ने 23 फरवरी 2026 को युवती की कुछ निजी और उसके घर की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दीं। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके पिता और भाई की हत्या करने की धमकी दी। आरोपी लगातार युवती को ब्लैकमेल कर उसे मानसिक रूप से तोड़ रहा था।

### पोस्ट हटवाने की प्रक्रिया शुरू

गाजीपुर थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी सूरज कुमार राणा के खिलाफ धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।पुलिस अब आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर रही है और इंस्टाग्राम से उन विवादित पोस्ट को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## गिलीम का जुलूस आज बदला रहेगा ट्रैफिक

**लखनऊ।**चन्द्रदर्शन के अनुसार नौ मार्च को 19वीं रमजान को रौजा-ए-काजमैन के सआदतगंज स्थित मस्जिद कूफा में तड़के चार बजे मजलिस पढ़ी जाएगी। इस दौरान गिलीम नाम से सुप्रसिद्ध गिलीम का जुलूस जो रौजा-ए-काजमैन से निकलकर मंसूरनगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, अर्शफाबाद, विल्लौचपुरा तिराहा, टुडियागंज से मुड़कर नक्खास तिराहा होते हुए अखबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट, पाटानाला पुलिस चौकी, मान्टेसरी स्कूल के पास स्थित ममोला मस्जिद मौलान मीसम जैदी के घर पर समाप्त होगा।

इस रास्ते वाहन जा सकेंगे-बड़े तालाब राजाजीपुरम होकर वाहन अपने गंतव्य को जा सकेंगे।-ऐशबाग या बुलाकी अड्डा होकर वाहन अपने गंतव्य को जा सकेंगे।-बाजारखाला, हैदरगंज तिराहा होकर वाहन अपने गंतव्य को जा सकेंगे।-मंसूरनगर से नौबस्ता की ओर होकर वाहन अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

## कार सवार बदमाशों ने रॉड से युवक पर किया हमला

- पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट पुलिस ने शुरू की जांच

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम एक युवक पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि कार सवार आरोपियों ने युवक को घेरकर गाली-गलौज की और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचा सका। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के स्कूटर इंडिया चौराहा स्थित एलपीएस रोड के पास रहने वाले अरुण यादव पुत्र विरेंद्र कुमार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 06 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे वह अपनी बाइक से घर जा रहे थे। उसी दौरान स्कूटर इंडिया के पास खड़े कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि अन्नदुद्दीन, आजाद, नन्हेद्दीन, इरशाद अहमद सहित कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित के अनुसार हमले के दौरान वहां खड़ी एक कार वढ32ठ9181 में बैठे कुछ लोग भी आरोपियों के साथ थे। मारपीट के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

सरोजनीनगर थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक नीशू चौधरी को सौंपी गई है।पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## नशे में धुत युवकों ने कार में मारी टक्कर

**लखनऊ।** आशियाना कोतवाली क्षेत्र स्थित डा. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के एक छात्र की कार को नशे में धुत युवकों ने टक्कर मार दी। घटना करीब एक सप्ताह पहले की बताई जा रही है। पीड़ित छात्र की शिकायत पर पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कृष्णानगर के न्यू आशुतोष नगर निवासी मुदित कुमार सिंह, पुत्र मनीष कुमार सिंह, राम मनोहर लोहिया लॉ विश्वविद्यालय में चौथे वर्ष के विधि छात्र हैं।मुदित के अनुसार, 26 फरवरी की सुबह वह अपनी कार से विश्वविद्यालय परिसर की पार्किंग की ओर जा रहे थे, तभी मुख्य गेट के पास तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। छात्र का कहना है कि कार में चार युवक सवार थे और सभी नशे की हालत में थे। टक्कर मारने के बाद वे मौके से फरार हो गए। पीड़ित छात्र ने चार अज्ञात युवकों के खिलाफ आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## फर्जी रजिस्ट्री से प्लॉट पर कब्जे का आरोप , रिपोर्ट दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली में एक भू स्वामी ने तीन लोगों पर फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर उसके प्लॉट पर कब्जा करने के साथ मारपीट, धमकी देने का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

आलमबाग कोतवाली क्षेत्र स्थित डीजल शेड रोड रेलवे क्वार्टर निवासी आर्यन सिंह पुत्र राजकुमार सिंह के अनुसार उन्होंने ग्राम अलीनगर सुनहरा, वार्ड व तहसील सरोजनीनगर स्थित खसरा संख्या 383 का मिनजुमला रकबा 2000 वर्गफुट का भूखंड भावना पाण्डेय पत्नी अनिल कुमार पाण्डेय से खरीदा था। आरोप है कि रजिस्ट्री उपरांत जब वह सितम्बर माह में अपने प्लाट पर निर्माण कार्य शुरू करवाए तो बीते 3 सितंबर को सूर्य नगर राजाजीपुरम निवासी गीता तिवारी अपने पति दिनेश चन्द्र तिवारी तथा प्रमोद तिवारी के साथ उनके प्लाट पर पहुंच जबरन कब्जा करने के प्रयास में निर्माण को रुकवाने लगे तथा मौके पर पर उपस्थित मजदूरों व मिस्त्री तथा पीड़ित के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे और कहने लगे कि यह प्लाट गीता तिवारी का है।

पीड़ित के अनुसार जब उसने प्लाट के विषय में जानकारी की तो पता चला कि गीता तिवारी ने अपने पति दिनेश चन्द्र तिवारी व प्रमोद तिवारी से मिलकर एक फर्जी रजिस्ट्री किसी फर्जी जनार्दन दास मित्तल से करवाया है, जबकि वास्तविक जनार्दन दास मित्तल की मृत्यु 1981 में हो चुकी है। जिसके चलते उन्होंने अनुसार मामले की शिकायत पुलिस उपायुक्त से की थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर शनिवार को गीता तिवारी, दिनेश तिवारी व प्रमोद तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## मकान का ताला तोड़ कर बाइक व सामान चोरी

- पीड़ित छुट्टी में गया था अपने गांव रविवार को वापस आया तो देखा घर का ताला टूटा पड़ा बाइक व बाथरूम की समेत लाखो का समान चोरी
- पुलिस ने दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में चोरों के हौसले इतने बढ़ चुके है कि वह किसी भी बंद मकान का ताला तोड़कर लाखो का सामान चोरी कर ले जाते है। पुलिस बाद में मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश करती है।ऐसे आधे से ज्यादा मामले में पुलिस चोरों की तलाश नही कर पाती है।

पीड़ित मृत्युंजय शुक्ला ने बताया कि वह ग्राम कोठार मंगोलपुर थाना कोतवाली लालगंज अझारा जनपद प्रतापगढ़ हालपता रेड स्क्वायर कलोनी थाना सुशांत गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ के रेड स्क्वायर कालोनी का निवासी है, जो कलोनी के ही निवासी विनोद कुमार पाण्डेय के घर पर किराए के मकान में निवास करता था और पास में स्थित मकान का निर्माण करा रहा था। मकान का एक फ्लोर पूर्ण कंप्लीट होने के पश्चात फिनिशिंग का कार्य शेष रह गया था।

पीड़ित ने बताया कि किराए का मकान छोड़कर अपना सारा सामान अपने मकान में शिफ्ट कर लिया। स्कूल व कलेज में सेशन ब्रेक (छुट्टी) होने के कारण अपनी गाड़ी घर के बरामदे में 21 फरवरी को खड़ा कर अपने गांव प्रतापगढ़ चला गया था। पुनः स्कूल खुलने पर वापस आया तो मेन गेट का लक खुला हुआ और कमरे के अंदर का दरवाजा का ताला टूटा हुआ पाया गया, जिसमें प्रार्थी की मोटरसाइकिल के साथ घर की शौचालय सीट बाथरूम के नल व वाशबेसिंग तक चोरी कर ले गए।

इस संबंध में इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। पीड़ित ने बताया कि करीब बाइक समेत 3 लाख का सामान चोरों ने पार कर दिया है।

सुशांत गोल्फ सिटी में जनवरी व फरवरी में चोरियों व लूट की बाढ़, दहशत में निवासी- सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में जनवरी व फरवरी माह के दौरान चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हुआ है। बाइक चोरी, घरों में नकबजनी, शादी घर से कैश पार करने और निमार्णाधीन मकानों से सामान चोरी होने जैसे कई मामले सामने आए हैं।

लगातार हो रही वारदातों से स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है, उसके बावजूद पुलिस के जिम्मेदार दिन में चोरियां नहीं रोक पा रहे है तो उनसे रात्रि की क्या ही उम्मीद की जा सकती है लगातार सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में चोरियां का सिलसिला जारी कही बाजार से बाईक चोरी हो रही तो कही शॉपिंग मॉल से गाड़ियों को बैटरी हो रही चोरी तो कही घरों से लाखों रुपयों की नगदी और जेवरात हो रहे चोरी। क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है।

# नारी शक्ति को नमन कर वामा सारथी का विशेष सम्मान समारोह

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, वामा सारथी ने गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन कार्यालय लखनऊ में किया। एसोसिएशन की अध्यक्षा मीनाक्षी सिंह की विशेष पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में यूपी पुलिस के अराजपत्रित कर्मियों के परिवार की उन महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां अर्जित कर समाज के लिए प्रेरणा की नई मिसाल कायम की। इसके लिए प्रदेश के समस्त जनपदों से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए, जिसमें कुल 530 प्रविष्टियां मिलीं।

वामा सारथी की स्क्रीनिंग समिति द्वारा इन प्रविष्टियों की गहन समीक्षा के बाद 14 महिलाओं व बालिकाओं को मुख्यालय स्तर पर सम्मानित किए जाने के लिए चयनित किया गया।

सम्मान समारोह में मीनाक्षी सिंह ने प्रत्येक सम्मानित महिला को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन असाधारण महिलाओं को सम्मानित करना समस्त उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार के लिए गर्व एवं गौरव का क्षण है। इनकी उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समाज की हर बेटी, हर मां और हर महिला के लिए एक प्रकाशस्तंभ हैं।

**ये महिलाए व बालिकाएं हुईं सम्मानित, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित :** स्वाति रोझा (मोटो व्लॉगर एवं डिजिटल क्रिएटर) 'पेट्रोलहेड ऑफ द ईयर – फीमेल विनर' पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। खुशबू सिंह (व्यवसाय एवं उद्यमिता), अपूर्वा और अपूर्वी शिक्षा (संस्कृत प्रचार) इन्होंने 'दी संस्कृत पाठशाला' पुस्तक भी लिखी है। भावना चौधरी सरकारी सेवा बीएइएफ में चयनित होकर बीएसएफ एयर विंग की पहली महिला फ्लाइंग एयरक्रू/फ्लाइट इंजीनियर बनीं।श्रेया सिंह खेल (कराटे), डा. नेहा सिंह चित्रकला एवं लेखन, आरक्षी आकांक्षा सिंह, डा. नेहा सिंह एक अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार हैं। डा. पद्मिनी मिश्रा शिक्षा एवं विज्ञान, सुश्री साधना सामाजिक सेवा,डॉ. निरिमा गौतम सामाजिक सेवा एवं चिकित्सा, आकांक्षा प्रजापति साहित्य एवं लेखन ,निगहत विज्ञान एवं सामाजिक सेवा, हेमलता यादव 'लीवर दान', दीप्ति यादव 'किडनी दान एवं महिला सशक्तिकरण' के लिए सम्मानित किया गया।

वामा सारथी का यह सम्मान समारोह उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार की महिला शक्ति का जीवंत प्रमाण है। उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से समस्त सम्मानित महिलाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

इस अवसर पर वामा सारथी स्पेशल ईवेन्ट समिति की उपाध्यक्ष बृजरानी स्वर्णकार, स्पेशल ईवेन्ट समिति की सदस्य काम्या कुलकर्णी एवं मेघना गुप्ता, पुनीता सिंह अध्यक्षा स्किल डेवलपमेंट समिति, डॉ. चारु गाबा सचिव वामा सारथी, वामा सारथी की सदस्या आरती वर्मा, निहारिका सिंह, नीनू किरण, मनिनी श्रीवास्तव, ज्योति शर्मा एवं पुलिस कर्मियों के परिवारीजन उपस्थित रहे।

# मोरा फागुन में जियरा बहकै लला...सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

## लोक गायकों रीना टंडन और मुरारी लाल ने एसएनए लोकोत्सव में किया होली का रंग चोखा, खूब मचा धमाल






- मुरारी लाल शर्मा के दल द्वारा प्रस्तुत मयूर नृत्य, लठमार होली और फूलों की होली ने रंग जमा दिया
- अकादमी की ओर से पहली बार महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का सम्मान भी किया गया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक पर्व एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, की ओर से लोकोत्सव का आयोजन 7 और 8 मार्च को गोमती नगर स्थित अकादमी परिसर के मुक्ताकाशीय मंच पर किया गया।

इसकी प्रथम संध्या पर शनिवार को जहां वाराणसी की विदुषी डॉ. सुचरिता गुप्ता ने मधुर लोक गीत और महोबा के जितेन्द्र चौरसिया ने जोशीला आल्हा गायन सुनने को मिला वहीं रविवार को महिल दिवस के अवसर पर लखनऊ की वरिष्ठ लोक गायिका रीना टण्डन और बृज के लोकप्रिय लोक नृत्य कलाकार मुरारी लाल शर्मा ने इस लोकोत्सव को परवान चढ़ाया। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय कला एवं संस्कृति संस्थान के निदेशक डॉ.अतुल द्विवेदी और केजीएमयू की वरिष्ठ चिकित्सक विनीता सिंह सहित अकादमी के अध्यक्ष प्रो.जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह और निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने लोक गायिका रीना टण्डन के साथ दीप प्रज्वलित कर लोकोत्सव की द्वितीय संध्या का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर आमंत्रित कलाकारों का सम्मान भी पुष्प, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

महिला दिवस के विशेष अवसर पर प्रथम कड़ी के रूप में, अकादमी के अध्यक्ष प्रो.जयंत खोत और निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर द्वारा अकादमी परिवार की महिला सदस्यों की उपाध्यक्ष विभा सिंह, रेनू श्रीवास्तव, अर्चना, विभा सैकिया, नसरीन, महिमा सिंह, श्रुति शर्मा, नीता जोशी, रजनी, सुमन सहित महिलाओं के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही स्वयं सेवी संस्था की सदस्यों राधा यादव, सोनी पाठक, गीता, सुनीता, आरती आदि का अलंकरण पुष्प और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। वंदना शुक्ला के कुशल संचालन में हुए इस लोकोत्सव के प्रथम सत्र में वरिष्ठ लोक गायिका रीना टण्डन ने गणपति वंदना गणपति खेलै रंग आज पर्वत पर से लोकोत्सव की दूसरी शाम का मधुर आगाज किया।

प्रथम देव गणपति की होली से अभिरंजित वंदना के उपरांत उन्होंने वसंत रचना घिर आयो नवल वसंत और फाग गीत उड़त अबीर गुलाल, रंगीली होली है सुनाया। होली का सुरूर आगंतुकों पर चढ़ता देख उन्होंने से राग काफी पर आधारित पारंपरिक होली होली खेलत गिरधारी रे वनवारी रे, राधा प्यारी भीज गई सुनायी तो परिसर तालियों से गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने खासतौर से पूर्वोत्तर उत्तर प्रदेश में प्रचलित चहका, सिर बांधे मुकुट खेले होली भी गाया। नवरात्र में प्रचलित लांगुरिया सुंदर फूल परे परिया पे, मन मोह्यो लांगुरिया भी उनके मधुर कंठ स्वरों में सुनते ही बना। श्रंगार गीत मोरा फागुन म जियरा बहकै लला के बाद अंत में उन्होंने उलारा, राधे नहीं बोले बुलाए से सुनाया। इसमें फाग गीत, चहका और उलारा पर नृत्यांगनाओं ने सुंदर भाव नृत्य कर इन प्रस्तुतियों में जोश भर दिया। नृत्य दल में वैष्णवी वर्मा, परि वर्मा और श्रेष्ठा श्रीवास्तव शामिल रहीं। इस प्रस्तुतियों सह कलाकारों की बात करें तो आर्गन पर जितेन्द्र, ढोलक पर प्रदीप, नक्कारे पर सुनील विश्वकर्मा, साइड रिदम पर मनोज वर्मा और सैक्साफोन पर शिव ने प्रभावी संगत दी वहीं सह गायिकाओं में शिखा श्रीवास्तव और ज्योति शर्मा रहीं।

द्वितीय सत्र में बृज के लोक नृत्य कलाकार और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी सम्मान से अलंकृत मुरारी लाल शर्मा ने मयूर रास के अंतर्गत राधा-कृष्ण के अलौकिक प्रेम और महारास का मनोरम प्रदर्शन नृत्य के माध्यम से किया। इसमें राधा रानी की कामना को पूरा करते हुए भगवान कृष्ण ने मयूर के रूप में नृत्य करते हुए मयूर रास का अद्भुत प्रदर्शन किया। देश ही नहीं विदेशों तक में प्रदर्शन कर चुके पंडित मुरारी लाल शर्मा ने बरसाने की लठमार और फूलों की होली का जीवंत प्रदर्शन कर आगंतुकों को सतरंगी उल्लास से सराबोर कर दिया। एक दिना श्री कुंवर राधिका मोर कुटी आयी पर जहां मयूर रास पेश किया गया वहीं फाग खेलन बरसाने में आये हैं नटवर नंद पर फूलों की होली और फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी पर लट्ठमार होली का दृश्य मनोरम रूप से पेश किया गया। इस प्रस्तुति में गायन, वादन और नृत्य कलाकारों में संजय कुमार शर्मा, पप्पू, जगदीश प्रसाद, सोनू, रवि शर्मा, नरेश, लवेश, ज्योति, सपना, आशा, लेखराज शर्मा सचिन शामिल रहे। इस लोकोत्सव के आकर्षक सजे परिसर में आयोजित द्वितीय संध्या का आनंद वरिष्ठ गायिका विमल पंत, कमलेश पाठक, राजेन्द्र विश्वकर्मा सहित विभिन्न हस्तियों ने लिया।

# गहोई वैश्य समाज के होली मिलन में बरसे फूल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गहोई वैश्य सेवा समिति की वार्षिक आमसभा और होली मिलन समारोह में समाज के सदस्यों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए फूलों की होली खेली और आपसी सौहार्द तथा भाईचारे का संदेश दिया। रविवार को सआदतगंज के बीबीगंज स्थित निगोतिया भवन में आयोजित समारोह में समाज की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई और आने वाले समय में सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। गहोई वैश्य सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्त भावुक ने सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दीं तथा आयोजन को सामाजिक एकता और पारिवारिक आत्मीयता का प्रतीक बताया। महामंत्री ज्ञानेन्द्र कठिल ने समाज की एकता और पारस्परिक सहयोग को मजबूत बनाने का आह्वान किया तथा संजीव निगोतिया के प्रति आतिथ्य के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और श्रीमती अर्चना गुप्ता के संयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को उल्लासमय बनाया। इस अवसर पर सर्वश्री संजय तपा, श्रीमती शशी रावत, आलोक सेठ, अनिल कुमार नीखरा, सुषमा पहारिया, रश्मि हुँका, अंकित सोहाने, राजीव कुमार विश्वारी, अर्चना सांवला के साथ ही समिति के संरक्षक रमेश मलैया, जी.एस. गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता सहित समाज के अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# शिल्पा शिंदे के साथ शहर की महिलाओं ने ली सेल्फी

## अभिनेत्री ने सेल्फी लो शाइन करो स्टार बन जाओ पहल में शामिल होकर राजधानी की आम महिलाओं को बनाया खास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** लोकप्रिय शो भाबीजी घर पर हैं ! 2.0 में अंगूरी भाबी के किरदार के लिए मशहूर शिल्पा शिंदे ने एण्डटीवी की खास पहल सेल्फी लो. शाइन करो. स्टार बन जाओ ! में शामिल होकर राजधानी की आम महिलाओं को खास बनाया। महिला दिवस के अवसर पर एण्डटीवी ने एक खास सेल्फी लो. शाइन करो. स्टार बन जाओ-के जरिए साधारण सेल्फी को आत्मविश्वास, पहचान और अभिव्यक्ति के जश्न में बदल दिया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा मंच देना था, जहां वे अपनी पहचान, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को खुलकर व्यक्त कर सकें।

इस अभियान के तहत एक खास एण्डटीवी मिरर इंस्टॉलेशन तैयार किया गया, जिस पर वूमेन एंड क्रियेटर, वूमेन एंड एचिवर, वूमेन एंड ड्रिमर और वूमेन एंड विलिवर जैसे प्रेरक संदेश लिखे थे। यहां ली गई हर सेल्फी महिलाओं के आत्मविश्वास और गर्व की झलक बन गई। प्रतिभागियों ने अपनी तस्वीरें एण्डटीवी को टैग करते हुए इस अभियान का हिस्सा बनकर खुद को पहचानने और अपनी आवाज को सामने लाने का संदेश दिया। इस मौके पर शिल्पा शिंदे, जिन्हें दर्शक भाबीजी घर पर हैं ! 2.0 में अंगूरी भाबी के किरदार के लिए बेहद पसंद करते हैं, आज रविवार को लखनऊ के लुलु मॉल में इस अभियान से जुड़ीं। उन्होंने वहां मौजूद महिलाओं से बातचीत की और उनके साथ खास पल साझा किए। कई महिलाओं को उनके साथ सेल्फी लेने और इस खास अनुभव को यादगार बनाने का मौका भी मिला।

इस पहल के बारे में शिल्पा शिंदे ने कहा, यह देखना बहुत अच्छा लगता है कि एक साधारण सेल्फी भी महिलाओं के लिए अपनी पहचान और आत्मविश्वास व्यक्त करने का माध्यम बन सकती है। एण्डटीवी की यह पहल महिलाओं को खुद पर गर्व करने और अपनी अलग पहचान को खुलकर सामने लाने के लिए प्रेरित करती है। मुझे खुशी है कि मैं ऐसे अभियान का हिस्सा बनी हूं, जो महिलाओं को अपने तरीके से चमकने का अवसर देता है।

# स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रविवार को गुरु नानक हाल, सदर गुरुद्वारा प्रांगण में आजाद लेखक कवि सभा उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से सरदार नरिंदर सिंह मोंगा जी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में त्रिलोक सिंह बहल द्वारा सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सरबजीत सिंह बखि्शश द्वारा करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। जिसमें गावहु साची बाणी, प्रभु का सिमरन सभ ते ऊंचा, सरबत द भला ग्रुपों के बच्चों ने द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। प्रिंसिपल मंजीत कौर, उसप्रीत कौर सलूजा, पम्मी कौर भाटिया, तृप्ति पाहवा, रविंदर कौर कलसी, दविंदर पाल सिंह बग्गा, अजीत सिंह, अमरदेव सिंह सग्गू, हरपाल सिंह जग्गी, डा.अमरजोत सिंह, अश्मीत कौर, अरविंद मिश्रा (उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी), सिमरजीत कौर, सरदार जी एस कलसी जोरावर सिंह कोहली, नवीन भसीन ने अपने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ शहर की डिप्टी मेयर सरदारनी चरनजीत कौर गांधी ने भी आजाद लेखक कवि सभा के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए, अपने विचार रखे। आजाद लेखक कवि सभा के पदाधिकारियों द्वारा सभी आये प्रतिष्ठित बहनों और भाईयो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# उत्तराखंड महापरिषद नें मनाया होली मिलन समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तराखंड़ महापरिषद का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पहाड़ी संस्कृति के साथ रंगारंग कार्यक्रम का भी लोगों नें लुफ्त उठाया। समारोह के मुख्यअतिथि नंदन सिंह बोरा थे। राजधानी के कुर्मांचल नगर स्थित रामलीला मैदान में हर वर्ष की तरह इस बार भी होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

एक तरफ महिलाएं जहां अपनी परंपरागत पोशाक में नजर आयीं तो वहीं पुरुष भी पहाड़ी वेशभूषा में एक दूसरे को गुलाल लगा कर अभिवादन करते नजर आए। महिलाओं नें होली पर परंपरागत लोकगीत गा कर समारोह को और भी मनभावन बना दिया। समारोह के आखिर में सभी लोगों को भोजन कराया गया। नंदन सिंह बोरा नें मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से रंग किसी भी चीज को अपना लेता है और वक्ती तौर पर अपनी छाप बना लेता है ठीक उसी तरह हमें भी आपस में अपने प्रेम व्यवहार से एक दूसरे को अपना समझना चाहिए। प्यार और सौहाद्र ही व्यक्ति का व्यक्तित्व झलकता है। परिषद के अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत नें इस अवसर पर अपने उदबोधन में उपस्थिति लोगों का धन्यवाद दिया और कहा कि होली ही एक ऐसा त्योहार है जिसमें आपसी सौहाद्र की भावना झलकती है। महासचिव भारत सिंह बिष्ट नें कहा कि हमें समाज में एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए क्यूकि समाज में एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। समारोह में मुख्य रूप से रामलीला समिति के अध्यक्ष दीवान सिंह अधिकारी, महामंत्री बिपिन सिंह, नवीन चौधरी, पंकज खर्कवाल, विनोद सनवाल, अशोक नेगी सहित सैकड़ों लोगों नें भाग लिया।

# नारी है शक्ति, नारी ही अभिमान में महिलाएं सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से आयोजित नव अंशिका महिला माह के अंतर्गत दूसरे रविवार 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर नारी एक रूप अनेक थीम पर स्लोगन और चित्रकला की प्रतियोगिता गोमती नगर विकल्प खंड तीन स्थित प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमें नव्या, ईशी, पीहू, मायरा, रितिका, अनुष्का, कायनात, माधव आदि सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।

इसके माध्यम से महिलाओं द्वारा समाज के उत्थान में विभिन्न क्षेत्रों में दी जा रही अनुपम सेवाओं को नमन अर्पित किया गया। इस क्रम में तीसरे रविवार 15 मार्च को नारी एक रूप अनेक थीम पर रंगोली प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी। इन सभी विजेताओं को मार्च माह के अंतिम रविवार 29 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। 29 मार्च को केन्द्रीय कार्यक्रम नव अंशिका सर्वश्री सम्मान प्रदान किया जाएगा जिसमें पुरुषों के क्षेत्र में नाम अर्जित करने वाली महिलाओं को अलंकृत किया जाएगा। नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि महिला माह की कड़ी में जहां 1 मार्च को गोमती नगर के रेल विहार कालोनी के घरों में काम करने वाली महिलाओं को नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान दिया गया। वहीं दूसरे रविवार 8 मार्च, महिला दिवस के अवसर पर नारी एक रूप अनेक थीम पर स्लोगन इसमें चित्रकला की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने नारी है शक्ति, नारी ही अभिमान, नारी से ही रोशन, यह सारा जहान और सशक्त नारी, सशक्त समाज जैसे प्रेरक संदेश कलम और कूची के माध्यम से रचनात्मक और कलात्मक रूप में दिये।

# फूलों की होली में इस्कॉन मंदिर हुआ ब्रजमय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अपरिमेय श्याम प्रभु मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ के कुशल दिशा निर्देशन एवं इस्कॉन भक्त वृंद के सतत प्रयासों से आनंदम मंगल महा मिलन फूलों की होली का चतुर्थ वर्षीय कार्यक्रम अत्यन्त भव्यता, संगीतमय एवं दिव्यता से सम्पन्न हुआ, जिसमे क्रमशः निम्न कार्यक्रम सम्पन्न हुये। जिसकी शुरूआत स्वागत भजन एवं नृत्य, हरिनाम संकीर्तन से हुआ।

प्रभुजी, जोनल सेक्रेटरी, इस्कॉन, नेपाल, देवकीनंदन प्रभुजी, जोनल सेक्रेटरी, इस्कॉन, उत्तर प्रदेश, अपरिमेय श्याम प्रभु, मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ एवं आनंद स्वरुप अग्रवाल, चेयरमैन मन्दिर निर्माण कमेटी द्वारा सम्बोधित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रभुपाद यूथ आर्मी द्वारा नाट्य प्रस्तुति, इस्कॉन गर्ल्स फोरम द्वारा नाट्य प्रस्तुति, मुकुंदा रॉक बैंड की प्रस्तुति, फूलों की होली (देशी विदेशी फूलों द्वारा) सुस्वादिष्ट प्रसादम वृहद भंडारा आयोजित किया गया। उक्त समस्त कार्यक्रमों मे मन्दिर मे उपस्थित भक्तो ने झूमते, नाचते एवं संकीर्तन करते हुये खूब आनंद उठाया, प्रस्तुति पर भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, और भक्त निरंतर थिरकते हुये आनंद के सागर मे डुबकियाँ लगा रहे थे। फूलों की होली मे 100 कुंतल से अधिक पुष्पों की निरंतर वर्षा से सम्पूर्ण परिसर पुष्पायमान हो गया भक्तों ने भगवान एवं एक दूसरे पर पुष्प वर्षा की और झूमकर नृत्य करते हुये होली खेली।

उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पत्री प्रभु, जोनल सेक्रेटरी, इस्कॉन नेपाल एवं देवकीनंदन प्रभु, जोनल सेक्रेटरी, इस्कॉन, उत्तर प्रदेश, आनंद स्वरुप अग्रवाल, अध्यक्ष निर्माण कमेटी, श्रीमान लाल बहादुर यादव प्रभु (वाइस चेयरमैन, फेस्टिवल कमेटी) भोक्ताराम प्रभु (वॉइस प्रेसीडेंट), मधुस्मिता प्रभु (वॉइस प्रेसीडेंट) के अतिरिक्त अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनके द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। देवकीनंदन प्रभुजी ने उपस्थित हजारों भक्तों से निवेदन किया कि आप सब संकल्प ले कि मन्दिर निर्माण में 5100/- रुपए प्रति वर्ग फुट का सहयोग करते हुए अगले वर्ष तक मन्दिर का निर्माण कराकर श्री श्री राधा रमण बिहारी जी से अपना प्रेम प्रदर्शित करें। पत्री प्रभु ने सभी से संकल्प करवाया कि आप सब उपस्थित भक्त प्रतिदिन कम से कम एक घंटे में एक मिनट अर्थात प्रतिदिन 24 मिनट भगवान श्रीकृष्ण का नाम अवश्य लीजिए ' एक माला सुबह एक माला शाम एवं एक गीता का श्लोक प्रतिदिन अवश्य पढ़िए ' साथ ही साथ यह भी बताया कि मन्दिर श्रवण के केंद्र हैं इन्हे शिक्षा के केंद्र के रूप मे स्थापित किया जाना होगा कृष्ण भक्ति से शोक, मोह एवं भय समाप्त हो जाता है, इसलिए कृष्ण भक्ति करिये ' भगवान श्रीकृष्ण का नाम एवं कथा कलयुग की दवा है, इसलिए हमें इसे नित्य करना चाहिए।

# साहित्य, संगीत, नृत्य और रंगमंच की महिलाओं को किया सम्मानित




**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदीरा पिंक इज पावरफुल की ओर से होटल क्राउन प्लाजा, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ में आयोजित हुनर के रंग कार्यक्रम में महिला प्रतिभाओं के हुनर, रचनात्मकता और उपलब्धियों का सम्मान किया गया। साहित्य, संगीत, नृत्य और रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को इस अवसर पर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कवियित्री डॉ. सरला शर्मा की पंक्तियों तमाशा खुद सरे बाजार मत बन, मुहब्बत कर मगर बीमार मत बन।

तुझे हक है यकीनन मेरे दिल पर, हुकूमत कर मगर सरकार मत बन ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे माहौल को साहित्यिक संवेदनाओं से सराबोर कर दिया और श्रोताओं ने तालियों की गूंज से उनका स्वागत किया। हुनर के रंग कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें कविता के क्षेत्र में डॉ. सरला शर्मा, शगुफ्ता अंजुम, रंगोली पंडित, प्रिया सिंह, रंगमंच के क्षेत्र में मृदुला भारद्वाज, संध्या रस्तोगी, भानुमति सिंह, रोजी मिश्रा, अर्चना शुक्ला, नृत्य के क्षेत्र में सुरभि सिंह, डॉ. सुरभि शुक्ला, प्रसन्ना, सरिता सिंह, डॉ. रूचि खरे, गायन के क्षेत्र में कुसुम वर्मा, डॉ. अंजु भारती, संगीता श्रीवास्तव, संजोली पांडेय, और आकांक्षा सिंह को प्रमुख रूप से सम्मानित किया गया। वहीं राइजिंग स्टार के रूप में अदिति श्रीवास्तव और अधिरा यादव को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। स्पेशल अवॉर्ड्स के तहत बोधिट्री इंडिया की फाउंडर नेहा आनंद, लखनऊ की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लवी मेहरोत्रा, यूपी सचिवालय में मैनेजमेंट ऑफिसर हर्षिता पांडेय, क्राउन प्लाजा की असिस्टेंट मार्केटिंग मैनेजर मुस्कान वर्मा, उद्गम वेलफेयर फाउंडेशन की प्रमुख रूपाली श्रीवास्तव, रेड ब्रिगेड लखनऊ की संस्थापिका ऊषा विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमरेन फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता रेणुका टंडन रहीं। उन्होंने अदीरा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के बिना समाज की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और ऐसे मंच उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

# जौनपुर वासियों को मिली शटल एक्सप्रेस की सौगात, यात्रियों में खुशी की लहर




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। लंबी प्रतीक्षा के बाद अब शटल एक्सप्रेस का ठहराव जलालगंज रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित कर दिया गया है। लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने सपा सांसद प्रिया सरोज को पत्र भेजकर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करने का आग्रह किया है। इस संबंध में जानकारी मिलते ही जलालगंज व आसपास के क्षेत्रों में लखनऊ आने-जाने वाले यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

लाकडाउन से पूर्व वाराणसी से लखनऊ के बीच चलने वाली वरुणा एक्सप्रेस का ठहराव जलालगंज स्टेशन पर होता था। लाकडाउन के बाद वरुणा एक्सप्रेस के स्थान पर शटल एक्सप्रेस का संचालन शुरू हुआ, लेकिन इसका ठहराव जलालगंज में नहीं था। इससे स्थानीय यात्रियों को लखनऊ जाने के लिए वाराणसी या जौनपुर जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती थी, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सपा सांसद ने कई बार रेलमंत्री से मिलकर जलालगंज में ट्रेन ठहराव की मांग उठाई थी। उनके सतत प्रयासों के फलस्वरूप अब शटल एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित हो गया है।

नई व्यवस्था के तहत शटल एक्सप्रेस सुबह 6:26 बजे लखनऊ की ओर जाने के लिए तथा रात्रि 9:23 बजे वापसी के दौरान जलालगंज स्टेशन पर रुकेगी। छह मार्च को सांसद प्रिया सरोज ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी।

## 16 दिन में 7 देशों की सैर करायेगा आईआरसीटीसी



**लखनऊ।** इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने जून में 15 रात और 16 दिन का अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज यूरोप विद यूके लॉन्च किया है। यह यात्रा 9 जून से शुरू होगी। इंदौर और भोपाल से यात्रियों को दिल्ली लाया जाएगा, जहां से अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट के जरिए टूर संचालित होगा। आईआरसीटीसी के अनुसार, इंदौर और भोपाल से यात्रियों को दिल्ली तक लाने की व्यवस्था की गई है। दिल्ली से सभी यात्री एक साथ अंतरराष्ट्रीय उड़ान के जरिए यूरोप के लिए रवाना होंगे। मंगलवार को इस संबंध में जानकारी दी गई। इस पैकेज में यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, बेल्जियम, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली की यात्रा कराई जाएगी। यात्रियों को एक ही टूर में इन सात देशों के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

आईआरसीटीसी के वेस्टर्न जोन के पीआरओ ए.के. सिंह ने बताया कि यात्रा के दौरान लंदन आई, एफिल टॉवर, लूव्र संग्रहालय, माउंट टिटलिस, लुसेर्न झील, राइन फॉल्स, वेटिकन सिटी और कोलोसियम का भ्रमण कराया जाएगा। कई स्थानों पर क्रूज राइड भी कराई जाएगी।

**प्रति व्यक्ति 4.77 लाख से शुरू कीमत :** टूर पैकेज की शुरूआती कीमत 4.77 लाख रुपए प्रति व्यक्ति तय की गई है। इस कीमत में टीसीएस अतिरिक्त होगा। यात्रियों को निर्धारित शुल्क के अनुसार पैकेज उपलब्ध कराया जाएगा। पैकेज में रिटर्न एयर टिकट, तीन सितारा होटलों में ठहराव, सभी भोजन, दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, क्रूज यात्रा, यूके और शेंगेन वीजा, ट्रैवल इंश्योरेंस और आईआरसीटीसी टूर मैनेजर की सेवाएं शामिल हैं।

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन ने भरी रफ्तार

**लखनऊ।** देश में स्वच्छ और आधुनिक रेल सेवा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का जींद में सफल परीक्षण किया गया। यह ट्रेन सुबह करीब 8:30 बजे जींद रेलवे स्टेशन से आठ बोगियों के साथ रवाना हुई और रेलवे ट्रैक पर 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी. यह परीक्षण भारतीय रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। हाइड्रोजन ट्रेन जींद रेलवे स्टेशन से चलकर ललित खेड़ा रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ी. हालांकि, निर्धारित स्थान से पहले ही ट्रेन ने यू-टर्न लिया और वापस जींद स्टेशन लौट आई। इस दौरान ट्रेन ने करीब 20 किलोमीटर का सफर सफलतापूर्वक पूरा किया. ट्रेन के संचालन के दौरान दो लोको पायलट मौजूद रहे, वहीं रेलवे स्टाफ के कर्मचारी और आरपीएफ के जवान भी सुरक्षा और निगरानी के लिए ट्रेन में तैनात थे।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल हाइड्रोजन ट्रेन का परीक्षण चरण चल रहा है. अगले एक सप्ताह तक इसी तरह नियमित रूप से ट्रायल किए जाएंगे, ताकि तकनीकी और सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा सके. यदि परीक्षण सफल रहते हैं, तो जल्द ही इस ट्रेन को नियमित रूप से रेलवे ट्रैक पर उतार दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, भविष्य में यह हाइड्रोजन ट्रेन जींद से सोनीपत के बीच चलाई जा सकती है. खास बात यह है कि देश की इस अनोखी ट्रेन के लिए हाइड्रोजन प्लांट भी जींद शहर में ही स्थापित किया गया है. बता दें कि, हाइड्रोजन से चलने वाली यह ट्रेन पर्यावरण के लिए भी बेहद फायदेमंद मानी जा रही है, क्योंकि इससे प्रदूषण नहीं होता. इस सफल ट्रायल के साथ भारतीय रेलवे ने हरित और टिकाऊ परिवहन की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ा दिया है।

## टोक्यो से हिरोशिमा तक घूमने का मौका

**लखनऊ।** अगर आप अप्रैल में जापान के प्रमुख शहरों की सैर करना चाहते हैं तो इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन आपके लिए एक बेहतरीन हवाई टूर पैकेज लॉन्च कर रहा है. आईआरसीटीसी, लखनऊ कार्यालय एक आकर्षक अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज 'जापान झ चेरी ब्लॉसम का मौसम' का संचालन कर रहा है. इस टूर पैकेज में जापान के प्रमुख पर्यटन स्थलों टोक्यो, फूजी, क्योटो, ओसाका, हिरोशिमा एवं मियाजिमा का भ्रमण कराया जाएगा।

यह टूर 02 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत यात्रियों को 10 दिवसीय विदेशी यात्रा का अद्भुत अनुभव प्राप्त होगा। इस यात्रा में यात्रियों को लखनऊ, देहरादून, बरैली, मुरादाबाद, मथुरा, आगरा से उपयुक्त साधन द्वारा दिल्ली लाया जाएगा. इसके बाद दिल्ली से एयर इंडिया की उड़ान द्वारा जापान ले जाया जाएगा. यात्रा के दौरान यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था थ्री स्टार होटल में की जाएगी. पैकेज में भारतीय भोजन (08 नाश्ता, 08 दोपहर का भोजन एवं 08 रात्रि भोजन), ट्रैवल इंश्योरेंस एवं अनुभवी गाइड की सुविधा शामिल है।

किन जगहों पर घूमने का मिलेगा मौका?

इस टूर के अंतर्गत यात्रियों को उएनो पार्क, लेक कावागुची, योयोगी पार्क में चेरी ब्लॉसम दर्शन, टोक्यो स्काईट्री, माउंट फूजी क्षेत्र, अराशियामा बांस वन, किंकाकु-जी मंदिर, ओसाका कैसल, नारा डियर पार्क, हिरोशिमा पीस मेमोरियल पार्क एवं इट्सुकुशिमा श्राइन जैसे विश्व-प्रसिद्ध दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा. साथ ही जापान की प्रसिद्ध हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन (शिंकानसेन) यात्रा इस टूर को और भी यादगार बनाएगी। इस अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज के लिए एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 419000/-, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 356000/-, तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 356000/-, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य रू. 356000/- बेड सहित एवं मूल्य रू. 296300/- बिना बेड के होगा।

आईआरसीटीसी उत्तरी क्षेत्र लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस टूर पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी. उन्होंने बताया कि यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट पर भी कराई जा सकती है. साथ ही अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिए नीचे दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

## शकुन्तला विवि में उत्कृष्ट विचार रखने वाली छात्राएं सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विवि परिसर के ए-वन ब्लॉक के कक्ष संख्या 337 में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षिका डॉ. शैलजा सिंह ने मां सरस्वती और भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और समाज में महिलाओं की भागीदारी को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विचार प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इसमें ऋचा पाण्डेय को प्रथम, निधि राठौर को द्वितीय और अंजली गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उन्हें प्रमाण पत्र और पटका देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. विजय कुमार वर्मा ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान अवसर के प्रति समाज को जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। वहीं उत्कृष्ट विचार प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों में मान्सी यादव, सुमित्रा और ज्योति शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर सुनील लोधी, रामनरेश और मीनू मौर्या को भी पटका भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

# मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की आधारशिला है

- भाजपा लखनऊ महानगर का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों के मंडलों में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविरों का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षित करना था।

प्रशिक्षण शिविर के विभिन्न सत्रों में भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति, संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में संगठन की सक्रियता बढ़ाने तथा बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले स्थायी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के विषय में भी कार्यकताओं को जानकारी दी गई, जिससे वे इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा सकें।

प्रशिक्षण शिविरों में वक्ताओं ने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की आधारशिला है और पार्टी कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति हैं। कार्यकताओं से अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय रहें। कार्यशालाओं में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने उत्तर विधानसभा के उद्घाटन सत्र तथा सरोजिनी नगर मंडल-1 के समापन सत्र को संबोधित किया। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने उत्तर मंडल-1 के समापन एवं पश्चिम मंडल-1 के उद्घाटन सत्र में मार्गदर्शन दिया। प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने सरोजिनी नगर दक्षिण मंडल के द्वितीय सत्र में अपने विचार रखे।

इसी क्रम में पूरब विधानसभा के मंडल-2 में सुधीर शंकर हलवासिया, उत्तर मंडल-1 के द्वितीय सत्र में आलोक सिंह, पश्चिम विधानसभा के मंडल-1 में अंजनी श्रीवास्तव तथा सरोजिनी नगर में रजनीश गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों को संबोधित कर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रशिक्षण शिविरों में मंडल में रहने वाले प्रदेश, अवध, महानगर पदाधिकारीयों सहित मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, वार्ड अध्यक्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## विवेकानंद हॉस्पिटल में निशुल्क ग्लोकोमा स्क्रीनिंग कैंप आज

**लखनऊ।** ग्लोकोमा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल मार्च में वर्ल्ड ग्लोकोमा वीक मनाया जाता है। इस साल यह 8 मार्च से 14 मार्च तक है, और इस साल की थीम है ग्लोकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना। विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में ग्लोकोमा जागरूकता अभियान और निशुल्क ग्लोकोमा स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन 9 मार्च, सोमवार को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आई ओपीडी रूम नंबर 80 में डॉ. जिमी मित्तल, सीनियर कंसल्टेंट और हेड ग्लोकोमा स्पेशलिस्ट के नेतृत्व में होगा। विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने कहा ग्लोकोमा कैटरैक्ट के बाद दुनिया भर में रोके जा सकने वाले अंधेपन का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। हम अपने अस्पताल के नेत्र विभाग में 9 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक मुफ्त ग्लोकोमा स्क्रीनिंग और पेशन्ट जागरूकता कैंप आयोजित करके वर्ल्ड ग्लोकोमा वीक मना रहे हैं, हमारे पास सभी आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरण उपलब्ध है. विशेषज्ञ डॉ.जिमी मित्तल, सीनियर कंसल्टेंट,हेड ग्लोकोमा स्पेशलिस्ट मरीज की निशुल्क जांच करेगी एवं उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## श्रीराम क्षत्रिय महासभा की हुई बैठक




**लखनऊ।** श्रीराम क्षत्रिय सेना सम्बद्ध श्रीराम क्षत्रिय महासभा रजि० की लखनऊ जिला इकाई की बैठक जिला मंत्री लखनऊ शिव हरि सिंह के निवास पर राजाजीपुरम ,लखनऊ में हुई ।बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह चौहान ने की ।संगठन के संस्थापक /राष्ट्रीय जमुना बक्स सिंह निर्भय ने केंद्र सरकार से यू जी सी,विनियम,2026 को वापस लेने की मॉग की ।संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने मुसाफिर सिंह जो प्रदेश मंत्री से प्रदेश उपाध्यक्ष व सरोज सिंह जी को जिला उपाध्यक्ष लखनऊ नियुक्त किया ।बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता अध्यात्म सिंह एडवोकेट,जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र बहादुर सिंह चौहान,जिला महामंत्री अमित सिंह चौहान,जिला मंत्री विमल सिंह सोमवंशी,सत्येंद्र प्रताप सिंह परिहार,शिव हरि सिंह , मान सिंह तोमर व धर्मेंद्र सिंह गौर, जिला संगठन मंत्री गुलाब सिंह सोमवंशी आदि उपस्थित रहे ।बैठक का संचालन जिला संगठन मंत्री सम्राट सिंह राजावत ने किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : 40 महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड से किया सम्मानित





**लखनऊ।** लखनऊ फिजियोथेरेपी एसोसिएशन तथा अन्तर्राष्ट्रीय हेल्थ और फिटनेस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को इंडिया हेल्थ एंड फिटनेस का आयोजन किया गया। सिम्पोजियम में शहर के लगभग 250 फिजिओथेरेपिस्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला दिवस के अवसर पर 40 महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि महिलाओं के राजनीति में आने से सकारात्मक बदलाव होंगे। इससे देश में नई नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। महिलाओं के विकास बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। इसीलिए सरकार ने महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू किया है।

**आधी आबादी के लिए सम्मान, सशक्तीकरण व रोजगार का संगम :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को राज्यस्तरीय कार्यक्रम में न सिर्फ आधी आबादी का सम्मान किया गया, बल्कि उन्हें रोजगार के नए अवसर भी मिले। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र व आयुष्मान कार्ड प्रदान किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता व शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इन बच्चियों से बातचीत की, उन पर अपना स्नेह बरसाया और उन्हें उपहार भी दिए। सीएम योगी ने सराहनीय कार्य करने वाली महिलाकर्मियों का भी सम्मान किया। उन्होंने महिला कल्याण विभाग की छाया बड़वल (बरेली) व उमैरा मेराज (लखनऊ) और महिला सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस निरीक्षक नीलम राणा, मुख्य आरक्षी वेदवती व शिमला सिंह को सम्मानित किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने बाल विवाह की रोकथाम तथा 181 महिला हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुमारी नैंसी (फतेहपुर), पायल (बागपत) और लखनऊ की स्नेहलता व दीप्ति को भी सम्मानित किया। सीएम योगी ने सभी को प्रशस्ति पत्र के साथ बधाई व शुभकामनाएं दीं।

**व्यापार मंडल ने नारियों को सम्मानित किया :** लखनऊ व्यापार मंडल की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारियों को सम्मानित किया गया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा और विकास की आधारशिला है। हमारे समाज, परिवार और व्यापारिक जगत की उन्नति में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि आज की नारी केवल घर तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, व्यापार, प्रशासन, राजनीति और सामाजिक सेवा जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही है। महिलाओं की मेहनत, समर्पण और नेतृत्व क्षमता ने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है।

मिश्र ने कहा कि नारी सम्मान ही समाज का सम्मान है। जब तक महिलाओं को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। इसलिए हमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, स्वावलंबन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल सदैव महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के लिए कार्य करता रहेगा। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति तब संभव होती है जब महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों। आज महिलाएं अपने साहस, मेहनत और प्रतिभा के बल पर हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि परिवार से लेकर व्यापार और सामाजिक क्षेत्र तक महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जो समाज के लिए सकारात्मक संकेत है।

## पुनर्वास विवि की डॉ. मल्लिका सक्सेना को मिला सक्षम भारत अवार्ड 2026



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित नेतृत्व स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम फॉर वुमेन में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की डॉ. मल्लिका सक्सेना को सक्षम भारत अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। लेट्स गिव होप फाउंडेशन की ओर से कैसरबाग स्थित राय उमनाथ बली ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी प्रकाश डी. रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि डिप्टी डायरेक्टर दिव्यांगजन सशक्तिकरण डॉ. अमित राय रहे। डॉ. मल्लिका सक्सेना वर्तमान में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की विभागाध्यक्ष हैं। वे समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक संसाधनों को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही हैं।

# मिट्टी के माध्यम से बच्चे सीख रहे हैं सृजन की कला

- क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का शुभारंभ : नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एस्थेटिक एंड कल्चरल डेवलपमेंट प्रोग्राम 202526 के अंतर्गत लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल द्वारा फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएँ शीर्षक से एक रचनात्मक क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 13 मार्च तक आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य छोटे विद्यार्थियों में मिट्टी जैसे अभिव्यक्तिपूर्ण माध्यम के माध्यम से रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा स्पर्श आधारित सीखने की प्रक्रिया को विकसित करना है।

इस अवसर पर कलाकार भूपेंद्र कुमार अस्थाना गेस्ट ऑफ द डे के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें हाथों से कला के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। उनकी उपस्थिति से बच्चों में उत्साह बढ़ा और उन्होंने साधारण मिट्टी को भी कल्पनाशील तथा अर्थपूर्ण आकृतियों में ढालने का प्रयास किया।

अस्थाना ने कहा कि मिट्टी केवल एक साधारण पदार्थ नहीं है, बल्कि यह सृजन, संवेदना और कल्पना की अनंत संभावनाओं का माध्यम है। क्ले वर्कशॉप जैसे रचनात्मक आयोजन प्रतिभागियों को अपनी कल्पना और भावनाओं को आकार देने का एक सुंदर अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मिट्टी के साथ काम करना हमें धैर्य, एकाग्रता और प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा देता है। जब कलाकार अपने हाथों से मिट्टी को गढ़ता है, तो वह केवल एक आकृति नहीं बनाता, बल्कि उसमें अपनी संवेदनाएँ, अनुभव और रचनात्मकता भी अभिव्यक्त करता है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस क्ले वर्कशॉप के माध्यम से प्रतिभागियों को न केवल नई तकनीकों को सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि वे कला के प्रति अपनी समझ और संवेदनशीलता को भी और गहराई से विकसित कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने इस आयोजन से जुड़े सभी आयोजकों, कलाकारों और प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि यह कार्यशाला सभी के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या नवनीत कौर ने बच्चों को कला के मूल माध्यमों, विशेषकर मिट्टी, से परिचित कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब बच्चे मिट्टी के साथ काम करते हैं, तो वे एक प्राकृतिक माध्यम के साथ सीधे जुड़ते हैं, जिससे उनमें संवेदनात्मक जागरूकता, रचनात्मकता और अपने विचारों को दृश्य रूप में व्यक्त करने का आत्मविश्वास विकसित होता है।

फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की निदेशक नेहा सिंह ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि कला शिक्षा को प्रारंभिक स्तर पर प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि क्ले मॉडलिंग कला की सबसे मूलभूत प्रक्रियाओं में से एक है, जिसके माध्यम से बच्चे धैर्य, कल्पनाशीलता और अपने हाथों से कुछ नया बनाने की खुशी का अनुभव करते हैं। साथ ही उन्होंने विद्यालय के साथ इस रचनात्मक पहल में सहयोग करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस छह दिवसीय कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ अंशु सक्सेना विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही हैं, जिनके निर्देशन में प्रतिभागी क्ले मॉडलिंग की विभिन्न तकनीकों और रचनात्मक संभावनाओं से परिचित होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कला विभागाध्यक्ष राजेश कुमार ने भी अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस कार्यशाला की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता को आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न आकृतियाँ–जैसे जानवर, वस्तुएँ और कल्पनात्मक मूर्तियाँ–तैयार करना शुरू किया, जो यह दशार्ती हैं कि छोटे-छोटे हाथ भी बड़ी कलात्मक अभिव्यक्तियाँ रच सकते हैं। यह गतिविधि बच्चों के लिए आनंददायक सीखने का अनुभव बनेगी और कला तथा पारंपरिक शिल्प के प्रति उनके जुड़ाव को और मजबूत करेगी।

## तीन शहरों में आवासीय योजना के लिए 716 करोड़

**लखनऊ।** सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण नए शहर प्रोत्साहन योजना में दो शहर की तीन योजनाओं के लिए 716 करोड़ रुपये दिए हैं। लखनऊ की दो योजनाओं नैमिष नगर और वरुण विहार आवासीय योजना के लिए क्रमशः 250 व 500 करोड़ रुपये दिए गए हैं। हापुड़-पिलखुआ में ग्राम चक्र सैनपुर उर्फ बाबूगण में भूमि लेने के लिए 70 करोड़ रुपये दूसरी किस्त के दिए गए हैं। इसमें कुछ धनराशियों को समायोजित किया गया है, जिससे 716 करोड़ ही दिया गया है। इस योजना में भूमि लेने के बाद विकास प्राधिकरणों की ओर से आवासीय योजनाएं लाई जाएंगी।

## आशियाना में महिलाओं ने खेली होली

**लखनऊ।** आशियाना कालोनी सेक्टर-के स्थित जगदम्बेश्वर मंदिर प्रांगण में सोमवार को महिलाओं ने नाचते-गाते हुए रंगोत्सव मनाया। आशियाना रेजीडेंट्स एसोसिएशन की महिला इकाई की ओर से होलिका दहन से पहले रंग-गुलाल व होली गीतों के साथ होली उत्सव मनाया गया। महिलाओं नें होली गीतों पर कृष्ण व राधा जी का रूप धर नृत्य किया। पूरा वातावरण संगीत मय हो गया। इस अवसर पर शशि अग्निहोत्री, पार्षद निर्मला सिंह, नीलम गुप्ता, मधू गुप्ता, रजनी भाटिया, विमला पांडेय, भारती गुप्ता, ममता टंडन, शैल पांडेय, सीमा, नुपुर, अंजू, ज्योत्सना, पुष्पा, साधना, इंदिरा, नमिता, जया, बबली समेत अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

संक्षेप

## धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

**कुशीनगर**। विश्व हिन्दू महासंघ कुशीनगर के तत्वावधान में रविवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। होली के पारंपरिक गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने पारंपरिक फगुआ गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। ढोलक, मंजीरा और हारमोनियम की मधुर धुनों पर कलाकारों ने जब ह्लफगुआह्व और होली के लोकगीत गाए तो उपस्थित लोग झूमने को मजबूर हो गए। रंग-गुलाल उड़ाते हुए लोगों ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी और भाईचारे का संदेश दिया। समारोह के दौरान संगठन के प्रदेश मंत्री राजन जायसवाल ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा बढ़ाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और सद्भाव से रहने की सीख देता है। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर फगुआ गीतों, ठहाकों और रंग-गुलाल से सराबोर नजर आया।

## एक ही बीट में 3 साल से तैनात सिपाही, व्यवस्था पर उठे सवाल

**शुकुल बाजार, अमेठी (संवाददाता)**। थाना शुकुल बाजार में तैनात एक सिपाही की लंबे समय से एक ही बीट में तैनाती को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर तेज हो गया है। जानकारी के अनुसार सिपाही जंग बहादुर यादव करीब तीन वर्षों से एक ही हल्के में तैनात बताए जा रहे हैं। इस दौरान थाने में कई दरोगा, सिपाही और हेड मोहर्रिर तक के तबादले हो चुके हैं, लेकिन उनकी तैनाती में अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ। थाना शुकुल बाजार का क्षेत्र अमेठी के साथ-साथ बाराबंकी और अयोध्या जनपद की सीमाओं से भी जुड़ा हुआ है। साथ ही यह इलाका बड़े वन क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। ऐसे में बीट प्रबंधन प्रणाली को प्रभावी बनाए रखने के लिए समय-समय पर हल्कों का परिवर्तन जरूरी माना जाता है, ताकि पुलिस व्यवस्था में संतुलन और पारदर्शिता बनी रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय तक किसी एक पुलिसकर्मी की एक ही बीट में तैनाती रहने से बीट प्रबंधन व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं। उनका कहना है कि समय-समय पर हल्का परिवर्तन होने से व्यवस्था अधिक प्रभावी रहती है और जनता का भरोसा भी मजबूत होता है। क्षेत्र के कुछ लोग दबी जुबान में यह भी चर्चा करते हैं कि इलाके में हरे पेड़ों के अवैध कटान और खनन जैसी गतिविधियों को लेकर समय-समय पर बातें सामने आती रही हैं। हालांकि इन चचाओं की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। स्थानीय नागरिकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जरूरत पड़ने पर तकनीकी माध्यमों से भी तथ्यों की जांच कराई जाए, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके। क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह का कहना है कि बीट और हल्कों का निर्धारण विभागीय नियमों के अनुसार किया जाता है। यदि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कृषि मंत्री ने किसान कल्याण केंद्र का किया शिलान्यास



**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम खोरीबारी में किसान कल्याण भवन के निर्माण के लिए क्षेत्रीय जनता के भीड के बीच प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन कर किया शिलान्यास इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि सरकार किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी व सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है ।किसान कल्याण केन्द्र के निर्माण से क्षेत्र के किसानों को खेती से जुडी योजनाओं प्रशिक्षण व तकनीकी सलाह एकही स्थान पर मिलेगी ।जिससे किसानों की आय बढाने में सहायता मिलेगी ।

शाही ने कहा कि केन्द्र के माध्यम से किसानों को उन्नतशील बीज की खेती नयी तकनीक फसल सुरक्षा व सरकारी योजनाओ दी जायेगी । 16 विकास खण्डो में केवल किसान कल्याण केन्द्र के निर्माण से केवल भटनी विकास खण्ड ही बंचित रह गया था आज वह भी पुरा हो गया ।हम सबको मिलकर सरकार के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है ।जिससे 2047 का विकसित भारत का सपना साकार हो सके । विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि सरकार पुरी तरह से किसानो नौजवानों समाज के शोषित समाज वदबे कुचले.लोगो के विकास के लिए लगातार सार्थक प्रयास कर रही है आगे भी करती रहेंगी ।सरकार सबका साथ सबका विकास मिशन पर कार्य कर रही है ।विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए सबका सहयोगात्मक संकल्प होना चाहिए ।जिससे वह सपना पुरा हो सके ।इस पूर्व यहाँ कृषि मंत्री के पहुंचने पर किसानों भाजपा कार्यकर्ताओं में माल्यार्पण कर स्वागत किया ।इस अवसर पर भाजपा भटनी मण्डल के अध्यक्ष रोहित मिश्र जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह ।सत्यप्रताप श्रीवास्तव पूर्व चेयरमैन रमेशचंद्र वर्मा चेयरमैन विजय कुमार गुप्त शनिकेश राय गुडडू मिश्र शेषनाथ कुशवाहा राम औतार कुशवाहा राजू चौरसिया प्रमुख रुप से उपस्थित रहे । इसके अलावे कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।अन्त में आयोजक मण्डल के मुन्ना राय शनिकेश राय सुनील राय व ऋषिकेष राय के नेतृत्य में कृषि मंत्री विधायक को पुष्प गुच्छ व उस्तरी देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र द्वारा कार्यक्रम की समापन की घोषणा की गयी ।

## महिला दिवस पर जिपं अध्यक्ष ने किया महिला कार्मिकों का सम्मान

**अमेठी**। रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित जुपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अवसर पर 5,000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर प्रदान किए गए । रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म ह्यरोजगार संगम पोर्टलह्ण के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग भी की गई। साथ ही 94 नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, उत्कृष्ट महिला कार्मिकों और मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया तथा नारी शक्ति अवॉर्ड प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री द्वारा कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक दिया गया और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा प्रीमियम तथा साड़ी/वर्दी के लिए 3,849 लाख रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में प्रदेश की समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ह्लजहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है।ह्व उन्होंने कहा कि जब परिवार की महिला सशक्त होती है तो वह केवल स्वयं का जीवन नहीं बदलती, बल्कि पूरे परिवार और समाज को नई दिशा देती है। उन्होंने सभी से नारी सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार, अमेठी में किया गया, जहां मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की उपस्थिति में विभिन्न महिलाओं और कार्मिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने नव-नियुक्त मुख्य सेविका शालिनी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही बाल विकास विभाग की 9 मुख्य सेविकाओं–साधना शुक्ला, संगीता यादव, सोमवती, नेहा उपाध्याय, संगीता, प्रगति जायसवाल, अर्चना यादव, वंदना विश्वकर्मा तथा प्रीतिमा–को मोमेंटो एवं गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग की रुचि सिंह, बेबी सिंह, ममता यादव (केस वर्कर, वन स्टॉप सेंटर), नीरज पांडे, रीता सिंह, बाल कल्याण समिति की सदस्य जान्हवी गुप्ता, सहायक लेखाकार तथा कंप्यूटर ऑपरेटर स्वाति सिंह को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। वहीं 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ




**देवरिया**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जनपद सहित पूरे भारत में 7 मार्च से 14 मार्च तक चलाया जाएगा ।इस महाअभियान के अंतर्गत क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला प्रभारी संतराज यादव और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यकताओं और अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की समीक्षा की ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि सात सत्रों में चलने वाला यह प्रशिक्षण महाअभियान जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियां और कार्यकताओं की भूमिका जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण से लगातार मजबूत हो रहा है ।उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया ।जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कार्यकताओं को संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने और जनसंपर्क को प्रभावी बनाने के लिए यह प्रशिक्षण पूरे जनपद में विधानसभावार और मंडलवार आयोजित किया जा रहा है ।इस प्रशिक्षण महाअभियान के दौरान कार्यकर्ता कार्यशाला स्थल पर ही रात्रि विश्राम करेंगे चाहे वो कितना भी बड़ा पदाधिकारी हो या जनप्रतिनिधि हो ।प्रशिक्षण शुल्क 100 रुपए रखा गया है जो स्कैनर द्वारा ऑनलाइन देय होगा ।बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने किया ।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, गंगा सिंह कुशवाहा, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, रमेश सिंह, जिला मंत्री निर्मला गौतम, ओमप्रकाश मौर्या, अभिषेक राय अंकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सत्यम मणि बने सेना में लेफ्टिनेंट घर लौटने पर भव्य स्वागत

**देवरिया**। जनपद के बैतालपुर क्षेत्र के ग्राम बरारी निवासी सत्यम मणि त्रिपाठी के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन और पासिंग आउट परेड पूर्ण कर पहली बार घर लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। देवरिया रेलवे स्टेशन से लेकर बैतालपुर बाजार और उनके पैतृक गांव बरारी तक जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। क्षेत्र में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह और गर्व का माहौल देखा गया। सत्यम मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त नायब सूबेदार प्रवेश मणि त्रिपाठी के पुत्र हैं। उनका परिवार लंबे समय से सेना की गौरवशाली परंपरा से जुड़ा रहा है। सत्यम के पिता भी भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। वहीं उनके बड़े पिता रामप्रवेश मणि त्रिपाठी सेना में सूबेदार मेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इस प्रकार सत्यम ने भी अपने परिवार की सैन्य परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश सेवा का मार्ग चुना। सत्यम मणि की प्राथमिक स्तर की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल सिकंदराबाद से प्राप्त की। कक्षा छह से दस तक की पढ़ाई उन्होंने आर्मी पब्लिक स्कूल पठानकोट से पूरी की। इंटरमीडिएट की परीक्षा उन्होंने एल.एम. इंटरनेशनल स्कूल, पठानकोट से उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए सत्यम ने कर्नाटक की प्रतिष्ठित विश्वसरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने सेना में अधिकारी बनने का लक्ष्य निर्धारित किया और कड़ी मेहनत, अनुशासन व समर्पण के साथ तैयारी शुरू की। दूसरे प्रयास में उन्हें सफलता मिली और पासिंग आउट परेड के बाद उन्हें सेना की प्रतिष्ठित ईएमई कोर में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्ति मिली। आगमन पर देवरिया रेलवे स्टेशन पर परिजनों, मित्रों और क्षेत्रीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद बैतालपुर बाजार में जुलूस के रूप में उनका अभिनंदन किया गया। गांव बरारी पहुंचने पर स्वागत समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान सूयश मणि त्रिपाठी, भरत मणि, विनोद मणि, सूर्य प्रकाश मणि, दिनेश मणि, ओम शंकर मणि, जितेंद्र मणि, भूपेंद्र मणि, डॉ चंद्रकांत मिश्रा, योगेंद्र मणि, अमूल्यरत्न मणि, प्रवीण दुबे, संजय मणि, राजकुमार मणि, अजय पांडे, बृजेश तिवारी, नित्यानंद मणि, अमित मणि, शशिकांत, काशीनाथ सिंह, रमेश मणि, जटाशंकर मणि, कपिल मुनि तिवारी, रिपुसूदन मणि, अतुल मणि, रामसागर मणि, कुर्बान अली, ऋषिकेश मणि आदि उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर महिलाएं सम्मानित

**भटनी (देवरिया)**। नगर के बहादुर यादव मेमोरियल पीजी कॉलेज परिसर में आर्यावर्त संकल्प सोसाइटी देवरिया के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की लगभग 60 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया तथा महिलाओं की संरक्षा व सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। साथ ही छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों की खूब सराहना प्राप्त की। विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए समाज को भी सकारात्मक वातावरण प्रदान करना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, भाजपा नेता डॉ. अर्चना पांडेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट विजेंद्र मणि त्रिपाठी व कमल नयन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। सोसाइटी की प्रबंधक अनुराधा बरनवाल ने महिलाओं के अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए समाज को जागरूक होने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शिखा श्रीवास्तव ने किया, जबकि सोसाइटी के सेक्रेट्री अभिषेक मिश्र ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। बहादुर यादव पीजी कॉलेज के प्रबंधक कैप्टन जयराम यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. महेश कुमार गौड़ कार्यक्रम अधिकारी डॉ त्रिपुरेश कुशवाहा डा. अभिनव द्विवेदी ,अमर कुशवाहा प्राचार्य उमेश कुमार यादव सहित रौशन जमीर कल्लू (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा), पप्पू मिश्रा, डॉ. शायदा हुसैन, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।उधर चाँदपार स्थित नेशनल पब्लिक में उप निदेशक सौरभ शंकर,प्रबन्ध निदेशक संजय शंकर मिश्र प्रधानाचार्य मृदुला सिंह ने महिलाओं को समाज की रीढ़ बताते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओ को सम्मानित किया।

**● समाज के विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान : विजय लक्ष्मी**

# त्याग,ममता साहस और शक्ति की प्रतीक हैं महिलाएं : डॉ.सत्य पांडेय



**देवरिया**। नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस में बतौर मुख्य अतिथि नारी के विषय में अपने विचार वयक्त करते हुए डॉ सत्या पाण्डेय, पूर्व महापौर गोरखपुर ने कहा नारी के अन्दर असीम शक्ति प्रकृति ने दे रखी है। वैसे तो दुनिया के लिए, समाज के स्त्री और पुरुष दोनों समान महत्व रखते हैं, लेकिन महिलाओं में जो त्याग, ममता साहस और शक्ति निहित है वह पुरुषों में नहीं देखने को मिलता। स्त्री अपने अधिकार के लिए अकबर जैसे शक्तिशाली शासक और यहां तक कि यमराज से भी लड़ने की क्षमता रखती है। आगे उन्होंने कहा कि महिलाओं को चाहिए कि मोबाइल की दुनिया से थोड़ा बाहर निकलकर लिखने पढ़ने पर ध्यान दें। वे अपनी कलम की ताकत से समाज से क्रूरता, हिंसा को मिटाकर दुनिया बदल सकती है। सामाजिक समरसता स्थापित कर सकती हैं।

समारोह की विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनुभा सिंह, ब्लाक प्रमुख लार ने कहा आज महिलाएं समाज और देश प्रत्येक क्षेत्र में दस्तक दे रहीं हैं वे पंचायत, विधायिका, संसद, सेना साहित्य सभी क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट दे रहा है जरुरत है तो सिर्फ इस बात की कि समाज महिलाओं को सम्मान और सहयोग दे। समारोह में प्रख्यात साहित्यकार डॉ पुष्पा सिंह बिसेन को ₹महादेवी वर्मा नागरी सम्मान₹ से सभाध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी, मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी, संयोजक डॉ शकुंतला दीक्षित और कार्यसमिति के सदस्य गण द्वारा स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र और सात हजार एक सौ रु के साथ सम्मानित किया गया। सम्मानोपरानत डॉ विसेन ने अपनी कविता सात फेरे क्या लिए तुम पति का ताज पहन लिए सभा को संबोधित किया और सम्मान के लिए सभा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया। इसके पूर्व सभा के अध्यक्ष, मंत्री, संयोजक और समिति के सदस्य गण द्वारा दीप प्रज्जवलन और मां वीणापाणि के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह की औपचारिक शुरूआत हुई।

## बुद्ध जयंती एक मई को, समारोह की सफलता को लेकर दी गयी जिम्मेदारी



**कसया, कुशीनगर**। एक मई को होने वाले तथागत भगवान बुद्ध की त्रिविधि पावनी 2570 वीं जयंती समारोह को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर म्यांमार बुद्ध विहार के पूजा हाल में सम्पन्न हुई ।रविवार को म्यांमार बर्मी बुद्ध बिहार के धम्म हाल में स्थानीय विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य गण के साथ हुई बैठक में सर्वप्रथम दिवंगत गुरु भदंत ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात बैठक की अध्यक्षता करते हुए बर्मी मॉनेस्ट्री के प्रमुख भिक्षु नंदका, भिक्षु डॉ नन्द रतन, भिक्षु अशोक, भिक्षु उपाली, भिक्षु संघ रक्षित ने ने बुद्ध जयंती समारोह कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। उपासक राम नगीना ने बताया कि बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। 30 अप्रैल 2026 को साँय 4 बजे महापरिनिर्वाण मन्दि में विशेष पूजा तथा 1 मई को सुबह 6 बजे मुख्य मंदिर पूजा- वन्दना, सुबह 7 बजे जलदान, 8 बजे रथ यात्रा का शुभारंभ, 11 बजे भोजनदान, दोपहर बाद 1 बजे बुद्ध जयंती समारोह का उद्घाटन, साँय 6 बजे संसकृति कार्यक्रम होगा। समारोह में मुख्यअतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, राजदूत म्यांमार सहित अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा। कुशीनगर के बौद्ध मंदिरों के प्रमुखों के साथ अगली बैठक 20 मार्च 2026 को होगी। इस दौरान लिंह सन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह, मारजादी देवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राम ध्यान यादव, भिक्षु चंद्रमणि प्राथमिक विद्यालय से प्रेम नाथ वर्मा, कुशीनगर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अमानत अली खान, सत्यशील इत्यादि उपस्थित रहे।

# 11 जोड़े बने एक-दूजे के जीवनसाथी



**कुशीनगर**। पडरौना नगर के जटहाँ रोड स्थित बुढ़िया माई मैरेज लॉन में रविवार को उस समय भावुक और सुखद माहौल बन गया, जब एक साथ 11 बेटियों की डोली सजी और वे सात फेरों के साथ अपने नए जीवन की दहलीज पर कदम रखती नजर आईं। पूर्वांचल मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह ने न केवल 11 जोड़ों को जीवन भर का साथी दिया, बल्कि समाज को सादगी, सहयोग और मानवीय संवेदना का मजबूत संदेश भी दिया। वैदिक मंत्रोच्चार और मंगलगीतों के बीच दूल्हा-दुल्हन ने एक-दूसरे का हाथ थामकर सात फेरे लिए। समारोह में उपस्थित माता-पिता और परिजनों की आंखों में जहां अपनी बेटियों के विदा होने का भावुक पल था, वहीं इस बात की खुशी भी झलक रही थी कि उनकी बेटियां सम्मानपूर्वक अपने नए घर जा रही हैं। सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं से भरा इस कार्यक्रम के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी भी पहुंचे और नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया ।पूरे आयोजन में सादगी और सामाजिक समरसता का ऐसा दृश्य दिखने को मिला, जिसने हर किसी का दिल छू लिया।

**सामूहिक विवाह समारोह**

**संस्था छह वर्षो से कर रही है यह पुनीत कार्य** : पूर्वांचल मानव सेवा संस्थान पिछले छह वर्षों से लगातार इस सामाजिक मुहिम को आगे बढ़ा रही है। जनसहयोग से संचालित इस अभियान के तहत अब तक 31 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जा चुका है। दहेज-मुक्त और नशा-मुक्त संदेश के साथ आयोजित यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण बनता जा रहा है ।कार्यक्रम के अध्यक्ष दीप नारायण अग्रवाल तथा प्रबंधक पप्पू पाण्डेय ने सभी नवदम्पतियों को गृहस्थी से जुड़ा आवश्यक सामान भेंट कर उन्हें सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। वहीं पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन विक्रम अग्रवाल ने किया, इन्होंने ने बताया कि महान समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के आदर्शों से प्रेरित होकर इस वर्ष समारोह में विधवा-विधुर पुनर्विवाह को भी प्रोत्साहित करने की पहल की गई है, ताकि समाज में नई शुरूआत करने वालों को सम्मान और सहयोग मिल सके।

**इन जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ**: पूर्वांचल मानव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में अमिता पुत्री किशोर कुशवाहा का विवाह मुन्ना कुशवाहा पुत्र प्रहलाद कुशवाहा से, फूलन पुत्री सुभाष का विवाह शम्भू चौहान पुत्र लालजी से, रानी पुत्री वृजलाल की शादी पिन्टू पुत्र हरिन्द्र राजभर से तथा संकेशिया पुत्री सुदामा की शादी अजय कुमार पुत्र हरिलाल राम से संपन्न हुई। इसी क्रम में लक्ष्मी साहनी पुत्री हीरा की शादी गुलशन पुत्र देवपाल से, ममता कुमारी पुत्री कन्हैया केशरी की शादी सुधीर कुमार पुत्र विनोद से, गूंजा पुत्री सुखल चौहान की शादी मनोहर चौहान पुत्र रामा से तथा लाजो कुमारी कुशवाहा पुत्री ललन कुशवाहा की शादी हरकेश कुमार पुत्र नगेसर से हुई।

## भक्तों की रक्षा के लिए प्रभु ने लिये विविध अवतार

**तिलोई, अमेठी**। सिंहपुर ब्लाक के उसरहा में शुक्ला परिवार द्वारा चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन अयोध्या से पधारे कथा व्यास उज्जवल शास्त्री ने विदुर, ध्रुव, भक्त प्रहलाद, भरत एंव अजामिल की कथा का विस्तार से वर्णन किया कथा व्यास ने कहा हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को शत्रु मानते थे। वहीं भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहां की मात्र 5 वर्ष की आयु में भगवान को पाने का दृढ़ निश्चय कर तप किया जिससे प्रसन्न होकर स्वयं भगवान प्रकट हुए। भरत की कथा सुनाते हुए हिरन से प्रेम का विस्तार पूर्वक वर्णन किया इस धार्मिक प्रसंग को आत्मसात करने के लिए भक्त देर रात तक भक्ति के सागर में गोते लगाते रहे।

## तहसील समाधान दिवस में सुनवाई न होने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लगायी गुहार

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर**। तहसील समाधान दिवस और उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर तहसील को शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने अब सीधे सीएमसे हस्तक्षेप की मांग की है। मामला जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम डींगुरपुर बनकेगांव (परगना अल्देमऊ) का है, जहां सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव की प्राङ विद्यालय के नाम दर्ज गाटा संख्या 178 व 180 तथा चारागाह के रूप में दर्ज गाटा संख्या 181 की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पूर्व में एसडीएम कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी और तहसील समाधान दिवस में भी प्रकरण उठाया था, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है विद्यालय की भूमि बच्चों की शिक्षा से जुड़ी है और उस पर अतिक्रमण होने से भविष्य में शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। वहीं चारागाह की भूमि पर कब्जा होने से पशुपालकों के सामने चारे की गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी। लोगों का आरोप है कि सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की उदासीनता से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। कई बार अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी समाधान न निकलने पर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप सेसीएम को प्रार्थना पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर अवैध कब्जा तत्काल हटवाने तथा सार्वजनिक भूमि को सुरक्षित कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। सीएम को भेजे गए प्रार्थना पत्र पर राम शिरोमणि वर्मा, संजय कुमार वर्मा, रंजीत वर्मा (प्रधान), अवधेश वर्मा, श्याम बहादुर वर्मा, राम केवल नागर व विनोद गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। ग्रामीणों को अब शासन स्तर से त्वरित हस्तक्षेप और न्याय की उम्मीद है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

**कुशीनगर**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज जिला पंचायत सभागार में माननीय मुख्यमंत्री जी तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के क्रम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शिवकुमारी देवी द्वारा की गई।




कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. वीणा (प्रोफेसर, बुद्ध पीजी कॉलेज), डॉ. मेनका (जिला कृषि अधिकारी), अरुण कुमार दुबे (जिला कार्यक्रम अधिकारी), पूर्व जिला प्रोबेशन अधिकारी डी.सी. त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों की महिला अधिकारियों एवं जनपद की उन सम्मानित महिलाओं की उपस्थिति रही, जो अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं कार्यक्रम का आयोजन स्वैच्छिक संगठन एक्शन एड, कुशीनगर के सहयोग से किया गया, जिसमें लगभग 350 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को शिक्षा प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं मुख्य अतिथि श्रीमती शिवकुमारी देवी ने महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा दो मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस, शिक्षा, राजस्व, महिला कल्याण तथा अन्य विभागों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुल दो नियुक्ति पत्र एवं 30 प्रशंसा पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला प्रोबेशन अधिकारी डी.सी. त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में एक्शन एड के सहयोगी रामवृक्ष गिरी, शबनम, जुलेखा तथा महिला कल्याण विभाग से नलिन सिंह, अभिषेक सिंह, रीता यादव, प्रीति सिंह, साक्षी पांडे, सुनीता पांडे, वंदना गुप्ता, वंदना कुशवाहा, अंजली पांडे सहित अन्य लोगों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ दिलाकर किया गया।

## आठ मार्च दुनिया भर की मेहनतकस महिलाओं के संघर्ष का दिन : रामकिशोर

**बरहज,देवरिया**। रविवार को टेकुआ चौराहे के पास ईंट भट्टे पर काम करने वाले असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मजदूर अधिकार मंच के बैनर तले मनाया गया। मंच के संयोजक रामकिशोर चौहान ने कहा कि आठ मार्च का दिन दुनियां भर के मेहनतकस महिलाओं के संघर्ष, बलिदान, और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। 1857 में अमेरिका के न्यूयार्क शहर में कपड़ा मिलों में काम करने वाली महिलाओं से उस दौर में उनसे 16-16 घंटे काम कराया जाता था, वेतन बहुत कम था और काम की परिस्थितियां अमानवीय थीं। हो रहे शोषण के खिलाफ ऐतिहासिक विद्रोह किया। न्यूयार्क शहर में लगभग 15 हजार महिला मजदूरों ने समाजवादी आंदोलन के बैनर तले संघर्ष करते हुए अपने मांगों को मनवाने का कार्य किया। तब जाकर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1975 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया। शिवचन्द चौहान ने कहा कि आज का दिन मानव इतिहास में स्त्रियों की क्रांतिकारी भूमिका को रेखांकित करने वाला दिन है। दयालू चौहान ने कहा कि 1910 में अंतराष्ट्रीय मजदूर नेता क्लारा जेटकिन के नेतृत्व में हर साल महिला दिवस मनाने का निर्णय हुआ था। कार्यक्रम के उपरांत मजदूर अधिकार मंच के संयोजक रामकिशोर चौहान ने महिला दिवस पर सभी असंगठित मजदूरों को फल वितरण किया ।इस अवसर पर विमलेश चौहान, प्रतिभा सिंह,शिवानंद चौहान, रामकिशुन दयालू चौहान, शिवचन्द, बंदना, सीमा, रीमा आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## प्रशिक्षण महाभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर। खैराबाद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान सन 2026 के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खैराबाद नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि बेबी अभिषेक गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय परिषद सदस्य श्री राकेश त्रिपाठी ने की। प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय गुप्ता मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला जया सिंह, सम्मानित मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष और प्रशिक्षण महा अभियान से जुड़े अन्य अपेक्षित लोग भी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के उपाध्यक्ष बने रामजी

सीतापुर। खैराबाद में रामजी गुप्ता को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व को बधाई दी गई है। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन वैश्य समाज के उत्थान, एकता और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए समर्पित एक प्रमुख संगठन है। यह समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करने का कार्य करता है। इस संगठन का समाजसेवा में विशेष योगदान रहा है। यह महासम्मेलन वैश्य बंधुओं के बीच सामाजिक समरसता, युवाओं के लिए मार्गदर्शन और व्यावसायिक विकास पर जोर देता है। इसके साथ ही, यह संगठन समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाता है।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

सीतापुर। पूर्व ब्लॉक प्रमुख खैराबाद प्रेम त्रिपाठी के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु जी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला और महंत बजरंग मुनि महाराज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम त्रिपाठी ने आत्मीय जनों और क्षेत्रवासियों से भेंट कर पर्व की बधाई दी। इस पावन पर्व पर सभी ने हृदय से शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वक्ताओं ने कहा कि होली का यह उत्सव आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश देता है।

## सड़क हादसे में घायल किसान की मौत

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के उरदौली गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर हुए सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे घायल किसान को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवकुमार (55) पुत्र गजराज के रूप में हुई है। उनकी पत्नी रजनी देवी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम शिवकुमार खेत से सिंचाई कर बैलों की मदद से इंजन लेकर घर लौट रहे थे। जब वे कस्बे में पंचायत भवन के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

# प्रभारी मंत्री ने किया परिक्रमा मेले का उद्घाटन



सीतापुर। जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह एवं उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा आज होली परिक्रमा मेला महोत्सव मिश्रित-नैमिषारण्य-2026 का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।

मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग, नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण सहित उत्कृष्ट महिला कार्मिकों और मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा देखा एवं सुना गया। प्रभारी मंत्री जी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया व ओ0डी0पी0ओ0 के तहत बनाये जा रहे प्रोडेक्टों को और अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से मा0 प्रभारी मंत्री ने लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाये। होली परिक्रमा मेला महोत्सव मिश्रित-नैमिषारण्य-2026 में विभिन्न विद्यालयों से आये हुये बच्चों ने स्वागत गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मा0 प्रभारी मंत्री जी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित किया गया। इस अवसर मा0 प्रभारी मंत्री जी एवं मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा आशाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित भी किया गया। उन्होंने बताया कि आशा योजना का शुभारंभ वर्ष 2005 में हुआ। उस समय मातृ व शिशु मृत्यु दर बहुत अधिक थी, जिसकी मुख्य वजह घरेलू प्रसव थी। प्रदेश में वर्ष 2005 में लगभग 74 प्रतिशत घरेलू प्रसव हुआ करते थे, वहीं अब घरेलू प्रसवों में बहुत कमी आयी है तथा आज 85 प्रतिशत से अधिक संस्थागत प्रसव हो रहे हैं, जिससे निस्देह आशा का योगदान है। इसी तरह अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में टीकाकरण, परिवार नियोजन, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया एवं फाइलेरिया नियंत्रण, नवजात शिशु व बाल देखभाल, रोगों की पहचान व संदर्भन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस, आयुष्मान भारत अंतर्गत गोल्डेन कार्ड, आभा आई0डी0 के निर्माण हेतु जागरूकता में आशा प्रमुख भूमिका में हैं। आज लगभग स्वास्थ्य विभाग के 21 कार्यक्रमों की 94 गतिविधियों में आशा भूमिका निभा रही हैं

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निकाला मार्च




बिसवां नगर, सीतापुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वान्या फाउंडेशन की अगुवाई मे कस्बे के बाबा मंसाराम मंदिर के प्रांगण मे बड़ी संख्या मे महिलाएं जमा हुई। वहां से हाथ मे स्लोगन लिखी तख्तिया हाथ मे लेकर महिलाओ की एकता जिंदाबाद, महिलाओ पर हिंसा बंद हो, बेटी बेटा एक समान, बाल विवाह बंद करो, महिला शक्ति जिंदाबाद के नारे लगाते हुए तहसील मुख्यालय होते हुए पांच नम्बर पानी टंकी तक लम्बा मार्च निकाला।

पानी टंकी पर नगर पालिका परिषद बिसवां के अध्यक्ष पुष्पु जायसवाल ने महिलाओ पर पुष्प वर्षा कर महिलाओ का स्वागत किया। वहीं पर मार्च सभा मे परिवर्तित हो गया। सभा को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका के अध्यक्ष पुष्पु जायसवाल ने कहा शिक्षित महिला सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण मे सहायक है। नारी शक्ति के बिना सशक्त राष्ट्र की कल्पना नही की जा सकती। उन्होंने आगे कहा आज महिलाये प्रत्येक क्षेत्र मे अपने काम और संघर्ष के दम पर हर चुनौती से लड़ रही है। श्री जायसवाल ने आगे कहा हमे खुशी है वान्या संस्था ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ और बेटियों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। वहीं संस्था की सचिव रामलली पटेल ने कहा संस्था ग्रामीण उत्थान महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण के क्षेत्र मे निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओ बच्चों और बुजुर्गों को मुखधारा से जोड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिले संस्था इसके लिए लगातार प्रयारत है। उपाध्यक्ष कमरुन निशा ने कहा आजादी के सात दशक बाद भी समाज मे आज भी बाल विवाह, घरेलू हिंसा, कन्या की हत्या का समाना महिलाओ और बेटियों को करना पड़ रहा है।

# भिटौरा के बसोहनी गांव में जल महोत्सव



फतेहपुर। जल जीवन मिशन के तहत जल महोत्सवः भिटौरा के बसोहनी गांव में ग्रामीणों ने जल संरक्षण का लिया संकल्पप्रयागराज। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई ने विकास खंड भिटौरा की ग्राम पंचायत बसोहनी में एक भव्य जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण, शुद्ध जल के सदुपयोग तथा अशुद्ध जल से होने वाले खतरनाक रोगों के प्रति गहन जागरूकता प्रदान की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और जल संरक्षण के प्रति संकल्प लिया। जिला परियोजना प्रबंधन इकाई के आई0एस0ए0 कोआर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चन्देल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तथा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की स्वप्निल योजना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि हम सभी को वर्षा जल संचय, तालाबों की सफाई, ड्रिप इरिगेशन जैसे तरीकों को अपनाकर जल को संरक्षित करना होगा। इससे न केवल वर्तमान पीढ़ी को लाभ मिलेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना न करना पड़ेगा। चन्देल ने बताया कि जल संरक्षण ही राष्ट्र निर्माण का आधार है और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पानी की एक-एक बूंद का सम्मान करे। कार्यक्रम में सी0बी0 टी0 स्वाति अवस्थी ने दूषित पानी से होने वाली जल जनित बीमारियों जैसे हैजा, डायरिया, टाइफॉइड और पीलिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जल संरक्षण के उपायों जैसे छत पर वर्षा जल संचय, पुराने कुओं का पुनरुद्धार तथा शुद्ध पेयजल के सदुपयोग पर जोर दिया। स्वाति अवस्थी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों में हर घर नल योजना तीव्र गति से चल रही है। जल्द ही बसोहनी सहित क्षेत्र के हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचेगा, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छता का लाभ मिलेगा। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर मो0 सऊद सिद्दीकी ने जल जीवन मिशन की प्रगति पर प्रकाश डाला तथा ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियों के प्रति सजग किया। जी0आई0एस0 एक्सपर्ट जितेन्द्र यादव ने जल संरक्षण के लिए जीआईएस तकनीक के उपयोग पर जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रामबाबू ने जल महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि यह ग्रामीण जीवन को बदलने वाली पहल है। अन्य उपस्थित जनों में श्रवण कुमार, पारस, शैलेन्द्र तिवारी, महेंद्र, अनिल दत्त, धीरज पाल, हरिओम, सुरेंद्र पाल सहित ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया तथा जल जीवन मिशन टीम का आभार व्यक्त किया।

## बिना स्वीकृत ले आउट के जमीनों की खरीद फरोख्त अब होगी अवैध

सीतापुर। शहर के विनियमित क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और भू-माफियाओं के गोरखधंधे पर अब प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। नगर मजिस्ट्रेट व नियत प्राधिकारी मीनाक्षी पांडेय ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि बिना स्वीकृत ले-आउट के जमीनों की खरीद-फरोख्त पूरी तरह अवैध है। ऐसे मामलों में लिप्त पाए जाने वाले प्लॉट विक्रेताओं और बिल्डरों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने तक की कार्रवाई शामिल है।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्रशासन के संज्ञान में आया है कि कुछ भू-विकासकर्ता अपनी भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर फर्जी या कूट-रचित नक्शों के सहारे भोली-भाली जनता को प्लॉट बेच रहे हैं। यह कृत्य न केवल लोगों के साथ धोखाधड़ी है बल्कि नियमानुसार पूरी तरह अवैध भी है। ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए अब प्लॉट विक्रेताओं के लिए सख्त नियम लागू कर दिए गए हैं। नए निर्देशों के अनुसार, किसी भी भूमि पर प्लॉटिंग करने वाले व्यक्ति या संस्था को संबंधित स्थल पर एक सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। इस बोर्ड पर गांव और परगना का नाम, गाटा या खसरा संख्या, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 80 के तहत दर्ज मुकदमे का विवरण, साथ ही स्वीकृत ले-आउट की आदेश संख्या और दिनांक स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि यदि कोई विक्रेता बिना स्वीकृत नक्शे के प्लॉट बेचता हुआ पाया गया या जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करता है, तो उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडेय ने आम जनता से भी अपील की है कि वे जमीन खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की पूरी जांच कर लें। उन्होंने कहा कि किसी भी भूखंड में निवेश करने से पहले गाटा संख्या, धारा 80 के आदेश और स्वीकृत ले-आउट की जानकारी तहसील या संबंधित कार्यालय से अवश्य सत्यापित कर लें, ताकि भविष्य में किसी विवाद या आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

## सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव शकूराबाद स्थित कपिलेश्वर मंदिर मे सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें आठ बटुकों को जनेऊ पहनाकर उन्हें गुरुमन्त्र दिये गए। गांव शकुराबाद मे स्थित कपिलेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को मन्दिर पुजारी तथा गांव वसियो के सहयोग से सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष मिश्र, रचित द्विवेदी, मनोज दिवेदी, आकाश तिवारी, दीपू शुक्ल, सत्य शुक्ल, रामजी तिवारी, गोपाल मिश्र आदि के परिजनो ने उपस्थित रहकर उपनयन संस्कार का कार्यक्रम संपन्न कराया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने बटूको को आशीर्वाद दिया व जनेऊ के महात्व को बताया इस मौके पर आचार्य रामनारायण मिश्रा, देवकीनंदन मिश्रा, राम जी तिवारी, दीपक मिश्रा, प्रभात शुक्ल, रिकू पाठक आदि ने कार्यक्रम को संपन्न कराकर आर्शिवाद दिया।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्वागत



उन्नाव। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर का उन्नाव आगमन पर स्वागत किया गया। शहर के सुंदर पैलेस में उन्नाव बार के पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ल के संयोजन में स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पादुका पूजन कर शंकराचार्य महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान शंकराचार्य ने गौ प्रतिष्ठा के लिए सभी को गौ रक्षा का संकल्प दिलाते हुए कहा कि "गौ माता जिसकी माई है, वो मेरा भाई है।" उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी भी प्रकार के राजनीतिक कारणों से नहीं किया जा रहा है। सरकार से देश में गौ माता की रक्षा का वादा किया गया था और उसी संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को गौ भक्तों और संतों का एक बड़ा समागम आयोजित होगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी, केशव प्रसाद अवस्थी, अरविंद दीक्षित, विष्णु प्रकाश बाजपेयी, राजेंद्र बाजपेयी, जयचंद्र विमल, आकाश अवस्थी, त्रिभुवन सिंह चंदेल, रजनीश चंदेल, बाल मुकुंद दूबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इसके बाद शंकराचार्य का स्वागत युवा सपा नेता अंकित सिंह परिहार के संयोजन में गांधी नगर तिराहे पर किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में दही थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक होटल में भी पूजन-अर्चन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार रात्रि विश्राम के उपरांत सोमवार को सुबह यहां से उनके प्रस्थान किए जाने की जानकारी मिली है।

# अस्मिता फेडरेशन गेम्स में छाईं औरास की बेटियां

जिला संवाददाता




उन्नाव। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेंट लारेस स्कूल में भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता लीग एथलेटिक्स गेम्स में विकासखंड औरास के रामपुर गढ़ौवा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया।

विद्यालय की होनहार एथलीट खुशी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपना दबदबा स्थापित कर दिया। विशेष रूप से 200 मीटर दौड़ को लगभग 30 सेकेंड में पूरा कर खुशी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में अंडर-13, अंडर-18 और ओपन वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर तथा रिले दौड़ की स्पधाएं कराई गईं। भारत सरकार की पहल पर महिलाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता तथा नगर पालिका परिषद उन्नाव की अध्यक्षा श्वेता मिश्रा उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता का संचालन जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सबरवाल खेलो इंडिया कोच कुसमेश कुमार, मेरा युवा भारत अधिकारी अनुपम कुमार कैथवास एवं धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों से 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रामपुर गढ़ौवा की छात्राओं का प्रदर्शन सबसे अधिक चर्चा का विषय रहा। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा उपासना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किए। इसके अतिरिक्त रिले प्रतियोगिता में भी रामपुर गढ़ौवा की टीम ने रजत पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश पांडे तथा खंड शिक्षा अधिकारी औरास संजय शुक्ल ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

छात्राओं की इस सफलता के पीछे उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक एवं कोच प्रदीप कुमार वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता के दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सबरवाल और खेलो इंडिया के कोच कुशमेश कुमार ने भी छात्राओं के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कोच प्रदीप वर्मा के प्रयासों की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के अन्य परिणामों में अंडर-13 वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शशि ने प्रथम तथा अंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-13 वर्ग की 200 मीटर दौड़ में अंशिका मौर्य ने प्रथम तथा शाहाना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-18 वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रशिष्ठी ने प्रथम तथा उपासना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-18 वर्ग की 200 मीटर दौड़ में रामपुर गढ़ौवा की खुशी ने प्रथम तथा उपासना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-18 वर्ग की 400 मीटर दौड़ में रामपुर गढ़ौवा की खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अदिति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अपर-18 वर्ग की 200 मीटर दौड़ में गौरी त्रिवेदी ने प्रथम तथा सोहेम रावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अपर-18 वर्ग की 400 मीटर दौड़ में शीला ने प्रथम तथा मीनाक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एथलीट निर्णायक की जिम्मेदारी खेलो इंडिया कोच कुसमेश कुमार ने संभाली। विजेता बच्चों को अतिथियों ने मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया। विद्या सागर मिश्र, बृजेश सागर, रचना त्रिवेदी, सौरभ कुमार, कृष्ण प्रताप सिंह, सलोनी आदि उपस्थित रहे।

## प्रियशा वर्मा ने यूपीएससी परीक्षा में 324वीं रैंक हासिल कर जिले का बढ़ाया मान



सीतापुर के महोली इलाके में लौकी गांव की प्रियशा वर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 324वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विधायक शशांक त्रिवेदी और सांसद आनंद भदौरिया सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने प्रियशा को बधाई दी है। प्रियशा वर्मा ने बताया कि उनके पिता वेस्ट रेलवे में चीफ इंजीनियर हैं।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ के सिटी मांटेसरी स्कूल गोमती नगर से प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की। प्रियशा के ने कहा उनके नाना उत्तर प्रदेश कैडर में एसडीएम थे और चचेरे भाई भी आईएएस अधिकारी हैं। इससे उन्हें बचपन से ही प्रशासनिक सेवा में जाने की प्रेरणा मिली। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रियशा ने लगभग पांच वर्ष पहले यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की थी। शुरूआती तीन प्रयासों में उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और निरंतर प्रयास करती रहीं। आखिरकार, चैथे प्रयास में उन्हें 324वीं रैंक के साथ सफलता मिली। प्रियशा ने बताया कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान अपनी पढ़ाई शुरू की। शुरूआत में उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से तैयारी की, लेकिन बाद में कोचिंग की मदद भी ली। वे प्रतिदिन 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती थीं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। प्रियशा के मुताबिक, वह इसी परिणाम को अपना अंतिम लक्ष्य नहीं मानेंगी और आगे भी अन्य परीक्षाएं देंगी। प्रियशा के माता-पिता ने कहा कि उन्हें पूरा यकीन था कि उनकी बेटी एक दिन अधिकारी बनेगी और उनका नाम रोशन करेगी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ शक्तियों का सम्मान

फतेहपुर। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' के भाव को अंतर्मन में धारण कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान एवं डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में एक भावपूर्ण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चेयरमैन फतेहपुर एवं कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली मातृ शक्तियों को सम्मानित कर समाज को नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने महिलाओं को नारी शक्ति के रूप में नमन करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं। उनका सम्मान प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में निरंतर योगदान देते रहें तथा समाज को नई दिशा प्रदान करें। डॉ. श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स जैसी बीमारियों से बचाव हेतु होमियोपैथिक औषधि प्रदान की तथा सभी सम्मानित महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर अनामिका श्रीवास्तव उपजिलाधिकारी सदर प्रेमा सिंह राठौर पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बीजेपी शिक्षिका छाया श्रीवास्तव, सीमा बाजपेई, रुपाली श्रीवास्तव, चिकित्सक डॉ. आसमां खान, डॉ. अचला पांडेय, गंगा समग्र से साधना चौरसिया तथा क्षय रोगियों के लिए समर्पित कल्पना सिंह को पुष्पवर्षा एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रत्येक सम्मानित महिला ने अपने कार्यक्षेत्र में किए जा रहे योगदान पर प्रकाश डाला तथा महिलाओं को आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगी एवं आजीवन सदस्य प्रेमचंद्र मौर्य भी उपस्थित रहे।

## शिक्षकों को जागरूक कर पोस्टकार्ड वितरित किया

उन्नाव। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के तत्वाधान में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चल रहे अनवरत आंदोलन के क्रम में रविवार को



"शिक्षक की पाती" कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद उन्नाव में शिक्षकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, उन्नाव के जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र के नेतृत्व में शिक्षकों के घर-घर जाकर उन्हें इस अभियान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही शिक्षकों को पोस्टकार्ड वितरित करते हुए उनसे 9 मार्च को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री को पोस्टकार्ड व ईमेल के माध्यम से अपनी बात भेजने का आग्रह किया गया। जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र ने कहा कि यह संघर्ष केवल किसी एक संगठन या व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे शिक्षक समाज के सम्मान और भविष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी शिक्षक साथियों से अपील की कि वे आपसी मतभेदों और व्यक्तिगत समस्याओं को भुलाकर एकजुट होकर इस शिक्षक विरोधी कानून का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि शिक्षक समाज संगठित होकर इस अभियान में भाग लेगा तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी और शिक्षकों की आवाज शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुँचेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, मदन गोपाल, वीर बहादुर, भीम प्रताप, ज्ञानेंद्र, विजय, रंजीत सिंह, रवींद्र, शैलेन्द्र, संजय सहित जूनियर शिक्षक संघ के विभिन्न शिक्षक साथियों से संपर्क कर अभियान चलाया गया और उन्हें अधिक से अधिक संख्या में पोस्टकार्ड अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अनेक शिक्षक साथियों ने भी अभियान में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

## होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन




मौरावा, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक सेठ की कोठी पर होली मिलन का कार्यक्रम हर साल की भांति इस साल संपन्न हुआ। पुरवा विधायक अनिल सिंह पहुंचे। होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में लोगों ने विधायक के साथ फाग का आनंद लिया। विधायक अनिल सिंह ने कहा कि जब से कुमार विवेक सेठ चुनाव जीत कर आए हैं आप लोगों का हमेशा ध्यान देते हैं होली मिलन समारोह भी रखा है कि आप लोगों से मिलने का सौभाग्य हो नगर के लोगों ने कुवर विवेक सेठ के साथ गुलाल लगाकर होली मनाई फूलों की वर्षा सुबह से होती रही। नगर के वासी अध्यक्ष के यहां सुबह से आना शुरू हुए। पापड़ गुजिया ठंडाई और भाग का आनंद लिया। इस मौके पर शिवम पांडे दीपू अग्निहोत्री गुड्डू त्रिवेदी राजू जमुना शंकर तिवारी अवधेश दिछित मुन्ना पाठक पंकज अवस्थी सोनू सिंह राजीव सिंह नगर पंचायत के कर्मचारी मधुकर बाबू अरुण अमित श्रवण सुनील सिंह नगर पंचायत के कर्मचारीगढ़ मौजूद रहे।

## हिन्दू सेवा सुरक्षा संघ ने फूंका मौलाना का पुतला

सीतापुर। बिहार के पटना में आयोजित एक धार्मिक सभा के दौरान दिए गए बयान को लेकर उत्तर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा मुख्यमंत्री योगी की मां को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर सीतापुर में हिंदू



सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में हिंदुओं ने कड़ी नाराजगी जताई है। बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रदेश के कई जिलों में विरोध शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि यह घटना रमजान के दौरान आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम की है, जहां मौलाना उत्तर प्रदेश में गौहत्या के खिलाफ बने सख्त कानूनों पर अपनी बात रख रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गाय को मां मानने की हिंदू परंपरा पर टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां का जिक्र किया, जिसे कई लोगों ने आपत्तिजनक और आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में अगर किसी के पास गाय का मांस मिल जाए तो पुलिस गोली मार देती है। इस बयान के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। सीतापुर में भी इस मुद्दे को लेकर हिंदू सेवा सुरक्षा संघ के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने शहर के मुख्य बाजार से लालबाग चैराहे तक पैदल मार्च निकाला और मौलाना के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदेश अनूप खेतान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर की गई टिप्पणी बेहद निंदनीय है। उनके अनुसार यह केवल मुख्यमंत्री का नहीं बल्कि संत परंपरा और सनातन धर्म का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि जब तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक संगठन प्रदेश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन जारी रखेगा। वहीं, इस पूरे मामले को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी बहस तेज हो गई है। कई लोगों ने बयान की निंदा करते हुए शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

संक्षेप

## वन कर्मियों ने बैलगाड़ी में लगायी आग, जांच के आदेश

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के उतरवां गांव मजरा पटवारी पुरवा में वन कर्मियों ने कटी फसल लेने खेत जा रहे किसान की बैलगाड़ी को आग के हवाले कर दिया जिससे वह पूरी तरह जल गयी। किसान का आरोप है कि वन कर्मियों ने दो हजार रुपये भी वसूल लिए। पीड़ित ने अतर्रा तहसील समाधान दिवस में अधिकारियों से मामले की शिकायत की। इस मामले पर उप जिलाधिकारी ने बदौसा पुलिस को जांच के आदेश दिए हैं। किसान छेदीलाल ने संपूर्ण समाधान दिवस अतर्रा व थाना बदौसा में दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि बीते 4 मार्च को सुबह सरसों की फसल लेने खेत बैलगाड़ी से जा रहा था। रास्ते में वन विभाग के वन रक्षक शुभम, जागेश्वर, दयाराम व दो-तीन अज्ञात संविदा वन कर्मी पहुंचे और रोक लिया। बैलों को खोलकर बैलगाड़ी में आग लगा दी जिससे बैलगाड़ी पूरी तरह जल गयी। किसान ने वन कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लाख की ठगी

ललितपुर। रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। जालसाजों ने एक युवक को फर्जी आईडी कार्ड और नियुक्ति पत्र थमाकर 3 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा निवासी मुन्नालाल परिहार (70) ने बताया कि उनका परिचय ग्राम निबाई निवासी संतोष रानी से था, जहां वह काली माता की चैकी पर जाते थे। वहीं उनकी मुलाकात भूरेलाल और उसके पुत्र प्रमोद से हुई। आरोपियों ने मुन्नालाल को झांसा दिया कि उनके रिश्तेदार गब्बर सिंह राय की रेलवे विभाग में बड़ी पकड़ है और वह उनके नाती आर्यन की नौकरी लगवा सकते हैं। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने नौकरी के बदले 4.50 लाख रुपये की मांग की थी। मुन्नालाल ने आरोपियों के बताए अनुसार 1.45 लाख रुपये फोन-पे के माध्यम से वैभव कुमार के खाते में भेजे और 1.55 लाख रुपये नकद दिए। कुल 3 लाख रुपये लेने के बाद आरोपियों ने आर्यन के नाम का एक रेलवे आईडी कार्ड और कुछ दस्तावेज सौंप दिए। जब मुन्नालाल अपने नाती के साथ जॉइनिंग के लिए झांसी स्थित इलेक्ट्रिक ट्रिप शेड पहुंचे, तो वहां पता चला कि उन्हें दिए गए सभी दस्तावेज पूरी तरह फर्जी हैं। ठगी का एहसास होने पर जब उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। आरोप है कि पैसे मांगने पर गब्बर सिंह ने फोन पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुन्नालाल की तहरीर पर संतोष रानी (निबाई), भूरेलाल, प्रमोद (गौना), गब्बर सिंह, वैभव कुमार (टीकमगढ़) और अनिकेत गिरी (ललितपुर) के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352 और 351(3) के तहत केस दर्ज किया है।

## पशु कूरता मामले में मुकदमा दर्ज

ललितपुर। शहर के कटरा बाजार क्षेत्र में बेजुबान जानवर के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। एक दुकानदार द्वारा सोते हुए आवारा कुत्ते पर डंडे से हमला करने के आरोप में पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कटरा बाजार निवासी अतिजेश जैन उर्फ सानू भारती ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि छत्रसालपुरा निवासी राम सोनी उर्फ राम पहलवान, जिसकी दुकान कटरा बाजार में है, अक्सर मोहल्ले के आवारा कुत्तों को बेरहमी से पीटता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, बीती 4 मार्च को दोपहर करीब 2.30 बजे आरोपी राम सोनी ने एक बेजुबान कुत्ते को, जो शांति से सो रहा था, डंडे से बुरी तरह मारा। इस पूरी घटना का वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें आरोपी की क्रूरता साफ देखी जा सकती है। पीडित की शिकायत और साक्ष्यों के आधार पर कोतवाली पुलिस ने 7 मार्च को आरोपी राम सोनी उर्फ राम पहलवान के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# नारी सुरक्षा और सम्मान का संकल्प

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस की भव्य जागरूकता रैली




ललितपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को जनपद ललितपुर में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश गूँजा। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और समाज में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ललितपुर पुलिस द्वारा एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। ?रैली में उपस्थित जनसमूह और पुलिस बल को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल पुलिस की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को रोकने और उन्हें त्वरित सहायता पहुँचाने के लिए ललितपुर पुलिस सदैव तत्पर है। ?रिजर्व पुलिस लाइन से शुरू हुई यह रैली कलेक्ट्रेट चैराहा, तुवन चैराहा, सुमेरा तालाब, शनिचरा चैराहा, घण्टाघर, जेल चैराहा और सदनशाह होते हुए पूरे नगर क्षेत्र में निकाली गई। रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मियों, रिक्रूट आरक्षियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने महिला सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता से संबंधित प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें सरकारी सुरक्षा योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों के प्रति सचेत करना रहा।

## 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



ललितपुर। जिले की प्रमुख विद्युत उत्पादन इकाई ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी (बजाज पावर प्लांट) में शनिवार से 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शानदार शुभारंभ हुआ। शुरूआत ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन और एक विशाल रक्तदान शिविर के साथ की गई। सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित यह विशेष सप्ताह 7 मार्च से 12 मार्च तक संचालित किया जाएगा। ?सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन जिला अस्पताल के सहयोग से प्लांट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व करते हुए कंपनी के प्रेसिडेंट मनोज मेहता और आलोक श्रीवास्तव ने स्वयं रक्तदान कर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ भारी संख्या में प्लांट के अधिकारियों, कर्मचारियों और कामगारों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। ?मुख्य अतिथि मनोज मेहता एवं आलोक श्रीवास्तव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा को केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे अपनी कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि 4 मार्च 1972 को नेशनल सेफ्टी काउंसिल की स्थापना के बाद से ही देश में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जा रहा है। पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभागाध्यक्ष दीपक आनंद ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की थीम सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को शामिल करें, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं रखी गई है। उन्होंने जानकारी दी कि पूरे सप्ताह के दौरान ?सुरक्षा पोस्टर, स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता, फायर सेफ्टी (अग्निशमन) का विशेष प्रशिक्षण, हाउसकीपिंग अभियान और सेफ्टी क्विज, कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना का संकल्प आदि सम्पन्न हुआ। संचालन ईएचएस विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्लांट के सभी वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ की बैठक, संगठन चुनाव चित्रकूट में 22 को



बांदा। उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक कैंप कार्यालय में शैलेन्द्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जनपदीय कार्यकारिणी का चुनाव कराने के लिए शिक्षक नेताओं ने अपने विचार रखे साथ ही ब्लॉकवार शिक्षकों की समस्याओं की गहन समीक्षा हुई। इसमें प्रोन्नति वेतनमान आदेश निर्गत होने के बावजूद अब तक जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सार्थक पहल नही की। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर सिंह एवं ब्लाक अध्यक्ष बबेरू डॉ विद्याभूषण सिंह ने शीघ्र ज्ञापन दिए जाने का प्रस्ताव रखा। इस दौरान विकासखंड अध्यक्ष एवं मंत्रियों ने जिला स्तरीय निर्वाचन जिला मुख्यालय में ही कराने पर जोर दिया। जनपदीय महामंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने सभी से अविलंब कोटा मनी जमा करने के साथ ही डेली गेट्स सूची उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। उपाध्यक्ष आलोक कुमार यादव ने संगठन के विस्तार पर चर्चा की। कहा कि निर्वाचन की तिथि और स्थान के बारे में शीघ्र ही सभी को जानकारी दी जाएगी। कहा कि चित्रकूट धाम मंडल का निर्वाचन 22 मार्च को चित्रकूट के पास भरतपुर सामुदायिक हॉल में होगा, इसमें जिले के सदस्य भाग लें। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों में नरेश कुमार पाण्डेय, प्रमोद कुमार द्विवेदी, राजकरण सिंह, तिंदवारी ब्लाक मंत्री दशरथ प्रसाद बिसंडा, राकेश कुमार सिंह ब्लाक अध्यक्ष कमासिन, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, शीतल प्रसाद, मोहम्मद आलिद खान नरैनी, ब्लाक बड़ोखर खुर्द के अध्यक्ष, मंत्री व जसपुरा ब्लाक के पदाधिकारी व जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मारपीट की घटनाओं में 10 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

बांदा। बबेरू थाना क्षेत्र के कोरम गांव निवासी रामबहोरी पुत्र रामऔतार ने पड़ोसियों के मारपीट करने की थाने में तहरीर दी है। बताया कि बीते 4 मार्च की शाम वह अपने दरवाजे पर था। उसी समय पड़ोसी रामदास पुत्र भगवानदीन वर्मा, भगवानदीन पुत्र चुनुबाद, रन्नू पुत्र भगवानदीन, विनीत पुत्र इंद्रपाल आए और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। इस पर वह घर के अंदर चला गया। आरोपी पीछा करते हुए अंदर आए, इस पर बेटी रोशनी, पूजा ने रोका तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी में उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी घटना में बबेरू थाना क्षेत्र के ग्राम बिनवठ निवासी रामप्रताप पुत्र कुन्नू ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि बीते 2 मार्च को पड़ोसी छोटा पुत्र दिलीप, मेंहू पुत्र चुन्नू, दिलीप पुत्र रामलाल उसके घर आए और पुत्र ललित को अरविंद मास्टर के यहां खाने पर लिवा ले गए। वहां शराब के लिए पैसे मांगे, इस पर ललित ने मना कर दिया तो आरोपितों ने ललित के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। ललित को सीएचसी में इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है लेकिन स्थिति खराब होने के कारण उसे कानपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छोटा, मेंहू, दिलीप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एक अन्य घटना में अतर्रा थाना क्षेत्र के महुटा गांव निवासी कैलाश पुत्र कल्लू प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि बीते 5 मार्च को वह बाजार से घर आ रहा था तभी रास्ते में गांव के ही राजेंद्र, अमित पुत्र रामनाथ व पचपहरा गांव निवासी रामनरेश ने जमीन के विवाद को लेकर गाली-गलौज व मारपीट की। आसपास के लोगों ने बचाया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं महिला कर्मचारी

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित

ललितपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को सीएमओ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में चिकित्सा क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में रहकर सेवा देने वाली महिला अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सों और स्वास्थ्य कार्यकताओं के बहुमूल्य योगदान को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया। अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने सभी महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि एक स्वस्थ समाज की नींव महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी सक्रिय भागीदारी पर टिकी होती है। स्वास्थ्य विभाग की असली रीढ़ हमारी महिला कर्मचारी हैं, जो न केवल पेशेवर प्रतिबद्धता बल्कि मानवीय संवेदनाओं के साथ दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटी रहती हैं। नोडल अधिकारी डा.अमित तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में निर्णय लेने वाली प्रक्रियाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। वहीं, डा.सौरभ सक्सेना ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर गरिमापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान एक विशेष परिचर्चा सत्र हुआ, जिसमें महिला अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में क्रांतिकारी भूमिका निभा रही हैं। दुर्गम क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने वाली और प्रशासनिक कार्यों में दक्षता दिखाने वाली महिला कर्मियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का भावुक क्षण तब आया जब उपस्थित सभी पुरुष सहकर्मियों ने अपनी महिला साथियों के सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं और एक समावेशी कार्य वातावरण बनाने का संकल्प लिया। डीपीएम रजिया फिरोज ने आभार जताया। इस दौरान नोडल आर.सी.एच. डा.अमित तिवारी, डा.सौरभ सक्सेना, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा.चंदा किचैलिया, चिकित्सा अधिकारी डा.राजेश भारती, डीपीएम रजिया फिरोज, डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगीना तहसील कार्यालय का निरीक्षण

### निरीक्षण में सब कुछ मिला ओके



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नगीना तहसील कार्यालय का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था अभिलेखों का रखरखाव आदि सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को तहसील दिवस की समाप्ती के बाद नगीना तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने एसआईआर से संबंधित कक्ष का निरीक्षण किया जहां संतोषजनक रूप से कार्य प्रगति पर पाया गया उसके बाद उन्होंने नायाब तहसीलदार बढ़ापुर एवं नगीना न्यायालय कक्ष का निरीक्षण किया। दोनों न्यायालय में 10 अथवा 5 वर्ष से अधिक का कोई वाद लंबित नहीं पाया गया तथा वादों का निस्तारण भी दायरे के अंतर्गत होना प्रकाश में आया अभिलेखागार कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने खसरा खतौनी के बस्ते खुलवाकर देखें, सभी अभिलेख सुव्यवस्थित रूप से संरक्षित पाए गए। अभिलेखागार में बस्ते पुराने कपड़े में होने के दृष्टिगत उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बस्ते बदलकर अभिलेख अच्छे और मजबूत कपड़ों में संरक्षित करें। न्यायालय तहसीलदार नगीना के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने धारा 67 की तीन पत्रावालियां तलब कर उनका निरीक्षण किया निरीक्षण में सभी वादों का निस्तारण नियम अनुसार सही होना पाया गया उन्होंने निर्देश दिये की कोई भी वाद अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। इसके अलावा उनके द्वारा राजस्व कक्षा सहित अन्य मुख्य कक्षाओं का भी निरीक्षण किया गया जहां सभी व्यवस्थाएं अद्यतन रूप से पूर्ण मिली। तहसील परिसर में जर्जर भवन पाए जाने पर उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि सभी जर्जर भवनों को डिस्पोजल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें और उनके स्थान पर नए कार्यालय एवं एक पिंक शौचालय का भी निर्माण करना सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर से लगे गुरुद्वारे की दीवार का निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि गुरुद्वारे की भूमि की खसरा-खतौनी की जांच करें और जांचोपरांत जमीन की पैमाइश कराकर दीवार के प्रकरणों के वाद को निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी जसजीत कौर एम0एम0 इंटर कॉलेज नगीना के खेल मैदान का निरीक्षण किया। खिलाड़ियों द्वारा बताया गया कि इस मैदान में बरसों तक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ है। खेल मैदान गहरा होने की वजह से नगर पालिका द्वारा स्वीकृत निर्माण/विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं।

## अलग बुंदेलखण्ड राज्य बनाने को व्यापक जनसमर्थन



बांदा। बुंदेलखंड को पृथक राज्य बनाने के लिए पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोग सहभागिता कर रहे हैं और व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। पदयात्रा का नेतृत्व फिल्म अभिनेता बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के प्रमुख राजा बुंदेला व उनके समर्थक कर रहे हैं। यात्रा के तीसरे दिन बबेरू के रामलीला परिसर से पदयात्रा आगे बढ़ी। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने युवाओं से बुंदेलखंड के भविष्य के लिए अब हर गांव और हर घर तक राज्य निर्माण की आवाज पहुंचाने की बात कही। कहा कि यदि बुंदेलखंड को अलग राज्य का दर्जा मिलता है तो यहां के प्राकृतिक संसाधनों और रोजगार के अवसरों का लाभ यहां के युवाओं को मिलेगा। पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल ने कहा कि बुंदेलखंड की सबसे बड़ी समस्या आपसी बिखराव रही है। यदि सभी लोग एकजुट होकर संघर्ष करें तो अलग बुंदेलखंड राज्य का सपना अवश्य साकार होगा। पूर्व चेयरमैन विजयपाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड की माटी और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी को एक मंच पर आकर राज्य निर्माण की मांग को मजबूत करना होगा। इस मौके पर यात्रा संयोजक डॉ. आश्रय सिंह, डालचंद्र मिश्रा, नीरज पांडे, अमित यादव, तेज यादव, दुर्गेश सिंह, राममिलन सिंह, प्रभाकर पटेल, शैलेंद्र जौहरी, सुनील यादव व अन्य लोग मौजूद रहे।

## भक्ति और साहित्य की त्रिवेणी, भव्य कवि सम्मेलन 11 को

ललितपुर। स्थानीय श्रीतुवन मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहने वाली है। मंदिर परिसर में सप्ताह ज्ञान यज्ञ के साथ-साथ सप्तदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो 8 मार्च 2026 से शुरू होकर 14 मार्च 2026 तक चलेगा। ?इस आयोजन के विशेष आकर्षण के रूप में 11 मार्च को सायं 6 बजे से एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव के अंतर्गत होने वाले इस सम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध रचनाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सम्मेलन में काव्य पाठ के लिए मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध गीतकार (इन्दौर) अमन अक्षर, हास्य कवि (मंदसौर) मुन्ना बैटरी, गीतकार (शिवपुरी) मनु वैशाली, गीता शुक्ला (बाराबंकी) शायर अभिसार, ओज कवि (गाजियाबाद) आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने महिला कर्मियों को किया सम्मानित



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया और महिला सशक्तीकरण की दिशा में संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। रविवार को विकास भवन परिसर में लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) भी कार्यक्रम के दौरान देखा गया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विचार व्यक्त किए गए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि महिलाएँ आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। समाज की प्रगति के लिए महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करना अनिवार्य है। प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति जैसे अभियानों के माध्यम से जमीनी स्तर पर बदलाव लाए जा रहे हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा में कोई कोताही न बरती जाए, क्योंकि एक शिक्षित महिला पूरे परिवार को शिक्षित करती है। जिलाधिकारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस प्रशासन, खेल और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने उनके कौशल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट (ठब) सखी योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद की 10 प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने गरीबी एवं विभिन्न कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने परिवार का सफलतापूर्वक पालन-पोषण किया है। पुलिस, एनआरएलएम, चिकित्सा विभाग, आईसीडीएस आदि विभागों की 2-2 महिला कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को लैपटॉप, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप ट्रैक सूट वितरित किए गए।

## सीरिज हेलो बच्चों में नजर आएंगे मुदित



बांदा। नेटफ्लिक्स की सिरीज हेलो बच्चों में बांदा शहर के एक्टर मुदित द्विवेदी शीघ्र ही नजर आएंगे। यह सिरीज अलख पाण्डेय की बायोपिक पर आधारित है, जो एक बेहद लोकप्रिय शिक्षक हैं और फिजिक्स वाला कंपनी चलाते हैं। इस सिरीज का निर्देशन प्रतीश मेहता ने किया है और इसके निमार्ता अभिषेक यादव हैं। सिरीज में बांदा शहर निवासी मुदित द्विवेदी अलंकृत के किरदार में दिखाई देंगे। यह बांदा से निकलकर एक उभरते हुए नए सितारे के रूप में दर्शकों के सामने आ रहे हैं। सिरीज के अन्य कलाकारों में विनीत कुमार सिंह, विक्रम कोछर, अनुमेहा जैन, चित्रांश राज, प्रशांत शेट्टी, युग्यांशी बक्सी, राघवेन्द्र झा, गिरिजा ओक व दिवेश हैं। मुदित की भूमिका को लेकर यहां के लोग खासे उत्साहित हैं। कहते हैं कि मुदित ने सिरीज में काम कर बांदा का नाम रोशन किया है।

## महिलाएं हर क्षेत्र में लहरा रहीं परचम, कई सम्मानित



बांदा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वैश्विक मानवाधिकार संरक्षण फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय महिला महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या दीपाली गुप्ता, सेवानिवृत्त सीबीआई जज अवधेश नारायण द्विवेदी व अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मदन मोहन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और समाज में महिलाओं की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या दीपाली गुप्ता, डॉ नीलम सिंह, ज्योत्सना पुरवार, छाया सिंह व अतिथियों ने महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम आयोजक गोपाल गोयल, नम्रता अग्रवाल ने सभी का आभार जताते हुए महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। अध्यक्षता प्राचार्य दीपाली गुप्ता, मुख्य अतिथि सीबीआई दिल्ली के पूर्व जज अवधेश नारायण द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि एडीएम मदन मोहन वर्मा, डॉ संगीता सिंह, मंजुला अग्रवाल रहीं। डॉ गोपाल गोयल, चेयरमैन प्रकाश सोनी, राष्ट्रीय महासचिव, फाउंडेशन के पदाधिकारी के अलावा ज्योत्सना पुरवार, छाया सिंह, शशि मेहरा, सुनीता गुप्ता, नीलिमा पुरवार, अंजू दमेले व महाविद्यालय की शिक्षक, छात्राएं मौजूद रहीं। संचालन डॉ सबीहा रहमानी व नम्रता अग्रवाल ने किया।

## युवक की हत्या से परिजनों में कोहराम



बिजनौर। मुंबई रोजगार के सिलसिले में गए थाना शेरकोट क्षेत्र के युवक की हत्या की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से क्षेत्र में मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार थाना शेरकोट नगर के मोहल्ला खुराड़ा निवासी नासिर अहमद (22 वर्ष) पुत्र सलामतुल्ला नवी मुंबई के एरोली थाना क्षेत्र में रहकर कैब टेक्सी चलाने का काम करता था। करीब चार दिन पहले वह एक बुकिंग लेकर टीटवाला से पुणे के लिए गया था, जिसके बाद से उसका परिवार से संपर्क नहीं हो सका। मुंबई में मौजूद उसके भाई आमिर अहमद ने जब नासिर से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद कैब के जीपीएस के माध्यम से उसकी लोकेशन देखी गई, जो एक स्थान पर खड़ी दिखाई दे रही थी। जब आमिर मौके पर पहुंचे तो पूना रोड पर नासिर की कैब खड़ी मिली, जिसमें खून के निशान देखकर उनके होश उड़ गए। आमिर ने घटना की सूचना मुंबई पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। पूना रोड स्थित जूनर घाट की झाड़ियों से नासिर का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक नासिर के भाई शाहनवाज ने बताया कि नासिर करीब तीन महीने पहले ही रोजगार के सिलसिले में मुंबई गया था। नासिर पांच भाइयों में सबसे छोटा था और परिवार के अन्य सदस्य भी मुंबई में रहकर मजदूरी करते हैं। परिजनों के अनुसार नासिर का शव शेरकोट लाने की स्थिति में नहीं है, इस लिए उसको सुपुदेर्खाक मुंबई में ही किया जाएगा। युवक की हत्या किन कारणों से हुई है मुंबई पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## खतौनी पुनरीक्षण के दौरान गाटों में हुई अंश त्रुटियों का होगा सुधार :डीएम

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि प्रदेश की राजस्व खतौनियों में खातेदारों, सह खातेदारों के गाटों में अंश निर्धारण में हुई अविवादित त्रुटियों या लोप को सही कराने के लिए राजस्व परिषद एवं पोर्टल पर उपलब्ध है जिसके माध्यम से भूलेख खतौनी में पता आदि में हुई त्रुटि सही कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह प्रक्रिया मुख्य रूप से अविवादित मामलों के लिए है, जिसे लेखपाल द्वारा जांच के बाद सही किया जाता है। ऐसे खातेदार, सह खातेदार जिनके गाटों में खतौनी पुनरीक्षण के दौरान अंश त्रुटि हुई है, वे अपने गाटों में अंश सुधार हेतु राजस्व परिषद की वेबसाइट भूलेख खतौनी अंश सुधार पोर्टल का ऑप्शन चुने, यहां पर अपना मोबाइल नंबर भरकर ओटीपी प्राप्त करें और ओटीपी भरकर लॉगिन करें। इसके बाद आगे खुलने वाली विंडो में खाताधारक को चरणबद्ध रूप से नाम, पता, खतौनी का विवरण, गाटा संख्या, आधार, मोबाइल नंबर आदि विवरण भरकर सुरक्षित करना होगा और लेखपाल को अग्रसारित करना होगा। खातेदार या सह खातेदारों के द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने के बाद यह आवेदन सम्बंधित लेखपाल की लॉगइन आईडी पर प्रदर्शित होगा, लेखपाल द्वारा स्थलीय जांच के उपरान्त सम्बंधित खातेदारों ध्सह खातेदारों से लिखित सहमति लेते हुए समस्त साक्ष्यों सहित पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा।

# ट्रंप का युद्धोन्माद

लगता है अमरीका ईरान को लेकर सही अनुमान लगाने में चूक गया। ईरान ने जिस ताकत के साथ पलटवार किया और कर रहा है, उससे अमरीका खुद को फंसा हुआ महसूस कर रहा है।

ट्रंप को शायद लगा हो कि अमरीकी वायु सेना के कुछ कुख्यात विमानों से ईरान पर सौ-पचास बम गिरायेंगे और व्हाइट हाउस में अपने बेढ़ंगे स्टाइल में डांस कर विजय का जश्न मना लेंगे। इस तरह अपने खाते में एक और विजय जोड़ लेंगे, ठीक वैसे ही जैसे आठ-दस युद्ध रुकवाने का फर्जी श्रेय बेहद बेशर्मी से लेते रहते हैं। लेकिन जिस तरह ईरान पलटवार कर रहा है, युद्ध लंबा खींचने की बात कर रहा है, उससे अमरीका का अनुमान गड़बड़ा गया है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अमरीका पर हमला करने वाला था, लिहाजा हमने ही आक्रमण कर उसे कुचल दिया। ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग नष्ट कर दी गई है। दूसरी तरफ अमरीकी युद्ध विभाग पेंटागन ने वहां की संसदीय समिति को ब्रीफ किया है कि उसे ऐसी खुफिया लीड की जानकारी नहीं है कि ईरान की अमरीका पर हमले की कोई योजना थी। दरअसल यह कोई सामान्य विरोधाभास नहीं है। एक पक्ष सफेद झूठ बोल रहा है और ट्रंप की झूठ बोलने की बीमारी पुरानी है। बहरहाल अब अमरीकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने तो यहां तक खुलासा किया है कि ईरान राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या कराना चाहता था, लेकिन हमने ही उनके क्रूर, तानाशाह नेता खामेनेई को मार दिया। रक्षा मंत्री का यह भी दावा है कि एक सप्ताह में ईरान के आसमान पर अमरीका का कब्जा होगा। लेकिन रक्षा विशेषज्ञों और विख्यात राजनयिकों का आकलन हैं कि ऐसा नहीं होगा। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ईरान युद्ध में, इजरायल के उकसावे में आकर, फंस गये हैं। अब वह चाह कर भी युद्ध से अलग नहीं हो सकते। इसकी



बुनियादी दलील यह है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की हत्या के बावजूद ईरान अब भी जम कर लड़ रहा है। वह खामेनेई की हत्या का बदला लेने पर आमादा है। ईरान में फिलहाल कोई विद्रोह नहीं है। अलबत्ता अमरीका और इजरायल को सबक सिखाने की 'हुंगार' जरूर गूंज रही है। बेशक ईरान में मरने वालों का आंकड़ा 1145 तक पहुंच चुका है। यह भयावह और खौफनाक आंकड़ा है, जो लगातार बढ़ रहा है। ईरान के शीर्ष 48 नेता और सैन्य कमांडर मारे जा चुके हैं। उसके 24 प्रांतों पर 1200 से अधिक मिसाइल हमले किए गये हैं। ईरान के 153 शहरों की 504 जगहों पर बमबारी की गई है। उसके कमोबेश 20 युद्धपोत और 14 लड़ाकू विमान नष्ट किए जा चुके हैं। ईरान के चारों ओर खंडहरी इमारतें, मिट्टी-मलबा देखे जा सकते हैं, लेकिन ईरान की मिसाइलों और ड्रोनों ने अरब देशों के 27 अमरीकी बेस पर तबाही मचा रखी है। आग के गोले और धुएं के गहरे-काले गुब्बार दुनिया के सामने हैं। इजरायल में येरुशलम और राजधानी तेल अवीव जैसे शहरों में पचासियों इमारतें ध्वस्त कर दी गई हैं। रिहायशी इलाकों पर भी मिसाइलें दागी जा रही हैं। चीख-पुकार सुनी जा सकती हैं। सऊदी अरब की दुनिया की सबसे बड़ी अरामको रिफाइनरी पर दो बार हमले कर ईरान ने उसे पंगु बना दिया है। यहां 30 लाख बैरल तेल हर रोज रिफाइन किया जाता रहा है, लेकिन अब उत्पादन बंद करना पड़ा है। ईरान ने साइप्रस और तुर्किए में भी मिसाइल-ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की हजारों बैलेस्टिक, क्रूज मिसाइलें अब भी बंकरों के नीचे मौजूद हैं। अब भी 6-7 यूनिट्स उत्पादन कर रही हैं। ईरान के पास सर्वंद्धित यूरेनियम है। बेशक वह 10-12 परमाणु बम बनाने की स्थिति में है। रूसी विदेश मंत्री के बयान से भी संकेत मिले हैं कि ईरान को परमाणु बम बनाने को बाध्य किया जा रहा है। एक आकलन सामने आया है कि अमरीका पर इस युद्ध से 19 लाख करोड़ रुपये तक का बोझ पड़ सकता है। कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुकी हैं। इससे पूरी दुनिया संकट में है। कुल मिलाकर ट्रंप जबसे आये हैं, पूरी दुनिया को अपने सनक से संकट में डाले हुए हैं। ऐसे में ट्रंप की मनमानियों को रोकने के लिए जरूरी है कि कुछ समय के लिए अपने मतभेद भूलकर भारत, रूस और चीन एक साथ आयें।

### विचार

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

# मध्यपूर्व में संघर्ष से प्रभावित होगी दुनिया



मनोज बाजपेयी

मध्य पूर्व में सिर्फ इजराइल, ईरान और अमरीका के बीच तक ही संघर्ष सीमित नहीं है। सच तो यह है कि यह युद्ध एक भीषण क्षेत्रीय टकराव में तब्दील हो चुका है। इसमें एक दर्जन से अधिक देश सीधे प्रभावित हो रहे हैं और युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने, खाड़ी के देशों में तेल एवं गैस उत्पादन प्रभावित होने या बंद होने से फिलहाल पूरी दुनिया संकट में है। खुद अमरीका महंगाई की चपेट में है। वहां तेल की कीमतें बढ़ी हैं। पाकिस्तान में सीधे एक 55 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल के दाम बढ़े हैं। भारत में घरेलू एलपीजी के सिलेंडर में 60 रुपये और कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की वृद्धि हुई। यही स्थिति उन तमाम देशों में आने वाली है जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करते हैं। लेकिन अमरीका-इजराइल और ईरान युद्ध जिसके लंबा खिंचने के आसार नजर आ रहे हैं, उसका अगर शीघ्र समाधान न हुआ, संघर्ष फैलता या चलता रहा, तो इसका प्रभाव दुनिया में महंगाई, विकास दर गिरने, रोजगार संकट, हथियारों की होड़, परमाणु बम बनाने की होड़ के साथ ही परमाणु दुर्घटना के रूप में भी सामने आ सकता है।

ईरान के पास चार सौ किलोग्राम से अधिक 60 फीसद संवद्धित यूरेनियमहै। अमरीका इसे नष्ट करना या फिर इस पर कब्जा करना चाहता है। ऐसे में युद्ध में परमाणु रिसाव के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का मानना है कि अमरीका और इजरायल जिस तरह बमबारी कर रहे हैं, मिसाइल-ड्रोन से हमले किए जा रहे हैं, उनसे परमाणु केंद्रों पर चिंताजनक स्थितियां बनती जा रही हैं। हालांकि अभी आईएईए ने किसी भी तरह के परमाणु विकिरण की पुष्टि नहीं की है और न ही ऐसे संकेत हैं, लेकिन परमाणु रिसाव की संभावनाओं से इंकार भी नहीं किया है। आईएईए ने आपात बैठक भी की है, क्योंकि ईरान के राजनयिक रेजा नजाफी ने दावा किया था कि अमरीकी-इजरायली लड़ाकू विमानों ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला किया है, जबकि उन केंद्रों में शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा पर काम किया जा रहा है। अब बमबारी के बाद परमाणु रिसाव का

> ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह अवरुद्ध करता है तो कच्चे तेल का आयात बनाये रखना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि वैश्विक पेट्रोलियम और एलएनजी का लगभग 20 फीसदी इसी मार्ग से जाता है।




खतरा पैदा हो गया है। आईएईए ने ईरान सरकार के संबद्ध अधिकारियों से बात की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि परमाणु विकिरण फैल सकता है। परमाणु विकिरण का जहां अपनी जगह पर बना हुआ है वहीं इससे सबसे ज्यादा प्रभावित वैश्विक अर्थव्यवस्था होगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध से भारत के समक्ष तेल, गैस और उर्वरक की कीमतें बढ़ने से लेकर प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और विदेशी मुद्रा की आमद में ठहराव जैसी कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। इस टकराव का अंतिम परिणाम क्या होगा, इस बारे में अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इसका मतलब यह है कि लड़ाई यदि लंबी चली तो हालात से निपटने के लिए भारत को अपने पास मौजूद सभी नीतिगत उपाय अपनाने होंगे।

## इजराइल-यूएस और ईरान युद्ध

ईरान होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह अवरुद्ध करता है तो कच्चे तेल का आयात बनाये रखना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि वैश्विक पेट्रोलियम और एलएनजी का लगभग 20 फीसदी इसी मार्ग से जाता है। यद्यपि ईरान ने इस मार्ग को बंद करने की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन तेल वाले सैंकड़ों जहाजों ने पहले ही यहां से निकलने का फैसला टाल दिया है। युद्ध छिड़ने के साथ ही बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड के दाम में 25 डॉलर से अधिक का इजाफा हो चुका है। फिलहाल यह 90 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। पिछले साल जून में ईरान के परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी हमले के बाद से यह सबसे ऊंचा रेट है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, जो अपनी जरूरत का करीब 85 फीसदी कच्चा तेल दूसरे देशों से मंगाता है। इसमें आधे के करीब तेल एवं गैस इराक, कतर, यूएई, सऊदी अरब और कुवैत आदि से आता है। अमेरिकी दबाव के बाद रूस से तेल खरीद में कटौती किए जाने से इन देशों पर निर्भरता और बढ़ गई है। भारत के पास इस समय तीन-चार सप्ताह का ईंधन भंडार मौजूद है। यह स्थिति आपूर्ति और कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रति इसकी संवेदनशीलता को दर्शाती है।

संकट के समय ऐसे हालात से निपटने के लिए भारत को तेल और गैस के लिए मजबूत रणनीतिक भंडार बनाने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेल आयात की हिस्सेदारी 3.1 फीसदी है। वित्तीय विश्लेकर फर्म नोमूरा के आकलन के अनुसार, तेल की कीमत में यदि 10 फीसदी की वृद्धि होती है तो चालू खाते का घाटा 0.4 फीसदी अंक बढ़ जाता है। यद्यपि भारत का चालू खाता घाटा मामूली रहा है, लेकिन वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल पहले से ही दबाव का सामना कर रहे पूंजी प्रवाह को और प्रभावित कर सकता है। इससे वित्त प्रबंधन में और मुश्किल आ सकती है। दूसरे, रुपये पर नये सिरे से दबाव पड़ सकता है। इसके अलावा बढ़ते मुद्रास्फीति दबाव के कारण बजट एवं मौद्रिक अनुमानों पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। यह सच है कि भारत रूस, वेनेजुएला और अमेरिका जैसे देशों का विकल्प चुनकर तेल आपूर्ति में विविधता ला सकता है, लेकिन रूस को छोड़कर अन्य जगह से आयात अपेक्षाकृत महंगा पड़ता है। मुद्रास्फीति फिलहाल कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। सरकार पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क कम करके कुछ हद तक इसकी भरपाई कर सकती है, लेकिन गैस की कीमतों से अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का 80 फीसदी खाड़ी देशों से आयात करता है और देश में कोई रणनीतिक भंडार भी नहीं है। ईंधन आपूर्ति में व्यवधान से तो भारत सरकार किसी तरह निपट भी लेगी, लेकिन संघर्षरत क्षेत्रों में रह रहे लगभग 90 लाख प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा निश्चिय ही बड़ी चिंता का विषय है, जहां उसके पास बहुत सीमित विकल्प हैं। वर्तमान में ईरान के हमलों की जद में आये बहरीन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों में आबादी का एक तिहाई से अधिक हिस्सा भारतीयों का है। यहां अधिकांश भारतीय निर्माण और आतिथ्य जैसे कम कौशल की जरूरत वाले क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

इन देशों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के गरीब इलाकों से आते हैं, जबकि कुशल श्रमिक मुख्य रूप से केरल और तमिलनाडु से हैं। संघर्ष में घिरे संवेदनशील क्षेत्रों से इतनी बड़ी संख्या में लोगों को निकालना अपने आप में बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके अलावा एक और समस्या विदेशी मुद्रा प्रवाह में अवरोध है। अमेरिका के बाद पश्चिम एशिया विदेशी मुद्रा प्रवाह का सबसे बड़ा स्रोत है। यदि विदेश से प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजी जाने वाली रकम रुकती है तो देश में उन पर आश्रित हजारों परिवारों पर एक नया आर्थिक संकट आ सकता है। इसलिए इस अनिश्चितता की स्थिति से निपटना सरकार के लिए किसी कठिन परीक्षा से कम नहीं होगा। युद्ध भले ही मध्य पूर्व में हो, लेकिन इससे प्रभावित पूरी दुनिया होगी और भारत सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले देशों में रहेगा।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का बेहद महत्वपूर्ण योगदान है। नीतीश कुमार.



दुनियाभर के दबाव मे झुककर भारत के हितों से समझौता करने वाले प्रधानमंत्री व सरकार के खिलाफ आवाज उठाने में 140 करोड़ भारतीयों का हित सर्वोपरि है। प्रियंका गांधी.



कौशाम्बी स्थित मां शीतला अतिथि गृह में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ, समीक्षा में जनपदों में संचालित विविध विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। केशव प्रसाद...



# मनुष्य का परिष्कार

### अंतर्दृष्टि

जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए महापुरुषों का मार्गदर्शन जरूरी होता है। महापुरुषों का मार्गदर्शन, साधना और ज्ञान हमेशा मनुष्य का पारिष्कार कर उनमें दैव प्रवृत्तियों एवं सद् चिंतन का विकास करते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

# आप हमारे मौसेरे भाई हो

### व्यंग्यलोक

देखिए भाई साहब! अब बहुत हो गया ये हमसे नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफे की मांग का स्वांग करना। अब शांत हो जाइए प्लीज! वर्ना कहीं आपका गला न पक जाए। अब नैतिकता के आधार पर हमसे इस्तीफे की मांग की आप लक्ष्मण रेखा न लांघिए तो अच्छा रहेगा हम सब के लिए। जनता अब यह शोर सुन बोर होने लगी है। अब अगर वहां उस हादसे के लिए हमने भी आपसे इस्तीफे की इसी तरह मांग की होती तो आपको बहुत बुरा लगता। पर हमने तब नैतिकता की सीमाओं में रहकर आपसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। यही हमारा धर्म है। एक दूसरे से इस्तीफा मांगने में शालीनता बनी रहे तो अच्छा लगता है। हम नहीं चाहते कि आपको हमारे सत्ता में होते हुए कुछ बुरा लगे। ऐसे में आपके विपक्ष में होते हुए हमें भी तो कुछ बुरा नहीं लगना चाहिए न! सत्ता में कभी हम, तो कभी आप! जनता तो सत्ता में आने से रही। देखिए, यहां सरकार हम हैं तो वहां आप। ये भी नहीं कि हम आपसे नैतिकता के आधार उस हादसे के लिए आपकी तरह गला फाड़ फाड़ कर इस्तीफा नहीं मांग सकते। आज आपके उसूल हों या न, पर हमारे आज भी कुछ उसूल है। आप हमारे मौसरे भाई हो। हादसे हो जाते हैं। हादसों का काम होना है और हमारा काम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने के बदले उन हादसों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाना। ये बात तो आप भी जानते ही हो कि जब हादसों का कारण अपने ही बंदे हों तो हम उनकी निष्पक्ष जांच करवा अपने पांव पर कुल्हाड़ी कैसे मार सकते हैं? वह तो अधिकतर शरीफों के पांवों को ही लहूलुहान करती रही है न! बंधु! हम तुम उस बिरादरी से हैं जो इस्तीफा देने के बाद के दर्द को बहुत गहरे से समझते रहे हैं। पद से इस्तीफा देने के बाद घरवाले भी नहीं पूछते। नेता तभी तक सुहाता है जब तक वह कुर्सी पर हो।



अशोक गौतम

अतः यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर हमारी जगह अपने को रख हमारी पीड़ा समझो बंधु! और हमें विश्वास है कि आप भी समझते होंगे। पर कई बार हम सत्ता पाने को लेकर अधिक ही मुंहफट हो जाते हैं। देखो, गिरा वो पुल और इस्तीफा दें हम? अब टकराईं वे रेलें और इस्तीफा दो आप? ये कहां का न्याय है? गिरे कोई, इस्तीफा दे कोई! गिरना जीवन की परिणति है। टकराना जीवन की जरूरत है। अरे जो हम इस्तीफा दे देंगे तो पुल के गिरने की, रेलों के भिड़ने की निष्पक्ष जांच कैसे होगी? अब रही बात पब्लिक कि तो सुनो डियर पब्लिक! हमने इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली है। अब दिल पर हाथ रख पब्लिक टीवी देखती रहे कि इस्तीफा न देते हुए हम उनके विरूद्ध कैसे कड़े से कड़ा एक्शन लेते हैं?

# नक्सलवाद के खिलाफ सरकार की सफलता



### सामयिक

सरकार नक्सलवाद के खिलाफ कठोरता से कार्रवाई कर रह है और इसका असर भी अब दिखायी दे रहा है। पूर्व नियोजित प्रयास इस दिशा में बड़ी सफलता दिला सकते हैं। सुरक्षा बलों के सशस्त्र जवान जब सटीक सूचना, सधी हुई रणनीति और पूरी तैयारी के साथ नक्सलियों पर प्रहार करते हैं, तो उनको सफलता मिलती है। बीते अप्रैल महीने में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुठभेड़ में 29 नक्सलियों की मौत हुई थी। ऐसे पूर्वनियोजित रणनीति से ही देश नक्सली समस्या पर काबू पा सकता है। एक समय था जब देश में नक्सलवाद की समस्या इतनी जटिल हो गयी थी कि करीब-करीब आधे भारत में इनका विस्तार हो गया था। यूपी, बिहार, झारखंड, पं. बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में नक्सली समस्या बहुत गंभीर हो गयी थी। नक्सली आये दिन सुरक्षा बलों पर हमला करने के साथ ही वसूली का रैकेट चलाते।

नक्सलियों की अर्थव्यवस्था वसूली के जरिए चलती है। इनके सेंट्रल कमेटी के मेंबर और नक्सलवाद से प्रभावित पढ़े लिखे लोग शहरों में रहकर चंदा जुटाते हैं, वहीं जंगलों में रहकर नक्सली व्यापारिक प्रतिष्ठानों से वसूली, विकास योजनाओं में कमीशन लेते हैं। इनके प्रभाव वाले क्षेत्र में कोई भी सड़क या अन्य योजना तब तक आगे नहीं बढ़ती जब तक इनको हिस्सा नहीं मिल जाता। इस वसूली और गुप्त चंदे व आर्थिक मदद के जरिए नक्सलियों का बड़ा रैकेट तैयार हो जाता है। जंगल के आसपास के इलाकों से ये लोगों को अपने साथ जोड़कर उनको ट्रेनिंग देते हैं और फिर हिंसक गतिविधियों में धकेल देते हैं। पूर्व में ऐसी भी कई घटनाएं सामने आयी कि जब किसी को अपने अभियान में जोड़ लिया, तो फिर उसका बाहर निकलना कठिन हो जाता है। नक्सली दुनिया से निकलने के लिए भी जान जोखिम में डालना पड़ता है। बहरहाल हाल के एक दशक के दौरान नक्सलवादियों पर सुरक्षा बलों ने जिस तरीके से शिकंजा कसा है उसके कारण नक्सली समस्या काफी हद तक सीमित हो गयी है। अब देश में बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के बामुश्किल बीस-पच्चीस जिलों में ही नक्सली समस्या रह गयी है। हाल के वर्षों में नक्सलियों का बड़े पैमाने पर सफाया हुआ है, नक्सलियों पर सुरक्षा बलों के कठोर प्रहार के कारण बड़ी संख्या में नक्सली नेताओं और उनके कॉडर ने आत्मसर्मपण भी कर दिया है। नक्सलियों का बचा-खुचा दायरा भी सिमट रहा है। यही कारण है कि अब नक्सली बड़ी-बड़ी हिंसक घटनाओं को अंजाम नहीं दे पाते। अन्यथा एक समय ऐसा भी था जब ये सीधे केन्द्रीय बलों पर हमला बोल देते थे और बड़ी संख्या में शहादत की घटनाएं होती थीं।

नक्सलियों की संख्या कम होने और नक्सल प्रभावित क्षेत्र का दायरा घटने के कारण आंतरिक सुरक्षा की स्थिति काफी हद तक मजबूत हुई है। लेकिन देश में अगर एक भी जिला नक्सल प्रभावित है, तो वह भी सरकार को सीधे-सीधे चुनौती है। इसलिए बेहतर यही है कि नक्सलियों पर कठोर प्रहार जारी रखा जाये, वहीं दूसरी तरफ नक्सलियों को आत्म समर्पण के लिए भी प्रेरित किया जाये। वैसे भी जंगलों में जो नक्सली गन उठाकर देश के कानून को और सांविधानिक व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं, वे दरअसल भटके हुए या फिर नक्सलियों के कॉडर द्वारा ब्रेनवॉश किये गये नौजवान हैं। इसलिए बंदूक छोड़कर राष्ट्र की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, आम आदमी की तरह जीवन जीना चाहते हैं, तो उनको एक बार मौका देना चाहिए। वैसे सरकार की इस संदर्भ में योजना चल भी रही है। आत्मसर्मपण करने वाले नक्सलियों का सरकार नकदी और रोजगार में मदद देकर उनके पुनर्वास का कुछ प्रबंध करती है। इस तरह की योजनाओं का लाभ भी मिला है। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। अप्रैल महीने में छत्तीसगढ़ के ही सुकमा जिले में जो नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित है, वहां तीन हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। जबकि अप्रैल में कांकेर मुठभेड़ में जिन 29 नक्सलियों के शव बरामद हुए थे उनमें टॉप कमांडर शंकर और ललिता भी था जिस पर 25 लाख का ईनाम था। इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने व टॉप कमांडर के ढेर होने से नक्सली कॉडर को बड़ी क्षति पहुंची होगी। सरकार इनके पुनर्वास, रोजगार और समर्पण के बाद बेहतर भविष्य की गारंटी देती है, तो संभव है समर्पण के लिए बहुत से नक्सली तैयार हो जायें

**– विवेक कुमार.**

## आप की बात

### तमाशबीन बना यूएनओ

दुनिया में कई मोर्चे पर युद्ध चल रहा है। इजराइल कई आतंकी संगठनों से लड़ रहा है, ईरान से भी उसका टकराव चल रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है, लेकिन युद्ध रोकने के लिए अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र संघ तमाशबीन बना हुआ है। कहीं भी यूएनओ की कोई भूमिका नजर नहीं आती है। इसी तरह गरीबी, असमानता और क्लाइमेट चेंज को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ कोई गंभीर पहल करने में नाकाम रहा है। ऐसे में अब संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासांगिकता पर सवाल उठाये जा रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र संघ के मौजूदा स्वरूप को बदलने और इसमें भारत की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखी थी। उनका सवाल था कि आखिर भारत, संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए कब तक इंतजार करता रहेगा? पीएम मोदी का कहना है कि सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और संयुक्त राष्ट्र संघ के मूल चरित्र में सुधार वक्त की मांग है। यदि इस पर शीघ्र ही गौर नहीं किया गया तो संयुक्त राष्ट्र का अस्तित्व खतरे पड़ जायेगा। संयुक्त राष्ट्र दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ था। 24 अक्टूबर 1945 को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में 50 देशों ने मिलकर ऐसे देशों का समूह बनाया जिसका लक्ष्य वैश्विक शांति के लिए मिलकर काम करना था। इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र संघ या संक्षेप में यूएनओ भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के चार उद्देश्य हैं- अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का संरक्षण करना, विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास करना, अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में सहयोग एवं मानव अधिकारों के प्रति सम्मान का संवर्धन और देशों की कार्रवाइयों के बीच तालमेल के केन्द्र के रूप में काम करना। लेकिन इधर दो वर्षों से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध एवं इजरायल एवं अरब राष्ट्रों के बीच सीमित युद्धों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जहां तक संयुक्त राष्ट्र संघ के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन में भारत के योगदान एवं भागीदारी का सवाल है तो आज भी भारत विकास एवं गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, निशस्त्रीकरण, मानवाधिकार और विश्व शांति स्थापना के प्रयासों में संयुक्त राष्ट्र संघ का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहा है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था की नीति निर्धारक सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता से भारत को वंचित तथा बाहर रखना अन्याय ही माना जाना चाहिए।

**अमित कुमार सिंह, लखनऊ.**

### बेरोजगारी का संकट

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## 22 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 3 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तथा 22 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## अपहृता सकुशल बरामद

बाराबंकी। थाना सुबेहा पुलिस ने मु0अ0सं0 87/2026 धारा 87 बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवही की जा रही है।

## मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बचायी युवती की जान

अयोध्या। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की तत्परता और कुशल उपचार से एक युवती की जान बचा ली गई। 26 वर्षीय सुनीता, पत्नी सूरज, निवासी कासगंज को 26 फरवरी को अचेत अवस्था में इमरजेंसी में लाया गया था। परिजनों के अनुसार युवती ने 25 फरवरी की रात लगभग 8 बजे फेनोबार्बिटोन की 60द्द80 गोलियां खा ली थीं, जिससे उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई थी। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. वीरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। जांच में मरीज को एस्पिरेशन होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उसे तत्काल आईसीयू में शिफ्ट कर इंट्यूबेट किया गया। चिकित्सकों ने गैस्ट्रिक लैवेज कर एक्टिवेटेड चारकोल दिया और लगातार तीन दिनों तक दो बार फोर्स्ड अल्कलाइन डाययूरेसिस की प्रक्रिया अपनाई। मरीज की स्थिति में अपेक्षित सुधार न होने पर डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने स्थिति का गंभीरता से मूल्यांकन करते हुए हीमोडायलिसिस कराने का निर्णय लिया। 28 फरवरी को पहला हीमोडायलिसिस किया गया, जिसके बाद मरीज के ग्लासगो कोमा स्कोर (जीसीएस) में सुधार देखा गया। इसके बाद 1 मार्च को दूसरा हीमोडायलिसिस कराया गया। उपचार के बाद मरीज की हालत तेजी से सुधरी और 2 मार्च को उसे पूरी तरह होश में आने के बाद एक्सट्यूबेट कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार अब मरीज पूरी तरह सचेत, स्थिर और स्वस्थ है। चिकित्सकीय जांच में स्थिति संतोषजनक पाए जाने के बाद 7 मार्च को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस पूरे उपचार के दौरान डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने लगातार मरीज की स्थिति पर नजर रखी और टीम का मार्गदर्शन किया। उनके नेतृत्व, अनुभव और त्वरित निर्णय क्षमता के कारण गंभीर हालत में लाई गई मरीज को नया जीवन मिल सका। इस सफल उपचार में डॉ. शशि कुमार वर्मा, डॉ. शशिकांत शुक्ला, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. शुभम प्रकाश और डॉ. सक्षम भाटिया सहित नर्सिंग स्टाफ, सिस्टर और वार्ड बॉय की टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## होली सौहार्द व समरसता का त्योहारः वेद प्रकाश गुप्ता

अयोध्या। पेट्रोलियम डीलर्स एशोसिएशन का होली मिलन समारोह हुआ संपन्न। सिविल लाइन स्थित एक स्थानीय होटल में पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन का कार्यक्रम रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें लगभग दूर दराज से आए दर्जनों डीलर शामिल हुए। कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का जिला अध्यक्ष राजेश सिंह ने बुके एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सौहार्द और समरसता का त्योहार है, हम कार्यक्रम में आए सभी भाइयों को होली की बधाई देते हैं। उन्होंने कहा इस बार होली के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या आकर भगवान श्रीराम के दर्शन किये और स्थानीयों के साथ मिलकर होली खेली। वहीं ईरान और इजरायल के युद्ध को लेकर कहा की इस युद्ध से भारत के अर्थव्यवस्था पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, गैस और पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने विधायक का आभार प्रकट करते हुए सभी पेट्रोलियम डीलरों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला मंत्री टी एन तिवारी, कपिल देव दुबे, कोषाध्यक्ष रामभवन वर्मा, विपिन सिंह, रावेन्द्र सिंह, रवी सिंह, अंगद वर्मा, संतोष यादव, राजकुमार पाण्डेय, भोला कौशल, अभय कुमार सोहावल, पवन कुमार गुप्ता सहित दर्जनों डीलर शामिल रहे।

# परमहंस महाविद्यालय में सजा रंगोत्सव

## रंगों और उत्साह से सराबोर हुआ महाविद्यालय, रंगोत्सव बना आकर्षण का केंद्र



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के परमहंस महाविद्यालय के प्रांगण में रामाय ट्रस्ट और श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रंगोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रामाय ट्रस्ट और महाविद्यालय की प्रबंधिका वंदना उपाध्याय की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगे माहौल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आपसी मिलन के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। लोकगीत, नृत्य और रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में शामिल सैकड़ों महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रबंधिका वंदना उपाध्याय ने कार्यक्रम में आई सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए, ताकि वे समाज और परिवार दोनों के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम महिलाओं को एक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं और आपस में संवाद स्थापित कर सकती हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि होली के बाद आयोजित होने वाले रंगोत्सव जैसे कार्यक्रम लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहार केवल आनंद का अवसर ही नहीं होते, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम भी होते हैं। रंगोत्सव लोगों को पुरानी बातों को भूलकर नए सिरे से रिश्तों को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि होली के बाद मनाया जाने वाला रंगोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक मिलन का प्रतीक बन जाता है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाने का अवसर प्रदान करते हैं।कार्यक्रम के दौरान रंग पंचमी की परंपरा, लोक संगीत, नृत्य और पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया गया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, उमंग और आपसी सहयोग का वातावरण बना रहा। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज को जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। कार्यक्रम में आरटीओ रितु सिंह, अशोका द्विवेदी, रीना द्विवेदी, मनोरमा दुबे, डॉ नीलम सिंह, प्रभा वर्मा उषा मिश्रा, डा मंजूषा पाण्डेय, सरस्वती पाठक, कविता सिंह, मीना पाण्डेय, उर्मिला मिश्रा, प्रज्ञा मिश्रा, सारिका गर्ग, स्मिता सहाय, वंदना सिंह, प्रतिभा द्विवेदी, पूर्णिमा तिवारी, मीनू अग्रवाल, श्वेता टंडन, मयूरी तिवारी, डा वंदना सिंह, कंचन जायसवाल, स्मता तिवारी सहित बडी संख्या में महिलाओं भागीदारी किया।

## जल है तो कल है, जल के बिना जीवन असंभव



मिल्कीपुर-अयोध्या। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मिल्कीपुर में नव निर्मित पानी टंकी का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। जल अर्पण दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान रहे। उन्होंने पंप हाउस में लगे स्टार्टर का स्विच ऑन कर गांव में जल आपूर्ति शुरू की। बताते चलें कि मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मिल्कीपुर के चांदपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत 3 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण विभाग द्वारा कराया गया है। जिसके तहत गांव के 2629 परिवार लाभान्वित होंगे। गांव में कुल 658 परिवारों को जल आपूर्ति हेतु कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष 570 कनेक्शन अभी तक किए जा चुके हैं। जल अर्पण दिवस समारोह में पहुंचे अतिथियों को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र देकर विभागीय अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। जल अर्पण दिवस समारोह को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि जिस तरीके से पृथ्वी पर जल का स्तर घट रहा है वह आने वाले कल के लिए बेहद कष्टदाई होगा। उन्होंने घटते जल स्तर पर चिंता जताई और जल संरक्षित किए जाने पर बल दिया। विधायक श्री पासवान ने मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी योगी ने जो सपना देखा है कि आगामी वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा, वह निश्चित ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है, जल के बिना जीवन असंभव है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह पूर्वक कहा कि आप सब की जिम्मेदारी है कि पानी की बबार्दी हर हाल में बचाया जाए, तभी भविष्य सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने जल अर्पण कार्यक्रम को लेकर मौजूद ग्रामीणों को बधाई दी।

## स्वास्थ्य शिविर में 31 लोग रक्तदान कर बने महादानी



अमानीगंज-अयोध्या। क्षेत्र के प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर पर रविवार को प्रयास ट्रस्ट ने स्वास्थ्य व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ प्रयास ट्रस्ट के अध्यक्ष की स्वर्गीया माता लखराजी देवी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद हुआ। शिविर में 31 लोग रक्तदान कर महादानी बने। अयोध्या आई हॉस्पिटल द्वारा नेत्र परीक्षण कर मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सालयों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया। प्रयास ट्रस्ट के अध्यक्ष राम अवध यादव के माताजी की पुण्यतिथि पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया।

## अस्मिता लीग-खेलो इंडियाः खेल से ही है पहचान कार्यक्रम सम्पन्न



बहराइच ।युवाओं एवं महिलाओं में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा समाज में स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से युवा भारत (माय भारत), बहराइच, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी स्टेडियम, बहराइच में आयोजित ह्लअस्मिता लीग-खेलो इंडियाः खेल से ही है पहचानह्व कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल द्वारा शुभारम्भ किया गया। इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित ह्लअस्मिता लीग-खेलो इंडियाः खेल से ही है पहचानह्व कार्यक्रम में खेलों में प्रमुख रूप से 100, 200 व 400 मीटर की दौड़ के साथ-साथ कई फन एक्टिविटीज में 13 वर्ष से कम आयु, 13 वर्ष से अधिक व 18 से कम आयु तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। अण्डर 13 आयु वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में रईसा, संजीदा व हिना, 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में सुहानी सिंह, काजल कुमारी व अंशु वर्मा तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में सफीना, साधना व किरण कुमारी द्वारा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें महिला मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार सिंह, सहायक प्रबन्धक जे.पी. यादव, प्रोफेसर शिक्षा शास्त्र डॉ. श्याम कुमार चौधरी, प्रोफेसर गणित महिला पीजी कॉलेज डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, केंद्र प्रशासक वन स्टाफ सेंटर श्रीमती रागनी विश्वकर्मा, जिला समन्वयक श्रीमती नीलम शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती केतकी देवी भास्कर, अध्यक्ष न्यू सनशाइन प्रशिक्षण संस्थान श्रीमती ज्योति सिंह, प्रबंधक विवेकानंद एजुकेशनल ग्राम उद्योग सेवा संस्थान लहरौरा सोनम वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व खिलाड़ी तथा उनके अभिभावकगण मौजूद रहे।

## साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बहराइच । राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल तथा श्री नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के मार्गदर्शन में



बड़ी बेरिया माता मन्दिर जनपद बहराइच में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200-250 स्थानीय नागरिकों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया आईडी की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित जनसमूह को निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया गया– सोशल मीडिया खातों में टू-स्टेप वेरिफिकेशन (ळ्द्दङ्ग-रꣃीस्र शीꣿꣃद्गङ्गल्ल) अनिवार्य रूप से सक्रिय करना। मोबाइल फोन एवं महत्वपूर्ण एप्लीकेशनों में मजबूत एवं जटिल पासवर्ड का उपयोग करना। अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त लिंक एवं एपीके (अढङ) फाइल्स को डाउनलोड या ओपन न करना। साइबर ठगी, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी से सतर्क रहना। इसके अतिरिक्त सभी को अवगत कराया गया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड की घटना घटित होती है तो तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निर्देशों से भली-भांति अवगत कराते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गय।

# महिला दिवस पर 21 महिलाओं को किया गया सम्मानित

## कमला नारायण ट्रस्ट के तत्वावधान में सम्मान समारोह, कवयित्री सम्मेलन का शुभारम्भ



बाराबंकी। विश्व महिला दिवस पर कमला नारायण ट्रस्ट के तत्वाधान मे मयूर विहार कालोनी स्थित कमला सदन में सम्मान समारोह एवं कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर परिषद की अध्यक्षा शीला सिंह एवं विशिष्ट अतिथि चैधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी प्रबन्धक सुधारानी वर्मा, पूनम सिंह, उर्मिला रावत, डॉ राम कुमारी मौर्य, साहित्यकार डॉ सत्या सिंह, किरण भारद्वाज ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह मे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा अपने कृतित्व से समाज को प्रेरणा देने व संघर्षों में रहकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली 21 महिलाओं नीलम वर्मा, पूनम पटेल, गीता खत्री, सुमन श्रीवास्तव, सहर जावेद फारूकी, प्रियंका रस्तोगी, ज्योति किरण रतन, राम दुलारी पटेल, नीलम यादव, सीमा वर्मा, महिमा कश्यप, सुनिधि मिश्रा, ममता वर्मा, विनीता कुमारी को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 ऊषा चैधरी, सुनील वर्मा, प्रदीप सारंग, धर्मेन्द्र कुमार पटेल, सदानन्द वर्मा, राम सागर शुक्ला, सरला शुक्ला, प्रशांत मिश्रा मौजूद रहे।

## महिलाओं व बालिकाओं को प्रमाण-पत्र, शॉल एवं बैग देकर किया सम्मानित



बाराबंकी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जेब्रा पार्क में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत की अध्यक्षता मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत बच्चे, बाल विवाह की रोकथाम हेतु विशेष सहयोग करने वाली किशोरियां, विभाग के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों एवं स्वयं सहायता समूह के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह सखी को प्रमाण-पत्र, शॉल एवं बैग देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त कार्यक्रम मे इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ मे आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यकम मे जिला कार्यकम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देती है होली : ज्ञान सिंह यादव



बाराबंकी। तहसील नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम मौथरी मे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्ञान सिंह यादव की अध्यक्षता मे पीडीए परिवार का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे सपा नेता श्री यादव ने होली का पर्व आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और सामाजिक सौहार्द मजबूत करने के साथ आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। समारोह मे उन्होंने पीडीए की नीतियों और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की नीतियों और प्राथमिकताओं को विस्तार से बताया। समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मे श्रीकृष्ण व राधा के रूप में कलाकारों ने किया मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। तथा आपस में जमकर फूलों की होली खेली। इस अवसर पर प्रधान हरीकरण, मिश्रीलाल यादव, पीयूष कुमार, सूरज यादव, प्रदीप वर्मा, विकास कुमार यादव, जयपाल, राजकुमार, अंकित, विशाल, मोहम्मद ईशा, राम शंकर गौतम, संजय कुमार, अजय यादव मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम




बहराइच। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया *अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम/ एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भ्रमण कर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बहराइच जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि शामिल हैं।

## राजपूत करणी सेना की जिला अध्यक्ष बनी पिंकी सिंह



बहराइच । श्री राजपूत करणी सेना उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी संगठन की बहराइच जिला अध्यक्ष कार्यालय पर प्रदेश स्तर के पदाधिकारी पहुंचकर कर सभी को नियुक्ति पत्र दिया गया के जिसमें महिला विंग जिला अध्यक्ष पद पर पिंकी सिंह को नियुक्त किया गया कार्यकारिणी बनाई गई जिसमें प्रदेश स्तर से जितेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष सदस्यता प्रभारी उत्तर प्रदेश नामवर सिंह प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश संदीप सिंह मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ गणेश सिंह जिला उपाध्यक्ष लखनऊ अमन सिंह चौहान प्रदेश प्रभारी सोशल मीडिया सुमित बाजपेई सनातन प्रकोष्ठ अजीत सिंह जिला महामंत्री लखनऊ वीरेंद्र प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष गोंडा जय सिंह मंडल मीडिया प्रभारी लखनऊ अखंड प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष श्रावस्ती जनपद बहराइच की कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी रामेश्वर सिंह भदोरिया वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह जिला जिला अध्यक्ष महिला विंग से पिंकी सिंह जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सभा इंद्र बहादुर सिंह सेवकी की महासचिव जयप्रकाश सिंह वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह जिला सचिव नितेश सिंह संगठन मंत्री अमित सिंह जिला महामंत्री नरेंद्र प्रताप सिंह महासचिव आशुतोष सिंह मोगली जिला मंत्री आयुष सिंह मंत्री निर्वाचित हुए।

## भाजपाइयों ने किया महिलाओं को सम्मानित



बहराइच ।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महिला खिलाड़ी सम्मान समारोह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी जी विशिष्ट तिथि नगर पालिका अध्यक्ष आदरणीय सुधा टेकरीवाल जी.. कार्यक्रम में आए हुए अतिथि पूर्व भाजपा अध्यक्ष भैया श्याम करंट टेकरीवाल जी जिला उपाध्यक्ष आदरणीय रणविजय सिंह जी जिला मंत्री आदरणीय सुनील श्रीवास्तव जी आदरणीय पुष्पा चौधरी जी महिला मोर्चा संयोजक सनी श्रीवास्तव जी जिला महामंत्री ज्योति सिंह जी बहन एकता जयसवाल जी कार्यक्रम जिनके द्वारा सजाया समय गया कार्यक्रम संयोजक आदरणीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष डॉक्टर अभिलाष वर्मा जी जो महिला मोर्चा की उपस्थित सभी बहने इस अवसर पर संचालन करने का हमें भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## अपहरण के मुकदमें से संबंधित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बहराइच। मुअसं 565/25 धारा- 137(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 87/65 (1) बीएनएस 5छ/6 पॉक्सो एक पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही एवं रोकथाम जुर्म जरायम के संबंध में दिये गये निर्देश के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा श्री प्रद्युमन सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम जुर्म जरायम को रोकने हेतु थानाध्यक्ष श्री आनन्द कुमार चौरसिया के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दिनांक 08.03.2026 को अपहरण के अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त 1.विजय कुमार उर्फ विजय बाबू पुत्र पटवारी निवासी रायपुर कमना थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी को थाना क्षेत्र अन्तर्गत जालिमनगर पुल से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 07.12.2025 को अभियुक्त 1.विजय कुमार उर्फ विजय बाबू द्वारा आवेदिका के लडकी को बहला फुसला कर भगा ले जाया गया था, जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 565/25 धारा- 137(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था । अभियुक्त विजय कुमार उर्फ विजय बाबू पुत्र पटवारी निवासी रायपुर कमना थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी उम्र 19 वर्ष है।

संक्षेप

## थाने में अवैध वसूली की खुली लूट

**भाले सुल्तान, अमेठी।** भाले सुल्तान स्थित शहीद स्मारक थाने में पासपोर्ट सत्यापन के नाम पर वसूली का खेल चल रहा है।सूत्रों की माने तो थाने में तैनात जिम्मेदार कर्मचारी आवेदकों से जांच के नाम पर मनमाने पैसे वसूल रहा है। इसकी शिकायतें लगातार उठ रही हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों की चुप्पी ने भ्रष्टाचार को और बढ़ावा दिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पासपोर्ट आवेदन के सत्यापन के लिए आने वाले आवेदकों से ?500 से ?1000 तक की राशि की मांग की जाती है।पैसे न देने पर जांच रिपोर्ट में देरी करने या आपत्ति दर्ज करने की कह दी जाती है।इस वजह से आम नागरिकों को अपनी वैध प्रक्रिया के लिए भी अवैध भुगतान करने को मजबूर होना पड़ रहा है। गौरतलब है कि पासपोर्ट सत्यापन पुलिस विभाग की नियमित प्रक्रिया है, जिसके लिए किसी भी प्रकार की फीस निर्धारित नहीं है।फिर भी कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा इस प्रक्रिया को कमाई का जरिया बना लिया गया है। कई पीड़ितों ने बताया कि बिना ह्लसेवा शुल्कह्व दिए उनकी फाइल आगे नहीं बढ़ती। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह प्रथा थाने के अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रोत्साहन का कारण बनेगी।अब देखना यह है कि जिला पुलिस प्रशासन इस खुले भ्रष्टाचार के मामले में क्या कदम उठाता है – या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

## आवास विकास कॉलोनी में श्री राम कथा शुरू

**अमेठी।** रविवार से अमेठी के आवास विकास कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर पर शुरू हुई संगीतमई श्री राम कथा के पहले दिन कथा वाचक ने कथा प्रवचन और सत्संग के लाभ के बारे में बताया। पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। रविवार को शुरू हुई संगीतमई श्री राम कथा के पहले दिन कथा व्यास ने सत्संग और प्रवचन में जाने के लाभ के बारे में बताया।कथा व्यास पंडित कृष्णानंद जी महाराज ने बताया कि भगवान के प्रति यदि कोई व्यक्ति अपना लगाव रखता है और सत्संग करता है तो उसके जीवन से कष्ट दूर होने लगते हैं और उसके जीवन में सुख आने लगता है। श्री राम की कथा के बारे में बताते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान राम का जीवन आदर्श से भरा था।

# नहीं सहेंगे मातृ शक्ति का अपमान : अदिति सिंह




- बिहार के मौलाना अब्दुल्लाह सलीम की मुख्यमंत्री की माता के प्रति की गयी अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** माता के सम्मान में जनता है मैदान में के नारों से शहीद स्थल गूंज उठा। चारों ओर से लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जिसमें भारी संख्या में महिलाएँ भी शामिल रही। सदर विधायक अदिति सिंह के आवाहन पर शहीद स्थल के सामने ही सदर विधायक अदिति सिंह धरने पर बैठ गईं ।सैकड़ों लोगों के साथ जुटे सदर विधायक के कार्यकताओं ने अब्दुल्लाह सलीम का पुतला फूँका और मुदार्बाद के नारे लगाए। सदर विधायक ने मीडिया में प्रसारित उस आपत्तिजनक वीडियो की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बिहार के मौलाना अब्दुल्लाह सलीम के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणी अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है।

विधायक ने कहा कि भारत की संस्कृति में माँ को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, और किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी की माता के लिए इस प्रकार की अशोभनीय भाषा का प्रयोग करना सामाजिक मयार्दाओं का खुला उल्लंघन है। ऐसे बयान न केवल व्यक्तिगत आस्था और सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने का भी प्रयास करते हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और समाज में नफरत फैलाने तथा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी करने का साहस न कर सके।

विधायक अदिति सिंह ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे समाज में शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष आशुतोष पांडेय, प्रतिनिधि कमल श्रीवास्तव, एड नागेन्द्र बहादुर सिंह, बिजय बाजपेयी, दीगेन्द्र सिंह, राजू सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, गद्दू सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कागजों में 'हर घर नल', हकीकत में बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जलझजल जीवन मिशन योजना क्षेत्र के कई गांवों में धरातल पर पूरी तरह सफल होती नहीं दिख रही है।शुकुल बाजार विकासखंड के एक्का ताजपुर, इन्द्रिया और सधौली गांव में करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद अब तक ग्रामीणों को नलों से नियमित पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

जानकारी के अनुसार योजना के तहत लगभग 7 करोड़ 42 लाख 95 हजार रुपये की लागत से पेयजल परियोजना का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य का शुभारंभ 23 जून 2023 को किया गया था।योजना के तहत गांव में 350 लीटर क्षमता व 16 मीटर ऊंचाई की पानी की टंकी, लगभग 1035 मीटर लंबी वितरण पाइपलाइन, नलकूप तथा 46 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने का प्रावधान है, ताकि गांवों के हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा सके।

इस परियोजना के निर्माण की जिम्मेदारी गायत्री रामडी (जेवी) कंस्ट्रक्शन एलएलपी को सौंपी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने और टंकी निर्माण का कार्य तो किया गया, लेकिन योजना अब तक पूरी तरह शुरू नहीं हो पाई है। कई स्थानों पर पाइपलाइन अधूरी पड़ी है, वहीं कुछ जगहों पर सड़क और गलियां खोदकर छोड़ दी गई हैं जिससे लोगों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है।ग्रामीणों का कहना है कि पानी की टंकी बनकर खड़ी है, लेकिन अब तक उसमें से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है।ऐसे में लोग आज भी पीने के पानी के लिए हैंडपंप और पुराने जल स्त्रोतों पर निर्भर हैं।कई बार शिकायत करने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ।स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि पिछले कई महीनों से कार्यस्थल पर न तो मजदूर दिखाई देते हैं और न ही कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार प्रतिनिधि। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं योजना अधूरी ही न छोड़ दी जाए।

- काम शुरू हुआ लेकिन पूरा नहीं हुआ, ठेकेदार गायब

ग्रामीणों ने डीएम अमेठी से मांग की है कि पूरे मामले की स्थलीय जांच कराई जाए और यदि कार्यदायी संस्था द्वारा लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही जल्द से जल्द योजना को चालू कराकर गांवों के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ वास्तव में ग्रामीणों तक पहुंच सके।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन संपन्न



**रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया ।बेसिक शिक्षा विभाग रायबरेली के सभागार में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 18 विकास क्षेत्रो एवं नगर क्षेत्र की 23 महिला शिक्षिकाओं को विभाग में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह द्वारा सम्मानित किया गया. खंड शिक्षा अधिकारी राही द्वारा बेसिक अधिकारी अधिकारी का सम्मान किया गया।जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया. अनुप्रिया सिंह,दीपिका सिंह,प्रीति वर्मा,मृदुल रानी वं अरुणा सिंह ने महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका महिला सशक्तिकरण मे विशेष योगदान है. और इसका लाभ बेसिक शिक्षा विभाग को भी मिल रहा है. उन्होंने सभी को भविष्य में भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।सम्मानित होने वालों में मानसी सिंह गौतम अनुप्रिया सिंह प्रीति विश्वकर्मा रश्मि श्रीवास्तव दीपिका सिंह डॉक्टर शारदा सिंह अर्चना मौर्य ज्योति भारती वंदना पांडे कविता शाक्य वंदना मिश्रा गीता त्रिपाठी नीतू सिंह कुशवाहा मृदुल रानी, एम निम्मी अरुणा सिंह रिया ठाकुर रेखा सिंह,किरण सिंह ममता सिंह और प्रीति वर्मा रही। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा विनय तिवारी, अनूप कुमार रमन सिंह अंकुर आदि उपस्थित रहे. खंड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल के द्वारा आभार ज्ञाप किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अभिषेक द्विवेदी ने किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित



**रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चैधरी व मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष द्वारा पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार विभाग व अन्य विभागों एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं व खिलाड़ियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं/बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर सभागार में उपस्थित सभी बालिकाओं एवं महिलाओं का स्वागत करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विषय में जानकारी दी गयी। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनायें जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी गयी। अध्यक्ष द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बालिकाओं एवं महिलाओं को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि महिलाओं की कहानियों को आमजन तक पहुंचाये जायेगा। जो समाज की रुढ़ियों व पूवार्गृहों से संघर्ष कर खुद सफल जीवन यापन कर रही है एवं दूसरी महिलाओं के लिये प्रेरणा श्रोत हैं।

एसडीएम ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि शिक्षा के महत्व को समझते हुए छात्रायें समाज में शिक्षित होकर सशक्त समाज का निर्माण कर सकती हैं। समाज के सभी क्षेत्रों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर केक काटकर महिलाओं/ बालिकाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व के विषय में जागरूक किया गया एवं सभागार में उपस्थित समस्त बालिकाओं एवं महिलाओं को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि वर्तमान में समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिलायें एवं बालिकायें अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर समाज के उत्थान में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान, वरिष्ठ कोषाधिकारी भावना श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, क्रीडाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम, तहसीलदार सदर आकृति श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारीगण व मुकेश कुमार श्रीवास्तव, शिवेन्द्र सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं/बालिकाएं उपस्थित रही।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता व सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सबला संस्था द्वारा संचालित समर्थ परियोजना के विस्तार के माध्यम से विकास खंड हरचंदपुर की गुल्लूपुर, कासोखास, मुबारकपुर और शोरा की खुचमा में विभिन्न जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं का उत्साहवर्धन करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत किशोरियों द्वारा महिलाओं को टीका लगाकर और फूल भेंट कर स्वागत करने से हुई। किशोरियों ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी महिलाओं ने मिलकर दोहराया और सकारात्मक संदेश का प्रसार किया।टीम लीडर शुभा मिश्रा ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि महिलाओं को समाज में बराबरी का अधिकार, सम्मान और अवसर मिलना चाहिए, तभी देश और समाज का समग्र विकास संभव है।एडवोकेट प्रवीण सिंह ने महिलाओं को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।इस अवसर पर कई प्रेरणादायक महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, जिनमें स्वास्थ्य सखी गायत्री,ममता,विद्युत सखी कमलेश, स्वास्थ्य सखी कांति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सुनीता तथा आशा बहू राजेश्वरी, बैंक सखी प्रिया, एल. आई. सी.सखी विनती और आशा बहुत सरोज शामिल रहीं।साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वरोजगार से जुड़े विषयों पर भी जानकारी दी गई।

## कानून गो की सरपरस्ती में दबंगों का जानलेवा हमला, प्रशासन से कार्यवाही की मांग

**अमेठी ।** अमेठी तहसील के अंतर्गत भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा देखने को मिली ।हदबरारी कराने गए कानून गो के सहयोग से दबंगों ने अपनी जमीन की पैमाईश करा रहे नव युवक के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। भ्रष्ट कानून गो मौके से अपने प्राइवेट रखे व्यक्ति को लेकर फरार हो गया और इंतेहा तो तब हो गई जब उसके द्वारा नव युवक के ऊपर जानलेवा हमला होता देख भी प्रशासन को सूचित करने तक की भी जहमत नहीं उठाई गई ।दरअसल हम बात कर रहे हैं तहसील अमेठी के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा नरैनी के सुक्खा तिवारी का पुरवा की । जहां के निवासी पुरुषोत्तम गुप्ता पुत्र वासुदेव गुप्ता द्वारा 6 मार्च 2026 को अपनी मां द्वारा हद बरारी अंतर्गत धारा 24 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता सुभद्रा बनाम विजय श्याम शुक्ला के तहत दायर वाद में पैमाईश करवाई जा रही थी ।पैमाईश की तिथि निर्धारित होने से पूर्व ही कानून गो जगदीश अपने रखे प्राइवेट व्यक्ति शिव शंकर शुक्ला के माध्यम से लगातार अधिवक्ता मीनाक्षी मिश्रा से पैसे की मांग कर रहा था किंतु पैसा ना मिलने पर वह विपक्षी अत्यधिक दबंग व्यक्ति विजय श्याम शुक्ला के प्रभाव में आकर शिव शंकर के माध्यम से गलत नपत करता रहा।इस दौरान महिला अधिवक्ता मीनाक्षी मिश्रा के सम्मुख ही विपक्षी विजय श्याम शुक्ला लगातार वादी पुरुषोत्तम गुप्ता को गाली देता रहा किंतु कानून गो वादी को दबा कर शिव शंकर के माध्यम से गलत नपत करते रहे वा फोर्स नहीं बुलाई गई।लेखपाल से अधिवक्ता द्वारा शिकायत करने पर लेखपाल ने कानून गो साहब से शिकायत करने की बात कही और साहब को किसी की हत्या भी हो जाए तो कोई फर्क नहीं पड़ता।गलत नपत करते हुए कानून गो ने विजय श्याम शुक्ला के बुलाए गुंडों के सम्मुख ही पीड़ित पुरुषोत्तम से जबरन हस्ताक्षर करवा लिए।इसके बाद कानून गो के प्राइवेट व्यक्ति शिव शंकर द्वारा कहा गया कि मेरा काम हो गया अब मारो। पीड़ित पुरुषोत्तम को महिला अधिवक्ता के सम्मुख ही विजय श्याम शुक्ला के बुलाए गुंडों द्वारा पीटा जाने लगा।लेखपाल द्वारा उन्हें ऐसा करने से रोका गया किंतु कानून गो शिव शंकर के साथ मौके से बिना पुलिस को सूचना दिए फरार हो गए। महिला अधिवक्ता द्वारा अपनी गाड़ी में बैठाकर युवक को थाने पहुंचाया गया और उसकी जान बचाई गई।पीड़ित युवक द्वारा उप जिलाधिकारी वा जिलाधिकारी से कानून गो वा शिव शंकर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है।

## वॉलीबॉल में स्टेडियम को हरा डीवीए बना विजेता




**सुलतानपुर।** खेल निदेशालय उप्र एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान एवं मेरा युवा भारत विभाग एवं खेल कार्यालय सुलतानपुर द्वारा फिट इंडिया महिला सप्ताह का आयोजन एवं अस्मिता के तहत विभिन्न खेल का आयोजन पंत स्पोर्ट स्टेडियम में किया गया, जिसमें महिला स्वदेशी खेल दौड़ वॉलीबॉल टेबल टेनिस का आयोजन हुआ। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार एवं जिला युवा अधिकारी सुधीर पांडेय की अगुआई में आज महिला दौड़ वॉलीबॉल टेबल टेनिस और स्वदेशी खेल के अंतर्गत खेल हुए। वॉलीबॉल में फाइनल मुकाबले में डीवीए की टीम ने स्टेडियम को तीन सेट के मैच में 2-0 से जीत दर्ज की, 400 मीटर सीनियर में कशिश प्रिया प्रथम साक्षी गौतम द्वितीय रही,200 मीटर सीनियर में प्रियांशी यादव प्रथम व चंद्रिका द्वितीय रही, 13 वर्षीय 100 मीटर दौड़ में दिव्यांशी प्रथम अंकिता द्वितीय रही वहीं 200 मीटर में दिव्यांशी प्रथम नैंसी द्वितीय रही ' स्वदेशी खेलों के अंतर्गत इक्कम दुक्कम, कीत कीत,, गिट्टक में खिलाड़ी हर्षित हुए कीत कीत में रिचा यादव प्रथम अंशिका द्वितीय रही वहीं इक्कम दुक्कम में कशिश गुप्ता प्रथम सोनाक्षी यादव द्वितीय रही, टेबल टेनिस में एकल में मासूम ने श्रिया मिश्रा को तीन सेट के मैच में 2-1 से हराया वहीं युगल वर्ग में श्रिया एवं मासूम की जोड़ी ने कल्पना और अपूर्वा की जोड़ी को लगातार 2 सेटों में हराया। निर्णायक अनुपम शुक्ला, प्रांजलि, पूजा यादव, बुशरा सत्तार, मो सईद, आरिफ, नियाज, मुनेंद्र मिश्र, अर्जुन यादव, प्रदीप यादव, प्रवीण मिश्रा, आशा, आनन्द श्रीवास्तव, श्याम धर ओझा, राम नरेश मौजूद रहे। समापन के अवसर पर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

# गाय को माता का दर्जा का दर्जा दिया जाये : अविमुक्तेश्वरानंद

- गौसंरक्षण की मांग को लेकर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंदने रायबरेली पहुंचने पर दिया बयान



**रायबरेली।** गाय को माता का दर्जा देने की मांग को लेकर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सरकार से बड़ा कदम उठाने की अपील की है।उन्होंने कहा कि यदि गाय को सरकारी अभिलेखों में सामान्य पशुओं की सूची से हटाकर ह्यमाताह्ल का दर्जा दिया जाए, तो समाज में उसके प्रति सम्मान और संरक्षण की भावना स्वतः बढ़ेगी।

रायबरेली प्रवास के दौरान शनिवार देर शाम गांधी नगर स्थित यश पांडे के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यहां बातचीत के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौसंरक्षण पर स्पष्ट राय रखते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय केवल एक पशु नहीं है, बल्कि आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। इसलिए सरकार को सबसे पहले आधिकारिक स्तर पर गाय माता दर्जा देने का निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्यों की संपत्ति सूची में गाय को अन्य पशुओं की तरह दर्ज किया जाता है। इसमें ऊंट, भैंस और अन्य जानवर भी शामिल होते हैं। जबकि भारतीय समाज में गाय का स्थान इनसे कहीं अधिक ऊंचा माना जाता है। ऐसे में प्रशासनिक अभिलेखों में भी उसकी पहचान उसी सम्मान के अनुरूप होनी चाहिए।शंकराचार्य ने कहा कि समाज में व्यक्ति की पहचान से ही उसके प्रति व्यवहार तय होता है।उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब किसी को विधायक, साधु या अपराधी के रूप में पहचान मिलती है, तो लोगों का रवैया उसी आधार पर बदल जाता है। इसी प्रकार यदि गाय की पहचान को भी औपचारिक रूप से ह्यमाताह्ल के रूप में स्वीकार किया जाए, तो समाज का दृष्टिकोण भी बदल जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को बचपन से ही यह शिक्षा दी जानी चाहिए कि गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि ह्यगौमाताह्ल है।जब शिक्षा और संस्कार के माध्यम से यह भावना समाज में विकसित होगी, तब स्वाभाविक रूप से गाय के प्रति सम्मान और संरक्षण की भावना मजबूत होगी।

शंकराचार्य ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि जिस गाय को समाज ह्यमाताह्ल मानता है, उसके संरक्षण को लेकर सरकारों की ओर से अपेक्षित दृढ़ता नहीं दिखाई देती। उन्होंने कहा कि यदि सरकार आधिकारिक रूप से गाय माता दर्जा देने का निर्णय लेती है, तो समाज में इसके सकारात्मक प्रभाव दिखाई देंगे। रायबरेली में उनके आगमन से कार्यक्रम स्थल पर आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय श्रद्धालु और कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## ोज परीक्षा के सफल छात्र हुए सम्मानित

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार क्षेत्र के राज इंटरमीडिएट कॉलेज पूरेसागर में रविवार, 8 मार्च को एक समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभा खोज परीक्षा के सफल 297 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मेधावी छात्रों को पुरस्कार और साइकिल देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने यह प्रतिभा खोज परीक्षा 28 फरवरी को आयोजित की थी। इसमें कुल 427 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 297 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। यह सम्मान समारोह सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कुल लगभग 55,100 रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखी और उनके अभिभावकों में भी उत्साह का माहौल था। प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्रद्धा वर्मा, जो राज पब्लिक स्कूल की विद्यार्थी हैं, उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में एक साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने छात्रा को बधाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक रमेश वर्मा और प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से पढ़ाई करने का आग्रह किया। प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर देती हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह समारोह शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



## महिला दिवस पर नंद गाँव ढाबा में गूंजा काहे बेटी मुअवला, सशक्तीकरण का दिया संदेश

**चांदा, सुलतानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नंद गाँव ढाबा में महिला सशक्तिकरण को समर्पित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और क्षेत्रीय लोगों ने भाग लेकर महिला सम्मान और जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सम्पत पाल रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यदि महिलाओं का संगठन मजबूत हो जाए तो दुनिया भी झुक सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया के सहयोग से ही उनकी पहचान देश-दुनिया तक पहुंची है। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक डॉ. मन्नू यादव ने काहे बेटी मुअवला सहित कई प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए। उनके गीतों ने बेटी बचाओ और महिला सम्मान का संदेश देकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड से आए कलाकारों ने पारंपरिक बुंदेलखंडी नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने अपनी जादू कला से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। साथ ही महिला स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. प्रिया गुप्ता और उनकी टीम ने लगभग 70 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान चांदा के बी.आर.एम. पब्लिक स्कूल और लंभुआ के रघुकुल एकेडमी की छात्राओं के बीच डांस प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें रघुकुल एकेडमी की छात्रा पीहू शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेरी बेटी मेरा अभिमान संगठन की ओर से उन्हें 5000 रुपये का पुरस्कार दिया गया।

# महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ा रहीं देश का मान : डॉ.सौरभ

- महिला दिवस पर प्रतिभा महोत्सव आयोजित, छात्राओं की प्रतिभा को मिला मंच




**गोसाईगंज, सुल्तानपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आर.ए.वी.डी. स्पेक्ट्रम एकेडमी मूँगर, जयसिंहपुर में रविवार को प्रतिभा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धराधाम इंटरनेशनल के प्रमुख एवं यूनाइटेड बाइबिल क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी जिम्बाब्वे के मानद कुलपति सौहार्द शिरोमणि डॉ. सौरभ पांडेय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों और उनके अधिकारों के लिए चल रहे संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं धरती से लेकर अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। महिला दिवस का उद्देश्य शिक्षा, कार्यक्षेत्र, राजनीति और संस्कृति सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को मान्यता देना है। विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश कांत वर्मा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विद्यालय के वार्षिक उत्सव में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं और वर्तमान में दिए गए संस्कार ही देश का भविष्य तय करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक डॉ. रवींद्र प्रकाश सिंह ने की। प्रतिभा महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, गीत प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज मिश्र ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जय प्रकाश वर्मा, सौरभ मिश्रा, सचिन सिंह, काली सहाय वर्मा, सायमा सिद्दीकी, अजय पांडेय सहित अभिभावक व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## जिले में कहीं किसी प्रकार की डीजल या पेट्रोल की कोई समस्या अथवा शार्टेज नहीं : एडीएम

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया है कि जनपद में कहीं भी किसी भी प्रकार की डीजल अथवा पेट्रोल की कोई समस्या अथवा शार्टेज नहीं है ।पूर्व की भांति जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की सप्लाई सामान्य है , डिपो के अधिकारियों से वार्ता की गई है, कहीं कोई समस्या नहीं है । यदि किसी पम्प संचालक अथवा उसके स्टाफ द्वारा कोई भ्रामक सूचना प्रसारित की जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

## आज मथुरा आयेंगी राज्यपाल आनंदीबेन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 9 और 10 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर मथुरा आएंगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार वह 9 मार्च की सुबह लखनऊ से राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा मथुरा के लिए प्रस्थान करेंगी और सुबह लगभग 10:35 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि एवं गो अनुसंधान संस्थान के हेलीपैड पर पहुंचेंगी। मथुरा पहुंचने के बाद राज्यपाल विवि के अतिथि गृह जाएंगी। इसके बाद वह वृंदावन के चैतन्य विहार फेज-2 स्थित राजकीय बालिका गृह का निरीक्षण श्री द्वारकाधीश मन्दिर निरीक्षण करेंगी। दोपहर में विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में विश्राम और भोजन का कार्यक्रम निर्धारित है। शाम करीब 5 बजे राज्यपाल द्वारिकाधीश मंदिर पहुंचकर भगवान द्वारिकाधीश के दर्शन-पूजन करेंगी। दर्शन के बाद वह पुनः विवि के अतिथि गृह लौटेंगी, जहां उनका रात्रि विश्राम होगा। 10 मार्च को सुबह 10 बजे से राज्यपाल पं.दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। दोपहर बाद भोजन और मुलाकात के कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल दोपहर 2:55 बजे हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

## फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

मथुरा। वृन्दावन रोड स्थित मोहन नगर में आज सुबह एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि पति, ननद और ननदोईयों द्वारा उसे मारकर लटकाया गया है। घटना के बाद से ये सभी मौके से गायब है। आगरा के सैंया थाना क्षेत्र निवासी वीरनारायण की बेटी प्रीति की शादी मोहन नगर बिरला मंदिर निवासी सनी और उसकी छोटी बहिन की शादी सनी के छोटे भाई से वर्ष 2020 में हुयी थी। तभी से दोनों एक ही घर में रह रही थीं। 26 वर्षीय प्रीति का शव आज सुबह बंद कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे पर लटके शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतका के भाई विष्णु ने बताया कि सनी किन्नर समाज की ढोलक बजाने का काम करता है और वह अपनी पत्नी को भी पैसे कमाकर लाने के लिये दबाव बनाता था। इसी के चलते उसने कई बार बहिन के साथ मारपीट की जिसका मुकदमा भी पुलिस में दर्ज कराया गया लेकिन परिवार न बिगड़े इसके लिये बुजुर्गों के समझौते के बाद प्रीति घर में ही रह रही थी। भाई ने आशंका व्यक्त की कि पति सनी, दो ननद व ननदोईयों ने उसकी बहिन की हत्या कर शव फंदे पर लटकाया है और मौके से भाग गये हैं।

## कर्ज से तंग महिला ने खाया विषाक्त

मथुरा। थाना फरह क्षेत्र अंतर्गत ऑपरेशन से प्रसव के नाम पर नर्सिंग होम संचालक द्वारा वसूली गई लाखों रुपये की रकम के कर्जे से तंग एक महिला ने आज सुबह विषाक्त खाकर जान देने का प्रयास किया। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए फरह से जिला अस्पताल रेफर किया गया। फरह थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर की रहने वाली रजनी (32) पत्नी हंसराज ने आज सुबह घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली, जिससे उसकी दशा बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे लेकर सीण्चसी पहुंचे, जहां से मथुरा रैफर किया गया है।

# विधायक ने उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया




जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना था। इस दौरान विभाग से जुड़ी उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया और नव चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। बलदेव विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूरन प्रकाश कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं। उनके सम्मान और सशक्तिकरण के बिना समाज का संतुलित विकास संभव नहीं है। विधायक ने आगे कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विधायक पूरन प्रकाश ने सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही

● अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बाल विकास सेवा और पुष्टाहार विभाग के कार्यक्रम आयोजित

विभिन्न योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने जोर दिया कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचना चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और विभाग से जुड़ी उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। नव चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मुख्य सेविकाएं और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का समापन अतिथियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग-प्राणायाम व राजयोग ध्यान कार्यक्रम का शुभारंभ

**फिरोजाबाद।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता घटक के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा गांधी पार्क में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए आयुष विभाग एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में योग-प्राणायाम एवं राजयोग ध्यान कार्यक्रम के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ ब्रह्माकुमारी संस्थान की मुख्य संचालिका बीके सरिता दीदी बीके अंजना दीदी जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती आयुष विभाग के डॉ.महेंद्र प्रताप सिंह एवं डॉ.निधि नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल, खुशबू पटेल, योग प्रशिक्षिका राजमाला, योगाचार्य विष्णु व आशा आईटीआई के निदेशक पवन चक्रवर्ती के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार कुशवाह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका राजमाला ने उपस्थित समस्त जनसामान्य को योग की विभिन्न मुद्राएं, आसन व्यायाम तथा अनुलोम-विलोम प्राणायाम का अभ्यास कराया और ओम ध्वनि के माध्यम से मन को शांत एवं एकाग्र करने की विधि बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज सहित अनेक बीमारियों में लाभ मिलता है और शरीर स्वस्थ व ऊजार्वान बना रहता है। ब्रह्माकुमारी संस्थान की मुख्य संचालिका बीके सरिता दीदी ने कहा कि, योग से शरीर स्वस्थ रहता है तथा मेडिटेशन से मन को नियंत्रित करने की शक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता केवल वरिष्ठ नागरिकों को ही नहीं बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों को है। क्योंकि, आज हर व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के तनाव से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि राजयोग वास्तव में मन की एक्सरसाइज है, जो व्यक्ति को आंतरिक शांति और आत्मिक शक्ति प्रदान करता है। बीके अंजना दीदी ने सहज राजयोग की विधि को सरल शब्दों में समझाते हुए सभी को गहन ध्यान का अभ्यास कराया, जिससे उपस्थित लोगों ने आत्मिक शांति एवं अतिंद्रिय सुख का अनुभव किया। नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल ने कहा कि, आज मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप को भूल चुका है और शरीर को ही अपनी पहचान मान बैठा है, जबकि शरीर नश्वर है। वास्तव में उसे चलाने वाली शक्ति आत्मा है। आत्मा के इस ज्ञान को भूलने के कारण ही मनुष्य अनेक चिंताओं और परेशानियों से ग्रसित हो गया है।

# एटा कासगंज नयी रेल लाइन लिए निविदाएं आमंत्रित



**टूंडला।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि एटा कासगंज नई रेल लाइन हेतु पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गई हैं जिसमें सिंगल लाइन के सिविल कार्यों ट्रैक बिछाने विद्युतीकरण टेलीकॉम और सिग्नल संबंधी कार्यों के लिए संयुक्त रूप से निविदाएं आमंत्रित की गई है। इन सभी कार्यों के लिए संबंधित कार्य एजेंसियां 27 अप्रैल से 11 मई तक विड प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद 26 मई को सभी निविदाएं खोली जायेंगी। इस प्रक्रिया के पूर्ण होते ही निर्माण एजेंसी का चयन कर धरातल पर रेल लाइन निर्माण संबंधी कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। रेलवे ने इस पूरी रेल लाइन परियोजना को पूर्ण करने के लिए 2027 तक की समय सीमा निर्धारित की है। श्री गौतम ने बताया कि उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के द्वारा इस परियोजना को विधानसभा चुनाव 2027 से पहले पूर्ण कराए जाने हेतु लिखा था तथा उन्होंने फरुर्खाबाद के सांसद मुकेश राजपूत के द्वारा भी पहल कराई थी। परियोजना 27.284 किलोमीटर लंबाई में होगी जिस पर निर्माण की कुल लागत लगभग 429 करोड़ बजट खर्च किया जाएगा। इस नई रेल लाइन के निर्मित होने के बाद यह देश के सबसे हाई स्पीड दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक से लिंक हो जाएगा। कासगंज से जुड़ने के बाद टूंडला, फिरोजाबाद एवं शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन सीधे बरेली होते हुए उत्तराखंड के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से सीधे जुड़ जाएंगे। यह रेलखंड मथुरा हाथरस बरेली और फरुर्खाबाद के कानपुर सेंट्रल रेल खंड से भी जुड़ जाएगा। इसके अलावा फरुर्खाबाद मैनपुरी होते हुए फिर शिकोहाबाद में दिल्ली हावड़ा रेल ट्रैक से लिंक हो जाएगा। लाइन को डेडीकेटेड फ्रॉड कॉरिडोर से भी लिंक करने का भी युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। रेलवे की इस योजना से एटा सीधे देश के माल ढुलाई वाले मुख्य नेटवर्क से जुड़ जाएगा। इससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास और लॉजिस्टिक हब बनने की संभावना प्रबल हो गई है। ईस्ट कॉरिडोर से लिंक होने के बाद कृषि उत्पाद और स्थानीय सामान बेहद कम समय में देश के महानगरों और बंदरगाहों तक पहुंच सकेगा। बरहन एटा रेल लाइन को शिवालय टेहू स्टेशन से दिल्ली हावड़ा रेल लाइन स्थित चमरौला स्टेशन के पास से गुजर रहे डीएफसी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस स्टेशन को न्यू बरहन स्टेशन नाम से विकसित किया जा रहा है।

# भूमि संरक्षण परियोजना में ओवरलैपिंग डुप्लीकेसी का आरोप, जांच की मांग

**फिरोजाबाद।** भूमि संरक्षण अधिकारी फिरोजाबाद चतुर्थ कार्यालय के अंतर्गत संचालित एक परियोजना में ओवरलैपिंग डुप्लीकेसी का आरोप लगाते हुए मैनपुरी निवासी व्यक्ति ने इसकी जांच की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को प्रार्थना पत्र भेजा गया है। मैनपुरी के हरदर्शन नगर निवासी दिनेश चन्द्र दुबे ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वर्ष 2022-23 में विकास खंड टूंडला के अंतर्गत ग्राम पंचायत धीरपुरा क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत कप्तान सिंह की ठार के नाम से एक परियोजना बनाई गई थी। इसके बाद वर्ष 2025-26 में किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत उसी स्थान पर पुनः कप्तान सिंह की ठार के नाम से परियोजना बनाकर कार्य कराया गया, जिससे परियोजना में ओवरलैपिंग डुप्लीकेसी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस मामले की शिकायत उन्होंने पूर्व में भी 27 अक्टूबर 2025 को जिलाधिकारी फिरोजाबाद से की थी, लेकिन उनके अनुसार इस पर जांच के नाम पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और लीपापोती की कोशिश की गई है। दिनेश चन्द्र दुबे ने मांग की है कि इस मामले की जांच कृषि विभाग के अतिरिक्त किसी अन्य विभाग के अधिकारी से कराई जाए, ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की भी मांग की है। इस संबंध में भूमि संरक्षण अधिकारी फिरोजाबाद चतुर्थ को भी प्रार्थना पत्र की प्रति भेजकर मामले में की जांच की और की गई कार्यवाही से अवगत कराने का अनुरोध किया गया है। इसमें पहले से ही भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा यह प्रयास किया जाता रहा है कि ये मामला दवा रहे किंतु शिकायत कर्ता द्वारा इस मामले को उठाया जाता रहा है। शिकायत कर्ता का कहना है कि जब तक इसमें कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाएगी तब तक इस मामले को दवने नहीं दिया जाएगा चाहे इसके लिए खुद लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में मामले को उजाकर न कर दिया जाय। अब देखने वाली बात ये होगी कि यह मामला कहा तक जाता है। किसी अधिकारी पर कोई ठोस कार्यवाही हो पाती भी है या वही जांच के नाम पर लीपापोती की जाएगी।

# वृंदावन से दर्शन कर लौट रहे दोस्तों को वाहन ने रौंदा, दो की मौत

**मथुरा।** बीतीरात थाना राया क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। वृंदावन से दर्शन कर लौट रहे तीन दोस्तों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। अलीगढ़ के सासनी गेट थाना क्षेत्र स्थित महेंद्र नगर निवासी विशाल (25) पुत्र राजेश, सुरेश (16) पुत्र रमेश और पवन (28) पुत्र राजेश मोटरसाईकिल पर सवार होकर वृंदावन दर्शन करने आए थे। शनिवार देर रात जब वे वापस लौट रहे थे, तभी राया थाना क्षेत्र में पिरसुआ पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक संख्या यूपी 81 डीएफ 1615 में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर राया थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को उपचार एक की हालत गंभीर, पिरसुआ के पास देर रात हुआ हादसा के लिए सीएचसी भिजवाया, जहां दशा बिगड़ती देख चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने विशाल और सुरेश को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल तीसरे दोस्त पवन की हालत गंभीर है जिसका उपचार चल रहा है।

## रंगनाथ माता गोदाजी संग हुए सूर्य प्रभा पर विराजमान

**मथुरा।** वृंदावन तीर्थ नगरी में दक्षिणात्य शैली के विशालतम श्री रंगनाथ मंदिर के दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सुबह भगवान रंगनाथ माता गोदा जी के साथ स्वर्ण निर्मित सूर्य प्रभा पर विराजमान होकर भक्तो को कृतार्थ करने निकले। ठाकुर गोदा रंगमन्नर के स्वागत में भक्तों ने सुंदर रंगोलिया सजाई। मंदिर परंपरानुसार रथ मंडप से सूर्य प्रभा पर विराजमान होकर भगवान रंगनाथ की सवारी मंदिर प्रांगण में स्थित बारहद्वारी पर पहुंची। जहां मंदिर के स्वामी रघुनाथ जी के नेतृत्व में दक्षिण भारत से आए विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य सस्वर भगवान का दिव्यपाठ किया। वैदिक मंत्रोचार पूर्ण होने के बाद भगवान की कुंभ आरती की गई। इसके पश्चात भगवान की सवारी नगर भ्रमण के लिए निकली।

# महिला दिवस पर कांग्रेस ने लिया महिला हितों की रक्षा का संकल्प



**मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कार्यालय में हुआ, जहाँ साहित्य, कला और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कई महिला प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक शोषण के खिलाफ निरंतर संघर्ष करने का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि राधा-कृष्ण की पावन ब्रजभूमि में महिला उत्पीड़न किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की महिलाओं के शोषण के हर प्रारूप के खिलाफ संघर्ष करने की प्रतिबद्धता दोहराई। धनगर ने महिलाओं से अहिल्याबाई होलकर, रानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी की तरह सार्वजनिक जीवन में आगे आकर अपनी प्रतिभा निखारने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में महिला उत्पीड़न के हर मामले में कांग्रेस सक्रिय हस्तक्षेप करेगी। इस दौरान लता चैहान ने सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। संस्कृति कर्मी डॉ. सीमा मोरवाल, कवयित्री गंगा रानी चतुर्वेदी, डॉ. नीतू गोस्वामी और रेनू उपाध्याय ने नारी शक्ति को समर्पित अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कमलेश चैधरी ने महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना की। वहीं, नीलम कुलश्रेष्ठ, गीता दिवाकर, ललिता देवी और नीरज देवी सहित अन्य वक्ताओं ने महिलाओं के उत्थान में प्रियंका गांधी की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस महासचिव वैद्य मनोज गौड़ ने किया। इस अवसर पर शिवदत्त चतुर्वेदी, आदित्य तिवारी एडवोकेट, कुंवर सिंह निषाद, अप्रितम सक्सेना, महेश चैबे, वृषभान गोस्वामी, रामवीर सिंह चैहान, सुरेश शर्मा, शैलेंद्र पाल, विवेक धनगर, मोहम्मद दिलशाद और राजेश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिंसा, दंगे और युद्ध की निंदा की तथा विश्व शांति की कामना की।

# भजनों की मधुर प्रस्तुति से भक्तिमय हुआ सामौर बाबा धाम

● सामौर बाबा महोत्सव में लखबीर सिंह लक्खा ने भजनों से बांधा समां



**फिरोजाबाद।** सिरसागंज के ग्राम करहरा स्थित प्रसिद्ध सामौर बाबा धाम पर 5 मार्च से 11 मार्च 2026 तक चल रहे सात दिवसीय सामौर बाबा महोत्सव में रविवार की शाम भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने अपने लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सामौर बाबा मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा हमारी आस्था और परंपराओं को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सामौर बाबा धाम की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही है और यह क्षेत्र आने वाले समय में एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित होगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो० एसपी सिंह बघेल ने कहा कि सामौर बाबा महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यहां आयोजित कार्यक्रमों से क्षेत्र की पहचान और भी मजबूत हो रही है। भजन और कीर्तन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत होते हैं जो लोगों को ईश्वर से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंच पर लखबीर सिंह लक्खा को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में आगमन पर केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल व कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण जी का आयोजन समिति और क्षेत्रीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संगीत और भक्ति का संबंध सदियों पुराना है और लखबीर सिंह लक्खा जैसे कलाकार अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण भजनों के माध्यम से लोगों के दिलों में भक्ति का भाव जगाते हैं। उन्होंने लखबीर सिंह लक्खा के भजनों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी आवाज में ऐसी श्रद्धा और भावनात्मक शक्ति है, जो सीधे श्रोताओं के हृदय को छू जाती है। उनके भजन सुनकर हर व्यक्ति अपने आप को आध्यात्मिक वातावरण में महसूस करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि प्रदेश की समृद्ध परंपराओं को और अधिक पहचान मिल सके। कार्यक्रम के दौरान लखबीर सिंह लक्खा ने अपने कई प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा सामौर बाबा धाम गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर ज़िलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन मुख्य विकास अधिकारी सत्रोहन वैश जिला पर्यटन अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, आयोजन समिति के पदाधिकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति के ज्ञानेंद्र सिंह और नितिन सिंह ने बताया कि आज पंडाल में दिव्या श्रीवास्तव समूह वाराणसी द्वारा शिव नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। इस नाटिका में भगवान शिव के विभिन्न रूपों और उनकी लीलाओं को आकर्षक नृत्य और अभिनय के माध्यम से दशार्या जाएगा, जो दर्शकों को भक्तिरस से सराबोर कर देगा।

# आर्य समाज मंदिर की जमीन पर चौकी बनाने के विरोध में मंदिर पदाधिकारियों ने की नारेबाजी



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद नगर के स्टेट बैंक तिराहा स्थित आर्य समाज मंदिर में पुलिस चौकी बनाए जाने के विरोध में मंदिर समिति के लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही जगह में निर्माण कार्य को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। मंदिर प्रशासन ने पुलिस के अधिकारियों के समक्ष विरोध जताते हुए जगह को खाली करने की मांग की। पुलिस के अधिकारियों ने मंदिर प्रशासन ने वार्ता कर समस्या का समाधान कराया। बड़ा बाजार के स्टेट बैंक के पास आर्य समाज मंदिर है। जहां पर स्टेट बैंक के कारण पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान धूप में बैठते देखकर उन्हें एक छोटा कमरा दे दिया। जिसमें काफी सालों से पुलिसकर्मी बैठते आए हैं। लेकिन होली के अवकाश के दिनों में खेड़ा चौकी प्रभारी ने कोठरी में गेट, निर्माण कार्य करा लिया। इस दौरान पुलिस ने मंदिर प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली। जब रविवार को मंदिर प्रशासन ने निर्माण कार्य के साथ कब्जा होते देखा तो विरोध कर दिया। मौके पर मंदिर से जुड़े पदाधिकारी एकत्रित हो गए। उन्होंने नारेबाजी कर पुलिस पर मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। इस बारे में मंदिर के अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने मंदिर की जगह में निर्माण कार्य के लिए कोई अनुमति नहीं ली। जबकि उक्त भूमि मंदिर की है। यह खुली दंबगई है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने मनवीर आधार पर पुलिस को बैठने के लिए जगह दी थी न कि कब्जे के लिए। चौकी मोहल्ला खेड़ा में है। काफी देर तक पुलिस, मंदिर प्रशासन के बीच हॉट टॉक होती रही। बाद में पुलिस के उच्चाधिकारियों ने बातचीत कर समस्या का समाधान कराया। इस दौरान अनिल पचौरी, गोपाल शर्मा, विवेक चड्ढा, गोपाल आर्य सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## योगमाया शोभायात्रा को लेकर बैठक संपन्न

**मथुरा।** रविवार को प्राचीन माँ योगमाया मंदिर, कंस कारागार से 2 अप्रैल 2026 गुरुवार को योगमाया भव्य शोभायात्रा निकलने वाली भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर आज मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर की महंत वंदना पाराशर ने की, जबकि संचालन संजय हरियाणा ने किया। बैठक में महंत वंदना पाराशर ने कहा कि यह शोभायात्रा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सनातन संस्कृति का प्रतीक है, इसलिए सभी श्रद्धालु मिलकर इसे भव्य और अनुशासित रूप से संपन्न कराएं। वहीं संजय हरियाणा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 2 अप्रैल को सायं 5 बजे प्राचीन माँ योगमाया मंदिर, कंस कारागार से शोभायात्रा प्रारंभ होगी तथा मलपुरा रूपम टॉकीज मंडी रामदास चैक बाजार सट्टा बाजार होली गेट होती हुई विभिन्न मार्गों से होकर निकलेगी। उन्होंने बताया कि रात्रि 9 बजे से सुंदरकाण्ड पाठ एवं प्रसादी वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने दायित्व निभाने का संकल्प लिया।

# बैंक के अंदर से चल रहा था साइबर ठगी का खेल, संविदा कर्मी समेत 5 गिरफ्तार

**मथुरा।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कृष्णा नगर शाखा से जुड़े एक संविदा कर्मचारी समेत पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी के पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सबसे चैंकाने वाली बात यह सामने आई कि बैंक में डेस्क पर कर्मचारियों को चाय-पानी देने वाला संविदा कर्मी ही अंदर की जानकारी का फायदा उठाकर साइबर ठगों के लिए बैंक खातों का जाल बिछा रहा था। एसपी क्राइम ने बताया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड नीरज नाम का संविदा कर्मचारी है। वह बैंक में कर्मचारियों को चाय-पानी देने का काम करता था। बैंक में काम करने के कारण उसे खातों से जुड़ी अंदरूनी जानकारी मिलती थी, जिसका फायदा उठाकर वह साइबर ठगों की मदद करता था। रविवार सुबह करीब 10:30 बजे साइबर क्राइम थाना पुलिस ने थाना हाईवे क्षेत्र की बैकुंठ विहार कॉलोनी में छापा मारा। इस दौरान पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से 6 मोबाइल फोन, 2 सिम कार्ड, 1 बैंक पासबुक, 7 एटीएम कार्ड, 1 क्यूआर कार्ड और 2 चेक बुक बरामद की हैं। जांच में पता चला कि आरोपी नीरज लंबे समय से बैंक में बंद पड़े जन-धन खातों को निशाना बनाता था। वह इन खातों में दर्ज मोबाइल नंबर बदल देता था और नए एटीएम कार्ड जारी कराकर खातों का पूरा एक्सेस अपने साथियों को दे देता था। देशभर में होने वाली साइबर ठगी की रकम इन्हीं खातों में मंगाई जाती थी, जिसे गिरोह के सदस्य एटीएम से निकाल लेते थे। पुलिस के अनुसार, गिरोह एक बैंक खाता उपलब्ध कराने के बदले लगभग 25 हजार रुपये तक कमीशन लेता था। इस तरह कई खातों के जरिए लाखों रुपये की ठगी की गई। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज, मुकुल सिंह, विक्रांत कुमार, पुष्पेंद्र सिंह उर्फ भूरा और अनिकेत शामिल हैं।

# महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



**फिरोजाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को मेरा युवा भारत फिरोजाबाद द्वारा जनपद फिरोजाबाद के दाऊ दयाल खेल स्टेडियम में अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 100 मीटर 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन 13 वर्ष से कम 13-18 और 18 से अधिक के वर्ग में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कामिनी राठौर महापौर नगर निगम फिरोजाबाद विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार पाण्डेय नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद मुकेश कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी; मनीष चन्द्र चौधरी जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत फिरोजाबाद प्रदीप भारद्वाज अध्यक्ष जिला ओलंपिक एसोसिएशन आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 13 वर्ष से कम आयु वर्ग 100 मीटर में प्रथम स्थान आकांक्षा यादव द्वितीय मालती तृतीय करिश्मा 200 मीटर में प्रथम स्थान नीति द्वितीय दिव्या धनगर तृतीय पलक और 400 मीटर में प्रथम स्थान अंशिका द्वितीय आकांक्षा यादव तृतीय हर्षिता। 13-18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर में प्रथम स्थान अपूर्वा गुर्जर द्वितीय कुमा श्रुति तृतीय उमा 200 मीटर में प्रथम स्थान अपूर्वा गुर्जर द्वितीय श्वेता तृतीय श्रुति और 400 मीटर में प्रथम स्थान ईशिता द्वितीय स्वेता तृतीय भावना ने प्राप्त किया। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 100 मीटर में प्रथम स्थान पूजा द्वितीय रोशनी तृतीय खुशबू 200 मीटर में प्रथम स्थान खुशबू द्वितीय सुनैना तृतीय सोनम और 400 मीटर में प्रथम स्थान भावना द्वितीय स्वालि तृतीय कविता विजयी रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर जनपद फिरोजाबाद का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ियों राष्ट्रीय खिलाड़ी वंदना काजल शर्मा और ईशिता शर्मा को भी महापौर और सिटी मजिस्ट्रेट ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि महापौर ने भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी को मजबूत करने के लिए खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की वकालत की। यह प्रतियोगिताएं खेल मंत्रालय की पहल का एक हिस्सा है जो अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों व भारत के ओलंपिक मेजबान बनने की कोशिश को ध्यान में रखते हुए देश भर में महिला तकनीकी अधिकारियों का एक पूल बनाने की भी शुरुआत करेगा।

ध्यातव्य है कि अस्मिता (महिलाओं को प्रेरित करके खेल में कामयाबी हासिल करना) खेलो इंडिया योजना के मिशन का एक हिस्सा है जिसका मकसद लीग के जरिए महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देना है। यह पहल 2021 में शुरू हुई थी। हर जगह स्पधाओं को प्रबंधित करने के लिए पांच तकनीकी अधिकारी 10 स्वयंसेवक, एक प्रतियोगिता मैनेजर अभिषेक यादव, एक पूर्व चैंपियन एथलीट और जिला युवा अधिकारी तैनात किए गए।

# महिलाएं सशक्त, दूसरों से कमतर नहीं

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को राष्ट्रपति ने किया संबोधित

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित कियास। मुर्मू ने कहा, हम किसी से कमतर नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है।

मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की अग्रणी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्राम विकास में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं, वहीं महिलाएं रोजगार, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। मुर्मू ने कहा, महिलाओ में दम है, हम किसी से कम नहीं। हममें भी दम है। राष्ट्रपति



ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं, फिर भी समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने में कई बाधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों का समाधान केवल कानून से नहीं हो सकता। हमें अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि माता-पिता को घर में बेटियों और बेटों के बीच भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सास को अपनी बेटियों और पुत्रवधू के बीच भेदभाव नहीं करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा, सच्ची समानता की शुरुआत हर महिला को बेटी के रूप में मान्यता देने से होती है, चाहे परिवार में उसकी भूमिका कुछ भी हो। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अंतर्गत रविवार को आयोजित शक्ति वॉक - शी लीड्सभारत के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को बधाई दी। मुर्मू ने इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली देशभर की महिलाओं के समर्पण की भी सराहना की और भारत की प्रगति और देशभर में महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को उजागर किया। डॉ. बी. आर. आंबेडकर के शब्दों को याद करते हुए उन्होंने कहा, मैं किसी समुदाय की प्रगति को इस आधार पर मापती हूं कि महिलाओं ने कितनी प्रगति हासिल की है। राष्ट्रपति ने संतोष व्यक्त किया कि भारत सरकार ने महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओअ सुकन्या समृद्धि योजनाअ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाअ प्रधानमंत्री मुद्रा योजनाअ मिशन शक्ति और विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) समेत विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला, जिनमें महिला-केंद्रित प्रावधान शामिल हैं।

# ईरान संघर्ष के बीच भारत ने कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्रोतों का किया रुख

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।



कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल अपनी प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया, हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। साथ ही, अमेरिकी ट्रेजरी (वित्त) विभाग द्वारा रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है।

## संक्षेप

### बादशाह ने टटीरी गीत को सभी मंचों से हटाया

नयी दिल्ली। बादशाह के नए गीत टटीरी में महिलाओं और नाबालिगों के बारे में आपत्तिजनक बोल होने के आरोप लगाए जाने के बाद गायक-गीतकार ने माफी मांगते हुए कहा कि इस गाने को सभी मंच से हटा लिया गया है। अभी तो पार्टी शुरू हुई है और गेंदा फूल जैसे गानों के लिए प्रसिद्ध 40 वर्षीय बादशाह ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया। उन्होंने वीडियो में कहा, 'मेरा नया गीत रिलीज हुआ है और मैं देख रहा हूं कि इसके बोल और दृश्य प्रस्तुति ने खासकर हरियाणा के कई लोगों को दुख पहुंचाया है। सबसे पहले, मैं कहना चाहता हूं कि मैं हरियाणा से हूं। जो लोग मुझे जानते हैं, वे यह बता सकते हैं कि मेरी पूरी पहचान इसी पर आधारित है। मुझे हरियाणवी होने पर गर्व है। बादशाह ने कहा कि उन्होंने हमेशा हरियाणा की संस्कृति को बढ़ावा देने की कोशिश की है और कभी भी किसी को आहत करना उनका मकसद नहीं रहा।

### एक रुपये का जूता ऑफर पर उमड़ी भीड़, चली लाठी

कोझिकोड। केरल के कोझिकोड में महंगे जूते मात्र एक रुपये में बेचने के एक दुकान के प्रचार अभियान के दौरान रविवार सुबह भारी भीड़ जुट गयी और पुलिस को इसे नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। वायरल विज्ञापनों से आकर्षित होकर सैकड़ों ग्राहक तड़के ही इलाके में उमड़ पड़े, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और यातायात बाधित हो गया। पुलिस के अनुसार, दुकानदार ने पहले 100 ग्राहकों को मात्र एक रुपये में जूते देने का विज्ञापन दिया था, जिसके बाद देर रात दो बजे से ही भीड़ जमा होने लगी थी। पुलिस ने बताया कि भीड़ इतनी अधिक थी कि दुकान की क्षमता से अधिक ग्राहक आ गए जिनमें बच्चे भी शामिल थे और वायनाड जैसे जिलों से भी लोग आए थे। वायनाड से आए एक लड़के ने बताया कि वह देर रात ढाई बजे दुकान पर पहुंचा लेकिन वहां पहले से ही भारी भीड़ थी। लोगों की भारी भीड़ के कारण इलाके में अफरा-तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। जब स्थिति बेकाबू हो गई, तो पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और भगदड़ रोकने के लिए हल्का लाठीचार्ज भी किया गया। इस अफरा-तफरी के बाद, इलाके में तनाव फैलाने के आरोप में दुकान मालिक को हिरासत में ले लिया गया।

### दिल्ली मार्केट में आठ प्रतिशत गुरुग्राम में 14 प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड ने बताया कि बेहतर मांग और सीमित आपूर्ति के कारण दिल्ली के पॉश खान मार्केट में पिछले साल खुदरा दुकानों के किराये में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्ष के दौरान दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख बाजारों के मासिक किराये में दो से 14 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि के दौरान खान मार्केट का मासिक किराया 1,700-1,800 रुपये प्रति वर्ग फुट रहा, जो सालाना आधार पर आठ प्रतिशत अधिक है। खान मार्केट भारत का सबसे महंगा प्रमुख बाजार बना हुआ है। वहीं, दिल्ली के कनॉट प्लेस (आंतरिक घेरा) में मासिक किराया चार प्रतिशत बढ़कर 1,150-1,250 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया। गुरुग्राम के गैलेरिया मार्केट में सबसे अधिक 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# महिलाओं के लिए नकद अंतरण योजना, कोई नया कर नहीं

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री **हरपाल** सिंह चीमा ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 2,60,437 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में अन्य बातों के अलावा पात्र महिलाओं के खातों में सीधे 1,000 रुपये से 1,500 रुपये प्रति माह अंतरित किये जाने का प्रस्ताव किया गया है। पिछले विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) ने महिलाओं को वित्तीय सहायता देने का वादा किया था, जिसे उनसे सत्ता में आने के लगभग चार साल बाद पूरा किया।

पंजाब की लगभग 97 प्रतिशत वयस्क महिलाएं इस योजना के लिए पात्र होंगी और बजट में इसके लिए 9,300 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। चीमा ने कहा कि वर्तमान या पूर्व स्थायी सरकारी कर्मचारी, वर्तमान और पूर्व सांसदाविधायक और आयकरदाता इस योजना के दायरे में नहीं आएंगे। मुख्यमंत्री मावां-धियां सत्कार योजना (मुख्यमंत्री मां-बेटी सत्कार योजना) के तहत अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह और अन्य



महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। चीमा ने 2,60,437 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ बजट पेश करते हुए दावा किया कि पंजाब के लोगों से किया गया वादा पूरा कर दिया गया है। चीमा ने कहा कि यह नई योजना न केवल भारत की बल्कि महिलाओं के लिए दुनिया की पहली सार्वभौमिक नकद अंतरण योजना होगी। पंजाब में 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला इस योजना के तहत नामांकन के लिए पात्र होगी।

# मैं ऐसे परिवार में पला-बढ़ा हूं, जहां महिलाएं ही प्रमुख रहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल में केरल में छात्राओं से बातचीत के दौरान कहा कि वह एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े हैं जहां महिलाएं ही प्रमुख रहीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि महिलाएं आम तौर पर पुरुषों से अधिक बुद्धिमान होती हैं। राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने यूट्यूब चैनल पर छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो रविवार को पोस्ट किया और बताया कि कुछ दिन पहले केरल में दोपहर के भोजन के दौरान उनकी कुछ छात्राओं से मुलाकात हुई और उनसे बहुत ही रोचक बातचीत हुई। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं, तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं। राहुल ने वीडियो



पोस्ट करते हुए लिखा हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है। महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, उन्हें समाज के प्रतिबंधात्मक मानदंडों से बंधे रहने के बजाय अपनी पहचान, व्यक्तित्व और आकांक्षाओं के अनुसार आगे बढ़ने का पूरा अधिकार होना चाहिए। राहुल ने कहा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी शक्ति, साहस और सपने समाज को एक सकारात्मक भविष्य की ओर आगे बढ़ाते रहें। उन्होंने कहा कि केरल की कुछ छात्राओं से बातचीत बेहद प्रेरणादायक रही। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा उनका (छात्राओं का) आत्मविश्वास और अपने सपनों पर विश्वास यह दर्शाता है कि महिलाएं ही बदलाव की असली ताकत हैं। राहुल वीडियो में छात्राओं के साथ बेबाक बातचीत करते नजर आ रहे हैं। राहुल ने छात्राओं से कहा, मैं ऐसे परिवार में पला-बढ़ा हूं जहां महिलाएं ही घर की प्रमुख थीं। मेरे परिवार की मुखिया मेरी दादी थीं और मेरे परिवार में, जैसे इस मेज की तरह हमेशा महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही है। उन्होंने कहा, महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से ज्यादा बुद्धिमान होती हैं।

# मप्र : चार नकाबपोश लोगों ने 90 साल की महिला से किया दुष्कर्म

एजेंसी

खंडवा (मप्र)। मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के एक गांव में करीब 90 वर्षीय महिला के साथ चार नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि महिला को यौन हमले के दौरान लगी चोटों के उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी गई है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता बृहस्पतिवार रात अपने गांव में खेत में बनी झोपड़ी में अकेली थी, तभी चार नकाबपोश लोग वहां पहुंचे और उसके साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक महिला ने घटना के बारे में अगली सुबह दूसरे गांव में रहने वाली अपनी बेटी को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इसके बाद महिला की बेटी उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गई। खंडवा के पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने बताया कि अस्पताल कर्मियों की सलाह पर महिला और उसकी बेटी ने पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 70 (सामूहिक दुष्कर्म) के तहत एक मामला दर्ज किया है।

# पश्चिम एशिया में तनाव जारी : विश्लेषक

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सोने की कीमतों में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। निवेशकों की पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों और घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख वृहत आर्थिक आंकड़ों पर नजर होगी। विश्लेषकों ने यह कहा। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रमों पर नजर बनी रहेगी। तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, लेकिन तनाव कम होने के संकेत मिलने पर भारी बिकवाली हो सकती है। मेर ने कहा, चांदी में अभी सीमित दायरे में घट-बढ़ हो रही है।



लेकिन इसमें भारी अस्थिरता देखी जा रही है। इसका कारण सोने और तांबा तथा जस्ता जैसी औद्योगिक धातुओं में सीमित दायरे में घट-बढ़ के कारण इसके लाभ सीमित हैं। पिछले सप्ताह घरेलू बाजार में सर्राफा वायदा में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी 14,359 रुपये यानी 5.08 प्रतिशत टूटी, जबकि सोना 470 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत फिसला। एंजल वन के गैर-कृषि जिंस और मुद्रा विभाग के शोध मामलों के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट प्रथमेश एम ने कहा, पिछले सप्ताह सोने की कीमत 1.59 लाख से 1.70 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रही। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तनाव, एशियाई मांग, केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीद, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का उच्च प्रतिफल और डॉलर की मजबूती सर्राफा बाजार में कीमतों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने हुए हैं। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स में चांदी के वायदा भाव में 8.98 डॉलर यानी लगभग 10 प्रतिशत की कमी आई, जबकि सोने की कीमतों में 89.2 डॉलर यानी 1.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। मेर ने कहा कि अमेरिकी डॉलर, फ्रैंक और बॉन्ड जैसे वैकल्पिक सुरक्षित निवेश विकल्पों की बढ़ती मांग के बीच सोना साप्ताहिक आधार पर नकारात्मक रूख के साथ बंद हुआ है।

# उत्तराखंड के राज्यपाल के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी, आपात लैंडिंग

एजेंसी

पौड़ी। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह को लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर में रविवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद उसे आपात स्थिति में उतारना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, राज्यपाल टिहरी में आयोजित चार दिवसीय टिहरी लेक फेस्टिवल-हिमालयन ओ टू में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के बाद प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी चमोली जिले के गैरसैंण जा रहे थे, जहां सोमवार से उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू होना है। उन्होंने बताया कि उड़ान के दौरान दोपहर करीब डेढ़ बजे राज्यपाल के हेलीकॉप्टर में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण उसे आपात स्थिति में श्रीनगर स्थित जीवीके कंपनी के हेलीपैड पर सुरक्षित रूप से उतार दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद राज्यपाल को पुलिस अतिथि गृह ले जाया गया, जहां से वह सड़क मार्ग से गैरसैंण के लिए रवाना हुए। पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने पीटीआई-भाषा को बताया कि राज्यपाल को अतिथि गृह में ठहराने के बाद शाम करीब पांच बजे भारी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से गैरसैंण के लिए रवाना कर दिया गया।

## पेज एक का शेष

### आधी आबादी

महाकुंभ-2026 (रोजगार मेले) का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी व श्रम विभाग की लघु फिल्म का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए सभी लाभार्थी व सम्मानित होने वाली महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री के वक्तव्य का जिक्र करते हुए कहा कि आधी आबादी को नजरंदाज करके कोई समाज आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। 2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया गया। इसके बाद मातृवंदना योजना से लेकर महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक कार्यक्रम लागू किए, जिससे देशभर की बेटियां स्वावलंबन के मार्ग पर बढ़ रही हैं। आने वाले समय में विधानसभा व संसद में भी 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति की थीम सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का जिक्र करते हुए कहा कि सुरक्षा पहली शर्त है और यह हर व्यक्ति को मिलनी चाहिए। सुरक्षा आत्मविश्वास भरती है, आत्मविश्वास आत्मगौरव की अनुभूति कराता है, आत्मगौरव का यह भाव ही आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर करता है। आत्मनिर्भरा विकसित भारत की संकल्पना का आधार बनने वाली है। 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हम सभी को विकसित भारत चाहिए, जहां हर व्यक्ति खुशहाल जीवनयापन कर सके। हर प्रदेशवासी की जिम्मेदारी है कि बेटियों की सुरक्षा, नारी की गरिमा व स्वावलंबन के लिए योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाने में योगदान दें। यह विकसित भारत की आधारशिला बनेगी। विकसित भारत का मतलब हर चेहरे पर खुशहाली, हर हाथ को रोजगार है। हर व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ मेरा भारत महान अभियान से जुड़कर भारत को शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित करने में योगदान दे पाएगा। यह तभी होगा, जब आधी आबादी मजबूती से जुड़ेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि बेटी किसी पर निर्भर नहीं रहेगी। उसके जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपये का पैकेज सरकार अलग-अलग श्रेणी में देगी। वर्तमान में यूपी में 27 लाख बेटियां इसका लाभ प्राप्त कर रही हैं। जब हमने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना लागू की तो समाजवादी पार्टी ने बहुत विरोध किया और कहा कि 35000 रुपये देकर गरीबों का अपमान करना चाहते हैं, लेकिन शादी योग्य बेटी के लिए अभिभावक को पैसे की चिंता नहीं करनी है।

### 3 लाख

कार्य अपलोड करेंगी, उसे परफॉर्मेंस बेस्ड करते हुए अच्छा सम्मानजनक मानदेय भी प्राप्त करेंगी। सरकार इनका मानदेय भी अच्छा करने जा रही है। आज पांच लाख रुपये कैशलेस चिकित्सा-स्वास्थ्य सुविधा भी उन्हें प्रदान की गई। ऐसे ही आशा वर्कर, रसोइयों को भी यह सुविधा देंगे।

सीएम योगी ने मंच पर लखनऊ की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों गुड़िया सिंह, प्रियंका सिंह, सुधा अवस्थी, उमा सिंह और लालावती को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा प्रीमियम व साड़ी/वर्दी के लिए 38.49 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से खाते में ट्रांसफर किए। इसमें साड़ी-वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम की 8.90 करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित की गई। इस पहल के माध्यम से प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री गुड़िया सिंह ने कहा- आयुष्मान कार्ड मिलने से हमारा आत्मविश्वास और बढ़ गया है। योगी सरकार का यह तोहफा हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसके माध्यम से हमारे परिवार को इलाज के लिए 5 लाख रुपये तक सुरक्षा गारंटी मिली है जिसके लिए हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हैं।

### जबरन वसूली

धारा 386 के तहत जबरन वसूली के अपराध के लिए मृत्यु या गंभीर चोट के भय को लेकर संपत्ति की वास्तविक सुपुर्दगी आवश्यक है जबकि इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। अदालत ने 20 फरवरी के अपने आदेश में कहा, न तो शिकायतकर्ता ने धमकी के तहत संपत्ति की सुपुर्दगी का आरोप लगाया है और न ही पूरे आरोप पत्र में इसका उल्लेख किया गया है। इसमें यह भी कहा गया कि आईपीसी की धारा 387 के तहत अपराध के लिए भी अभियोजन पक्ष कोई ऐसा स्पष्ट कृत्य साबित करने में विफल रहा, जिससे यह संकेत मिले कि आरोपी ने शिकायतकर्ता को मौत या गंभीर चोट का भय पैदा किया था।

### मातृशक्ति के

उन महिलाओं का सम्मान हो रहा है, जिनके त्याग, संघर्ष, स्नेह और संस्कारों ने परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव को मजबूत किया है। उन्होंने कहा महिलाओं के स्नेह, त्याग और आशीर्वाद से पीढ़ियाँ आगे बढ़ती हैं और समाज निरंतर प्रगति करता है। महिलाएं, मां के रूप में अपने जीवन के प्रत्येक सुख को त्यागकर अपने बच्चों को आगे बढ़ाती हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा वरिष्ठ महिलाएं, परिवारों के साथ संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों की रक्षक भी हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा वरिष्ठ नागरिकों, वृद्ध माताओं की सेवा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्य सरकार, महिलाओं-विशेषकर वरिष्ठ महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। राज्य सरकार, वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में वृद्धाश्रमों की व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क धार्मिक यात्राओं की सुविधा दे रही है।

उन्होंने कहा सरकार का संकल्प है कि उत्तराखंड की हर वृद्ध माता को सम्मान, सुरक्षा और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का पूरा अवसर मिल सके। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाएं समाज के लिए भी प्रेरणादाई होती हैं। सचिव चंद्रेश कुमार यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम की मुख्य थीम निर्धारित की गई है। इस थीम के अनुरूप ऐसे वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है, जो 60 वर्ष से अधिक आयु होने के बावजूद भी सक्रिय, आत्मनिर्भर और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद देहरादून से पार्वती देवी नेगी सहित तीन, जनपद नैनीताल से धनुली सहित तीन, जनपद रुद्रप्रयाग से भादी देवी सहित तीन, जनपद पौड़ी गढ़वाल से डॉ कु० उर्मिला राणा सहित तीन, जनपद अल्मोडा से मनोरमा जोशी सहित तीन,जनपद उत्तरकाशी से सरतमा देवी सहित तीन, जनपद चमोली से सुशीला सेमवाल सहित चार,जनपद बागेश्वर से नीमा दफौटी सहित तीन, जनपद टिहरी गढ़वाल से सोबती देवी सहित तीन, जनपद ऊधम सिंह नगर से मीना शर्मा सहित तीन, हरिद्वार से सैयदा खातुन सहित तीन, पिथौरागढ़ से दुर्गा खडावत सहित तीन महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्तराखंड जनजाति सलाहकार परिषद गीता राम गौड़, निदेशक बीएल राणा, विक्रम सिंह, एस के त्रिपाठी, मोहित चौधरी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### दिल्ली में

काफी आसान हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेट्रो के चौथे चरण की शुरुआत के साथ, दिल्ली मेट्रो नेटवर्क का विस्तार अब 375 किलोमीटर से अधिक हो गया है, जिससे निवासियों के लिए कनेक्टिविटी और सुविधा में और सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा जब भी दुनिया में, कोई भारत के बारे में सोचता है, तो अक्सर दिल्ली की छवि दिमाग में आती है, दिल्ली न केवल भारत की राजधानी है, बल्कि यह भारत की पहचान और उसकी ऊर्जा का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का विकास केवल एक शहर का विकास नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की छवि से जुड़ा हुआ है। मोदी ने कहा, एक साल पहले जिस नयी उम्मीद और दृढ़ संकल्प के साथ आपने दिल्ली में भाजपा सरकार का गठन किया था, उसका परिणाम आज यहां दिखाई दे रहा है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस निरंतर धारा के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्व सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि आपदा सरकार ने दिल्ली में 10 वर्षों तक सभी विकास कार्यों को रोक दिया था। उन्होंने कहा उनका तरीका था कम काम करना और ज्यादा बहाने बनाना। आज दिल्ली में विकास का एक आदर्श मॉडल है - बहानेबाजी बंद हो गई है और काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा पहले परियोजनाएं फाइलों में दम तोड़ती थीं। आज परियोजनाएं जमीन पर उतरती हैं।

### ईरान ने यूएई

इस्राइल द्वारा हवाई हमले तेज किए जाने के बाद इस्राइल और हिजबुल्लाह के बीच झड़पें फिर से शुरू होने के बाद से इस्राइल की सेना में ये पहली मौतें हैं। अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद इस्राइल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव बढ़ने के कारण इजरायल-लेबनान सीमा पर लड़ाई जारी है। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, देश की वायु रक्षा प्रणाली ने ईरान की बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ-साथ ड्रोन को भी सफलतापूर्वक रोका। मंत्रालय ने संख्या का विस्तृत विवरण नहीं दिया, लेकिन इन्फोग्राफिक में ईरान युद्ध की अवधि के दौरान पता लगाए गए और रोके गए मिसाइलों और ड्रोनों की कुल संख्या बताई गई है।

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तैनात ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के आश्रितों को देश छोड़ने का निर्देश दिया है। वोंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'हमारी यात्रा सलाह को इस निर्देश के अनुरूप अपडेट कर दिया गया है। हम ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को यूएई की यात्रा न करने की सलाह देते हैं।' रोमन कैथोलिक चर्च के पोप लियो ने हिंसा समाप्त करने का आग्रह किया और संवाद के लिए नए सिरे से प्रयास करने का आह्वान किया। सेंट पीटर स्क्वायर में एंजेलस प्रार्थना के दौरान बोलते हुए, पोप लियो ने कहा कि ईरान और पूरे मध्य पूर्व से लगातार चिंताजनक खबरें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष भय और घृणा को बढ़ावा दे रहा है और इस बात की चिंता जताई कि यह और फैल सकता है, जिससे अन्य देश, जिनमें प्रिय लेबनान भी शामिल है, प्रभावित हो सकते हैं। पोप ने कहा, 'आइए हम प्रभु से विनम्र प्रार्थना करें कि बमों की गर्जना बंद हो जाए, हथियार शांत हो जाएं और संवाद के लिए एक ऐसा स्थान खुले जहां लोगों की आवाजें सुनी जा सकें।

### बहरीन में

पहुंचा है। इस युद्ध के दौरान ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी अरब देश ने ईरान द्वारा विलवणीकरण संयंत्र को निशाना बनाने की घटना की जानकारी दी है। फारस की खाड़ी के तट पर सैकड़ों विलवणीकरण संयंत्र स्थित हैं और इस क्षेत्र के अरब देश पीने के पानी के लिए इन संयंत्रों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। लेबनान में हुए हालिया हमलों में 12 और लोग मारे गए, जिससे वहां मरने वालों की संख्या बढ़कर 300 से अधिक हो गई है। उसकी सेना ने कहा कि यह हमला ईरान समर्थित बलों को खत्म करने के उद्देश्य से किया गया था। इससे पहले इजराइल ने लेबनान के बड़े हिस्से को खाली करने का आदेश दिया था। इजराइल और अमेरिका ने 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत करते हुए कहा था कि उन्होंने ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को निशाना बनाने तथा सरकार को गिराने की कोशिश करने के लिए हमले किए। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए।




# भारत तीसरी बार बना टी-20 वर्ल्ड चैंपियन

## पहली बार मेजबान टीम ने खिताब जीता, फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाये, न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार















एजेंसी

अहमदाबाद। भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीत लिया है। इंडिया लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बनी। पहली बार किसी मेजबान टीम ने टी-20 वर्ल्डकप जीता है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला लिया था। पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने भारत ने टी20 वर्ल्डकप फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर 89 रन बनाए। ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन बनाए। आखिर में शिवम दुबे ने 8 गेंद पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जिमी नीशम को 3 विकेट मिले। रनों का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड को रनों के लिहाज से टी20 वर्ल्डकप फाइनल में सबसे बड़ी हार मिली। टीम ने 7.2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी-20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है। भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था। सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। 18वें ओवर की तीसरी बॉल पर न्यूजीलैंड ने 9वां विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान मिचेल सैंटनर 43 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड किया। बुमराह को चौथा विकेट मिला है। 16वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने मैट हेनरी (जीरो) और जिमी नीशम (8 रन) को लगातार 2 बॉल पर आउट किया। हालांकि, हैट्रिक पूरी नहीं कर सके। 13वें ओवर की 5वीं बॉल पर न्यूजीलैंड ने छठा विकेट गंवाया। यहां डेरिल मिचेल 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अक्षर पटेल ने ईशान किशन के हाथों कैच कराया। अक्षर को तीसरा विकेट मिला है। 13वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने बेहद खराब फील्डिंग दिखाई। ओवर की पहली गेंद अक्षर पटेल ने ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। सैंटनर ने शॉट खेला, लेकिन गेंद बैकवर्ड पॉइंट की ओर हवा में चली गई। हार्दिक आसान कैच नहीं पकड़ सके। अगली गेंद फिर हार्दिक के पास ही ग्राउंडेड आई, इस बार वे फील्डिंग भी अच्छी नहीं कर सके और गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई। 12वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने वरुण चक्रवर्ती की बॉल पर लगातार दो छक्के मारे। दोनों की सिक्स लॉन्ग ऑन बाउंड्री के ऊपर गए। वरुण के इस ओवर से 16 रन आए। 11वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। डेरिल मिचेल ने अर्शदीप सिंह की दूसरी और तीसरी बॉल पर सिक्स लगाए। इन दो सिक्स के सहारे टीम का स्कोर ट्रिपल डिजिट में पहुंच गया। इस ओवर से 15 रन आए।



8वें ओवर में न्यूजीलैंड ने चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल हार्दिक पंड्या ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। मार्क चापमन बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन बॉल उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। वे 8 गेंद पर 3 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली, लेकिन टीम ने 3 विकेट भी गंवा दिए। 6 ओवर के बाद स्कोर 52 रन रहा। फिन एलन, रचिन रवींद्र और ग्लेन फिलिप्स आउट हुए। अक्षर पटेल को 2 और जसप्रीत बुमराह को 1 विकेट मिला। पांचवें ओवर में न्यूजीलैंड ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बॉल अक्षर पटेल ने फुलर लेंथ फ्लिपर फेंकी। ग्लेन फिलिप्स बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद उन्हें छोड़ते हुए स्टंप्स से टकरा गई। फिलिप्स 5 गेंद पर 5 रन ही बना सके। फिन एलन 9 और रचिन रवींद्र 1 रन बनाकर आउट हुए। टीम ने 47 रन पर 3 विकेट गंवाए। चौथा ओवर जसप्रीत बुमराह फेंकने आए। उन्होंने पहली ही गेंद पर रचिन रवींद्र को पवेलियन भेज दिया। बुमराह ने गुड लेंथ पर ऑफ कटर फेंकी। रचिन ने शॉट खेला, लेकिन गेंद फाइन लेग की ओर हवा में खड़ी हो गई। ईशान किशन तेजी से बॉल के नीचे आए और बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ लिया। रचिन 2 गेंद पर 1 रन ही बना सके। इससे पहले तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर अक्षर पटेल ने फिन एलन को कैच कराया था। तीसरे ओवर की चौथी बॉल पर अक्षर पटेल ने फिन एलन को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। न्यूजीलैंड के पारी का दूसरे ओवर भारत के लिए हार्दिक पंड्या ने फेंका। इस ओवर में 21 रन बने। इसमें 2 छक्के और 2 चौके लगे। 256 रन चेज कर रही न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन को पहले ओवर में जीवनदान मिला। शिवम दुबे ने अर्शदीप सिंह की 5वीं बॉल पर फिन एलन का हाई कैच छोड़ दिया। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में 24 रन बने। इनमें दो छक्के और 3 चौके शामिल रहे। 19वें ओवर की दूसरी बॉल पर भारत को पांचवां झटका लगा। हार्दिक पंड्या 13 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हो गए। मैट हेनरी ने धीमी ऑफ-कटर शॉर्ट गेंद डाली जिस पर हार्दिक ने शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद ऊंची उठ गई। फिर कवर पर खड़े मिचेल सैंटनर ने आसान कैच पकड़ लिया। हार्दिक ने अपनी पारी में 1 चौका और 1 छक्का लगाया। 16वें ओवर में जिमी नीशम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए एक ही ओवर में तीन विकेट झटक लिए। इस ओवर में कुल तीन विकेट और सिर्फ 1 रन आया, जिससे 16 ओवर के बाद भारत का स्कोर 4 विकेट पर 204 रन हो गया। ओवर की पहली ही गेंद पर संजू सैमसन 46 गेंदों में 89 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने फुल-टॉस गेंद को लॉन्ग-ऑन के ऊपर खेलने की कोशिश की लेकिन सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी कोल मैकॉन्ची ने बेहतरीन रनिंग कैच पकड़ लिया। इसके बाद 5वीं बॉल पर ईशान किशन 25 गेंदों में 54 रन बनाकर आउट हुए, उनका कैच मार्क चापमैन ने लॉन्ग-ऑन पर लिया। ओवर की आखिरी गेंद पर सूर्यकुमार यादव गोल्डन डक पर पवेलियन लौट गए। उनका डीप बैकवर्ड स्क्वायर-लेग पर रचिन रवींद्र ने शानदार कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर की पहली बॉल पर भारत ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर संजू सैमसन 46 बॉल पर 89 रन बनाकर आउट हुए।

## लखनऊ में दिखा भारत की जीत का जश्न

### आधी रात में खुशियों से सराबोर हुई राजधानी, कहीं फूटे पटाखे तो कहीं उड़ा गुलाल

लखनऊ। भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर तीसरी बार टी-20 विश्व कप ट्रॉफी जीती। लखनऊ में भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों ने भारत की जीत का जश्न मनाया। इस जीत के साथ भारत ने लगातार दूसरी बार टी-20 विश्व कप ट्रॉफी जीत कर रिकार्ड बनाया। भारत ने इससे पहले 2024 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। वहीं, भारत ने शानदार बैटिंग की बदौलत टी20 विश्व कप जीता है। इससे पहले भारत ने 2007 में भारत ने पहला विश्व कप जीता था। भारत ने तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को रोमांचक मुकाबले में 96 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 256 रन बनाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर नहीं खेल पायी और पूरी टीम आल आउट हो गयी। भारत की इस ऐतिहासिक जीत से हर भारतीय गौरवान्वित है। भारत की जीत के बाद शहर-दर शहर में जीत का जश्न मनाया जा रहा है। लखनऊ के हजरतगंज में जहां लोग सड़कों पर पटाखे फोड़ कर जश्न मनाते नजर आए वहीं, प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोगों ने जमकर खुशी मनाई।

टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की शानदार जीत के जश्न में राजधानी लखनऊ भी देर तक डूबा। जैसे ही टीम इंडिया जीती। शहर में दीपावली जैसा नजारा था। चारों तरफ पटाखों की गूंज सुनाई दे रही थी। क्रिकेटप्रेमियों का जमघट हजरतगंज, 1090 चौराहे पर जुट गया। रात साढ़े 11 बजे चौक के चारों तरफ भीड़ ही भीड़ थी। तिरंगा झंडा लेकर युवा शहर भर में दिखायी दिये। भारत माता की जय, सबसे आगे होंगे हिन्दूस्तानी जैसे नारों से लखनऊ गूंज उठा। हजरतगंज के अलावा छावनी, 1090 चौराहा, व शहर के अन्य स्थानों पर भी जीत का जश्न मना। घरों में रखे पटाखे लोगों ने निकाल कर जलाए। राजधानी में रात एक बजे तक जश्न के माहौल से सराबोर रहा।

## संक्षेप

### शुभंकर तीसरे दौर में 54वें स्थान पर

जोहानिसबर्ग। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीसरे दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेलने के बाद यहां जोबर्ग ओपन 2026 में कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर तीसरे दौर के बाद संयुक्त 54वें स्थान पर बने हुए हैं और उनका कुल स्कोर तीन अंडर पार का है। स्थानीय गोल्फर हेनी डुप्लेसिस एक ही दिन में 27 होल खेलने के बाद एकल बढ़त बनाए हैं जिन्होंने तीसरे दौर में आठ अंडर 62 का कार्ड खेला जिससे अब उनका कुल स्कोर 14 अंडर पार का है।

### जॉयश्री, अंबेकर व साहिल ने जीत से शुरुआत की

बैंकॉक। भारतीय युवा मुक्केबाजी दल ने रविवार को यहां वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जिसमें जॉयश्री देवी चिरोम, अंबेकर मीतेई लैरेनलकपम और साहिल दुहान ने जीत दर्ज की।

## आल इंग्लैंड ओपन फाइनल में उपविजेता रहे लक्ष्य

एजेंसी

बर्मिंघम। लक्ष्य सेन ने पूरा जुझारूपन दिखाया लेकिन आल इंग्लैंड बैडमिंटन खिताब के लिये भारत का 25 साल का इंतजार खत्म नहीं कर सके और पुरूष एकल फाइनल में रविवार को चीनी ताइपै के लिन चुन यी से हार गए। चार साल पहले उपविजेता रहे लक्ष्य दूसरी बार आल इंग्लैंड फाइनल खेल रहे थे। अल्मोड़ा के 24 वर्ष के इस खिलाड़ी को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 15 . 21, 20 . 22 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने बाद में कहा, यह अच्छा मैच था। पहले गेम में वह बेहतर खेल रहा था लेकिन मैं दूसरे में बेहतर वापसी कर सकता था। इस पूरे सप्ताह हालांकि अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं। उन्होंने कहा, मैच के बारे में सोचकर भावुक हो रहा हूं।

लेकिन बहुत कुछ सकारात्मक रहा। लिन आल इंग्लैंड पुरूष एकल खिताब जीतने वाले चीनी ताइपै के पहले खिलाड़ी बन गए। भारत के लिये प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही आल इंग्लैंड पुरूष एकल खिताब जीत सके हैं। प्रकाश नाथ (1947) और साइना नेहवाल (2015) भी करीब पहुंचे थे लेकिन उपविजेता रहे। लक्ष्य ने फाइनल की राह में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी शि यू की और छठे नंबर के खिलाड़ी लि शि फेंग को हराया था।




कनाडा के विक्टर लेइ के खिलाफ 97 मिनट तक चले सेमीफाइनल में उन्हें ऐंठन और पैर के छालों से भी जूझना पड़ा। रविवार को कोर्ट पर उतरने से पहले तक वह टूर्नामेंट के दौरान पांच घंटे और 16 मिनट कोर्ट पर बिता चुके थे जो लिन से डेढ घंटा अधिक था। इस थकान का असर उनके प्रदर्शन पर पड़ा। लक्ष्य ने कहा, मैं शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं था। लेकिन कोर्ट पर कुछ भी नहीं सोच रहा था और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था। कल ऐंठन हो गई थी और मैं सौ फीसदी उबर नहीं सका था। सभी खिलाड़ी आखिर तक थक गए थे। यह बेहतर हो सकता था। दोनों जांघ पर पट्टी बांधकर खेल रहे लक्ष्य ने धीमी शुरूआत की और 0 . 3 से पिछड़ गए। लिन ने काफी आक्रामक शुरूआत करके दमदार स्मैश लगाते हुए 6 . 2 से बढत बना ली।

लक्ष्य ने स्कोर 7 . 8 किया लेकिन लिन ने लगातार बढत बनाये रखी। सीधे और क्रॉसकोर्ट स्मैश लगाने में माहिर लिन ने 18 . 13 की बढत कर ली। लक्ष्य ने लंबी रेलियों के साथ वापसी की कोशिश की लेकिन लिन ने पहला गेम 24 मिनट में गंवा दिया। दूसरे गेम में भी यही कहानी रही। लिन की गलतियों का फायदा उठाकर लक्ष्य ने 7 . 4 से बढत बनाई जो 9 . 4 की हो गई। लक्ष्य ने ब्रेक के समय तक वापसी की कोशिश की और जल्दी ही स्कोर 14 . 14 हो गया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच 46 शॉट की रैली देखने को मिली।

## महिलाओं को मजबूत बनाना समाज को मजबूत बनाना : मंत्री मांडविया

कोलकाता। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं की फिटनेस और साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए यहां फिट इंडिया पिंक साइक्लोथन में हिस्सा लिया। देश भर में संडे ऑन साइकिल पहल में नागरिकों का उत्साह से हिस्सा लेना जारी है जिससे फिटनेस, व्यावहारिकता और सामुदायिक जुड़ाव का संदेश और मजबूत हुआ। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खेल मंत्री ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने और स्वच्छ पर्यावरण में योगदान देने के लिए साइकिलिंग को एक आसान लेकिन असरदार तरीके के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल नागरिकों में फिटनेस और सामूहिक जिम्मेदारी की संस्कृति बनाने में मदद करती है। मांडविया ने अपने कहा जब महिलाएं मजबूत होती हैं तो परिवार और समाज तरक्की करते हैं और सीधे राष्ट्र-निर्माण में योगदान देते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट में भारत को 10 विकेट से रौंदा

एजेंसी

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ।



ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंगा ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए 28 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत दिला दी। इससे पूर्व भारत ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सदरलैंड के 129 रन की मदद से 323 रन बनाकर मेजबान टीम को पहली पारी में अहम बढ़त दिलाई थी।

मैच के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, हमने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर अच्छी शुरुआत की लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट मैच में अच्छा काम जारी नहीं रख सके लेकिन ऑस्ट्रेलिया में पूर्ण श्रृंखला खेलना एक अच्छा अनुभव था। गुलाबी गेंद का टेस्ट एक अलग चुनौती थी।

# टी-20 वर्ल्डकप : देश में होली के साथ मनी दिवाली

















फोटो : समीर भटनागर

## इंटरटेनमेंट...

# शाहिद ने शुरू की 'फर्जी 2' की शूटिंग




**मुंबई।** शाहिद कपूर की वेब सीरीज 'फर्जी' के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू हो गई है। एक्टर ने शनिवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर पहले दिन की शूटिंग की तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने अपने किरदार के लुक को भी दिखाया। बता दें कि फरवरी में शाहिद कपूर ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की थी कि 'फर्जी' का दूसरा सीजन बन

**एक्टर ने पहले दिन के शूट की फोटो शेयर कर अपना लुक दिखाया**

रहा है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सीरीज के क्रिएटर्स राज निदिमोरू और कृष्णा डी.के. के साथ एक तस्वीर शेयर की थी और लिखा था, 'नकली काम करने वाले फिर से लौट आए हैं। राज और डी.के. ने भी अपने इंस्टाग्राम पर नोटों की गड्डियों की तस्वीर शेयर की थी। इसके साथ कैप्शन लिखा, 'राउंड 2 चल रहा है, जिससे सीरीज की वापसी का संकेत मिला था। इससे पहले शाहिद कपूर ने बताया था कि 'फर्जी' सीजन 2 को आने में समय लगेगा। उनका कहना था कि शो की शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन में काफी समय लगता है और इसे कई भाषाओं में डब कर 200 देशों में रिलीज किया जाता है। वेब सीरीज 'फर्जी' में शाहिद कपूर के साथ विजय सेतुपति, राशि खन्ना, के के मेनन, भुवन अरोड़ा, रेजिना कैसेंड्रा और अमोल पालेकर अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

# 'धुरंधर 2' का ट्रेलर देख 'आउट ऑफ कंट्रोल' हुईं आलिया भट्ट

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर 2: द रिवेंज' का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। ट्रेलर में दमदार एक्शन, इंटेंस बैकग्राउंड म्यूजिक और रणवीर के खतरनाक अवतार ने दर्शकों के साथ-साथ बॉलीवुड सितारों को भी हैरान कर

**ऋतिक रोशन ने भी रणवीर सिंह की जमकर तारीफ की, फैंस हुए एक्साइटेड**

दिया है। खास बात यह है कि कई बड़े सितारों ने इस ट्रेलर पर तुरंत रिएक्शन दिया है, जिनमें आलिया भट्ट और ऋतिक रोशन भी शामिल हैं। ट्रेलर देखने के बाद आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि यह ट्रेलर 'आउट ऑफ कंट्रोल' है और उन्होंने 'बीस्ट मोड ऑन' जैसे शब्दों से फिल्म की तारीफ की। आलिया की इस प्रतिक्रिया से साफ है कि फिल्म का एक्शन और प्रस्तुति उन्हें बेहद प्रभावित कर गई। ट्रेलर में रणवीर सिंह का अंदाज इतना दमदार दिखाया गया है कि फैंस के साथ-साथ सेलेब्स भी इसे लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं ऋतिक रोशन ने भी ट्रेलर पर कमेंट करते हुए रणवीर सिंह के काम की तारीफ की। उन्होंने ट्रेलर को बहुत ज्यादा अच्छा बताया और कहा कि यह बेहद प्रभावशाली है। खास बात यह है कि पहले फिल्म के पहले भाग की राजनीति से असहमति जताने के बावजूद ऋतिक ने इसके सीक्वल के ट्रेलर को शानदार बताया है।

# शाहरुख खान ने फिल्म सूबेदार की तारीफ

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान ने शनिवार को अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' को लेकर प्रतिक्रिया दी। फिल्म की तारीफ करते हुए उन्होंने अनिल कपूर के अभिनय को प्रभावी बताया। बता दें कि 'सूबेदार' 5 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। शाहरुख खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'सूबेदार पूरी तरह से एंजॉय की। पर हमेशा भरोसा किया जा सकता है कि वे हर रोल में अपना पूरा दम लगा देते हैं। उनका शांत लेकिन प्रभावी अभिनय प्रेरणादायक है और एक्शन भी बहुत शानदार है। आदित्य रावल, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, फैजल मलिक, राधिका मदान, हर किरदार को अलग-अलग स्टाइल में बनाया गया है।

# थ्रिलर फिल्म में एक बड़े सिंडिकेट से भिड़ेंगे सलमान



**मुंबई।** 'सिकंदर' के बाद सलमान की यह एक और बड़ी साझेदारी मानी जा रही है, जो साउथ इंडियन फिल्म मेकिंग स्टाइल से प्रभावित होगी। सलमान खान इन दिनों अपने करियर के अहम दौर से गुजर रहे हैं। एक तरफ उनकी अगली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' चर्चा में है, वहीं दूसरी ओर उन्होंने अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट पर भी मुहर लगा दी है। रिपोर्ट्स के

**साउथ डायरेक्टर वामसी का नया प्रोजेक्ट**

मुताबिक सलमान ने साउथ सिनेमा के चर्चित निर्देशक वामसी पैदिपल्ली के साथ एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म साइन की है। ए. मुरुगादॉस की फिल्म 'सिकंदर' के बाद यह सलमान की यह एक और बड़ी साझेदारी मानी जा रही है, जो साउथ इंडियन फिल्म मेकिंग स्टाइल से प्रभावित होगी। पिछले कुछ वर्षों में पैन-इंडिया फिल्मों का चलन तेजी से बढ़ा है और इसी ट्रेंड के तहत यह नई फिल्म भी तैयार की जा रही है। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में सलमान एक दमदार और इमोशनल किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की थीम सोशल जस्टिस और वन मैन आर्मी के कॉन्सेप्ट पर है। इस प्रोजेक्ट को साउथ के बड़े निमार्ता दिल राजू प्रोड्यूस कर सकते हैं। फिल्म का प्लॉट अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है, लेकिन इंडस्ट्री में चर्चा है कि यह एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर होगी। इसमें सलमान एक ऐसे किरदार में दिखाई दे सकते हैं जो इंटरनेशनल क्राइम सिंडिकेट के खिलाफ अकेले लड़ता है और उसका सफाया करता है। फिल्म की थीम सोशल जस्टिस और वन मैन आर्मी के कॉन्सेप्ट पर बेस्ड बताई जा रही है। खबर यह भी है कि इस प्रोजेक्ट को साउथ के बड़े निमार्ता दिल राजू प्रोड्यूस कर सकते हैं। वामसी के इस नए प्रोजेक्ट में फीमेल लीड को लेकर भी चर्चा तेज है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रश्मिका मंदाना, पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर के नाम पर विचार किया जा रहा है। शूटिंग के लिए यूरोप और दुबई जैसी अंतरराष्ट्रीय लोकेशंस के साथ हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी को मुख्य बेस बनाया जा सकता है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com